3 | राजधानी
पूर्वी दिल्ली में आज बहाल हो जाएगी जलापूर्ति

6 | अभिमत
फिलिस्तीन में युद्ध अपराधों की जांच

10 | स्पोर्ट्स
कोहली और किशन ने बराबर किया हिसाब

11 | विदेश
नेपाल में बम धमाके से आठ लोग घायल

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 128
नई दिल्ली, सोमवार, 15 मार्च, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

अक्षय की *सूर्यवंशी* अप्रैल में दुनियाभर में रिलीज होगी

राष्ट्रीय-9

व्हीलचेयर पर ममता का रोड शो

कहा-जख्मी शेर ज्यादा खतरनाक

● तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो के मुताबिक इसी तरह पूरे राज्य में करेंगी रैली

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

कोलकाता में रविवार को नंदीग्राम दिवस के मौके पर व्हीलचेयर पर मार्च में भाग लेतीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व साथ में पार्टी के वरिष्ठ नेता।

नंदीग्राम में जख्मी होने के चार दिन बाद अपनी जुझारू छवि के अनुरूप ममता बनर्जी रविवार को कोलकाता की सड़कों पर नजर आईं। व्हीलचेयर पर तृणमूल कांग्रेस के मार्च की अगुवाई कर रही बनर्जी ने ऐलान किया कि घायल शेर और खतरनाक हो जाता है। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता चल रहे थे। ममता दोनों हाथ जोड़कर सड़क के किनारे खड़ी भीड़ का अभिवादन कर रहीं थी जबकि उनकी व्हीलचेयर को उनके सुरक्षाकर्मी चला रहे थे। 2007 में भूमि अधिग्रहण के विरोध में आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग जान गंवाने वाले 14 ग्रामीणों की याद नंदीग्राम दिवस के मौके पर ममता ने मेयो रोड से हाजरा मोड़ तक पांच किमी लंबा रोड शो किया। ममता हाईप्रोफाइल नंदीग्राम सीट से पहली बार किस्मत आजमा रही हैं और उनका मुकाबला अपने पूर्व भरोसेमंद सहयोगी और अब भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु अधिकारी से है। जो कुछ समय पहले तृणमूल को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

घंटे भर के रोडशो के बाद सभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोकने के प्रयास विफल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह व्हीलचेयर पर राज्य भर में टीएमसी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में बहुत सारे हमलों का सामना किया है, लेकिन मैंने कभी किसी के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया है। मैं अपना सिर कभी नहीं झुकाऊंगी। एक घायल शेर और अधिक खतरनाक हो जाता है। बनर्जी 10 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रचार करने के दौरान नंदीग्राम में चोटिल हो गई थीं। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया था कि यह उनकी जान लेने का भाजपा का षड्यंत्र था। चुनाव आयोग ने हालांकि इससे इनकार किया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेता पर कोई हमला हुआ था। चुनाव आयोग ने यह बात आयोग के दो विशेष चुनाव पर्यवेक्षकों और (शेष पेज 9)

चुनाव आयोग ने सुरक्षा निदेशक, एसपी को किया निलंबित, डीएम को हटाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ममता के घायल होने का मामला

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर नंदीग्राम में पूर्व नियोजित हमला होने की बात से इनकार करते हुए रविवार को संकेत दिए कि सुरक्षा में चूक के चलते उन्हें चोटें आईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयोग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएस अधिकारी तथा सुरक्षा निदेशक विवेक सहाय को तत्काल पद से हटाने और निलंबित रखने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, एक सुरक्षा निदेशक के तौर पर जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा के प्राथमिक दायित्व पालन करने में बुरी तरह नाकाम रहने के लिए उनके खिलाफ एक सप्ताह के अंदर आरोप तय किए जाएं। आयोग ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव.... पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के साथ विचार-विमर्श कर तत्काल एक योग्य सुरक्षा महानिदेशक को तैनात करें। आयोग ने फैसला किया कि मुख्य सचिव और डीजीपी की एक समिति घटनाओं को रोकने और जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों की हिफाजत में नाकाम रहे सुरक्षा महानिदेशक से नीचे के पद के अन्य सुरक्षा कर्मियों की तीन दिन के अंदर पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करे। बयान में कहा गया है कि आईएएस अधिकारी स्मिता पांडे को तत्काल विभू गोयल की जगह पूर्वी मेदिनीपुर (शेष पेज 9)

हाईवोल्टेज जंग में भाजपा के चार सांसद मैदान में

बंगाल चुनाव

● केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो भी लड़ेंगे चुनाव, तीसरे और चौथे चरण की 75 सीटों के लिए 63 उम्मीदवारों की सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वपन दासगुप्ता

बाबुल सुप्रियो

लॉकेट चटर्जी

निसिथ प्रामाणिक

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में तीसरे और चौथे चरण के तहत 75 सीटों पर होने वाले मतदान के मद्देनजर रविवार को 63 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो सहित चार सांसदों को मैदान में उतारा है। उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि बाबुल सुप्रियो टॉलीगंज से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे जबकि बंगाली अभिनेत्री व हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को पार्टी ने उनके ही संसदीय क्षेत्र की चुंचुड़ा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल के ही कूचबिहार से पार्टी के सांसद निसिथ प्रामाणिक को दिनहाटा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। दिनहाटा विधानसभा क्षेत्र उनके संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। राज्यसभा सदस्य स्वपन दासगुप्ता को भी पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है। वह तारकेश्वर से चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। जाने माने अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी को (शेष पेज 9)

भाजपा ने श्रीधरन को पलक्कड़ से उतारा

केरल चुनाव

● प्रदेश अध्यक्ष के सुरेन्द्रन को मंजेश्वर और कोन्नी विधानसभा क्षेत्रों से बनाया गया पार्टी उम्मीदवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने आगामी केरल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने मेट्रो मैन के नाम से मशहूर ई श्रीधरन को पलक्कड़ से उम्मीदवार बनाया है जबकि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के सुरेन्द्रन को दो सीटों से मैदान में उतारा है। पार्टी ने एक पूर्व राज्यपाल और एक पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित दो वर्तमान सांसदों पर भी भरोसा जताया है। मेघालय के पूर्व राज्यपाल के राजशेखरन को पार्टी ने तिरुवनंतपुरम की नेमोम विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में इसी एकमात्र सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री ओ राजगोपाल ने यहां माकपा (शेष पेज 9)

आज से दो दिन की बैंक हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रस्तावित निजीकरण के विरोध में कर्मचारी संगठनों के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते सोमवार और मंगलवार को देश भर में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल के कारण जमा और निकासी, चेक क्लीयरेंस और ऋण स्वीकृति जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नौ यूनियनों के सम्मिलित संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंकिंग यूनियन ने एक बयान में दावा किया है कि बैंकों के लगभग 10 लाख कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में भाग लेंगे। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित कई सरकारी बैंकों ने अपने ग्राहकों को सूचित किया है कि यदि हड़ताल होती है, तो उनका सामान्य कामकाज शाखाओं और कार्यालयों में प्रभावित हो सकता है। बैंकों ने यह भी बताया कि वे बैंक शाखाओं और कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

पिछले महीने पेश किए गए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार के विनिवेश कार्यक्रम के तहत अगले वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने कहा कि 4, 9 और 10 मार्च को अतिरिक्त मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई बैठकें बेनतीजा रही अत: हड़ताल होगी। यूएफबीयू के सदस्यों में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ बैंक इम्प्लॉइज (एनसीबीई), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और बैंक इम्प्लॉइज कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईसीआई) आदि शामिल हैं। इंडियन नेशल बैंक एम्पलाईज फेडरेशन (आईएनबीईएफ), इंडियन नेशनल बैंक आफीसर्स कांग्रेस (आईएनबीओसी), नेशनल आर्गनाइजेशन आफ बैंक वर्कर्स (एनओबीडब्ल्यू) और नेशन आर्गनाइजेशन आफ बैंक आफीसर्स (एनओबीओ) भी हड़ताल की अपनी में शामिल हैं।

दिसंबर तक चल सकता है किसान आंदोलनः टिकैत

प्रयागराज में किसानों के बीच भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में चल रहे किसान आंदोलन के इस साल दिसंबर तक चलने की संभावना है। यह बात भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां कही। पश्चिम बंगाल का दौरा करने के बाद रविवार को प्रयागराज पहुंचे टिकैत ने झलवा में संवाददाताओं से कहा, नवंबर-दिसंबर तक इस आंदोलन के चलने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व अपने बंगाल दौरे के बारे में टिकैत ने बताया, दिल्ली से सरकार के लोग पश्चिम बंगाल में किसानों से एक मुट्ठी अनाज मांग रहे हैं।

हमने किसानों से कहा कि जब वे चावल दें तो अनाज मांगने वालों से कहें कि वे इस पर एमएसपी भी तय करवा दें और 1850 रुपए का भाव दिला दें। उन्होंने कहा, कल हम बंगाल में थे.. पूरे देश में जा रहे हैं। हम किसानों से एमएसपी का कानून बनवाने की (शेष पेज 9)

सचिन वाजे 25 तक एनआईए की हिरासत में

● 12 घंटे तक पूछताछ के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एपीआई को अदालत में पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

मुंबई की एक अदालत ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक से भरी कार पाए जाने की जांच के सिलसिले में पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को रविवार को 25 मार्च तक के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने कहा कि वाजे को स्थानीय अस्पताल में चिकित्सकीय जांच कराने के बाद दक्षिण मुंबई में स्थित एक अदालत लाया गया।

अधिकारी ने बताया कि वाजे को भारतीय दंड संहिता की धारा 286, 465, 473, 506 (2), 120बी और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि वाजे को अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें मामले की आगे की जांच के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने 25 फरवरी को कार्माइकल रोड के निकट अरबपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक से भरी कार खड़ी करने में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार रात वाजे को गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने वाजे की 14 दिन की हिरासत मांगते हुए अदालत को बताया कि उन्हें इस मामले में पुलिस अधिकारी की भूमिका के बारे में कुछ जानकारी मिली है और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी भूमिका की बात स्वीकार की है।

जांच एजेंसी ने कहा कि इसके बाद वाजे को गिरफ्तार कर लिया गया। एनआईए (शेष पेज 9)

सीबीआई करेगी पंजाब सेना भर्ती घोटाले की जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मामले में कुछ सैन्य अधिकारियों व नागरिक संस्थाओं के शामिल होने का संदेह

भारतीय सेना ने पंजाब में भर्ती घोटाला सामने के बाद उसकी जांच सीबीआई को सौंप दी है। सेना ने संदेह जताया है कि राज्य में हुए इस भर्ती घोटाले की प्रक्रिया में कुछ सैन्य व नागरिकों की संलिप्तता हो सकती है।

सूत्रों के अनुसार पंजाब के कपूरथला भर्ती केंद्र में कुछ अधिकारियों द्वारा अनियमितता का पता चला है। एसएसबी द्वारा इस केंद्र पर सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के लिए अभ्यर्थियों के परीक्षा का आयोजन किया गया था। सूत्रों के अनुसार सेना की खुफिया एजेंसी की जांच के बाद यह मामला सामने आया है।

अधिकारियों के मुताबिक जांच में कई नागरिक समेत कई संस्थाओं के संलिप्त होने की आशंका के बाद सेना ने यह मामला सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा कि सेना में योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती सुनिश्चित करने और सेना की भ्रष्टाचार में जीरो टालरेंस की नीति के चलते जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंपा गया है। सूत्र (शेष पेज 9)

कोरोना मामले 25 हजार के पार, तीन माह में सबसे ज्यादा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के रविवार को 25,320 नए मामले सामने आए, जो पिछले 84 दिन में संक्रमितों की सर्वाधिक संख्या है। इसके साथ ही देश में अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 1,13,59,048 हो गई है। इससे पहले 20 दिसंबर को संक्रमण के 26,624 नए मामले सामने आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के कारण रविवार को 161 लोगों की मौत हो गई, जो पिछले 44 दिन में सर्वाधिक मृतक संख्या है। देश में संक्रमण के कारण अब तक कुल 1,58,607 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि देश में 2,10,544 लोग उपचाराधीन हैं, जो कुल संक्रमितों का 1.85 प्रतिशत है। देश में लोगों के स्वस्थ होने की दर शनिवार को 96.82 प्रतिशत थी, जो रविवार को गिरकर 96.75 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों के अनुसार, देश में 1,09,89,897 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं, जबकि मृत्युदर 1.40 प्रतिशत बनी हुई है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार चले गए थे।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में 13 मार्च तक 22,67,03,641 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 8,64,368 नमूनों की जांच शनिवार को की गई। रविवार को जिन 161 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र के 88, पंजाब के 22 और केरल के 12 लोग शामिल हैं। देश में संक्रमण से अब तक 1,58,607 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 52,811, तमिलनाडु में 12,543, कर्नाटक में 12,387, दिल्ली में 10,939, पश्चिम बंगाल में 10,288, उत्तर प्रदेश में 8,745 और (शेष पेज 9)

बिहार में रालोसपा का जदयू में हुआ विलय

● उपेंद्र कुशवाहा को जदयू राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। पटना

रालोसपा के जदयू में विलय के बाद नीतीश कुमार और उपेंद्र कुशवाहा

बिहार में रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राजनीतिक पार्टी रालोसपा का जदयू में विलय हो गया है। विलय के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा जदयू राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की है। पटना स्थित जदयू के प्रदेश मुख्यालय में रविवार को आयोजित एक समारोह के दौरान रालोसपा का जदयू में विलय पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से जदयू के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने कुशवाहा को गुलदस्ता भेंट करके उनका जदयू में स्वागत किया। ऐसी चर्चाएं रही हैं कि पूर्व में नीतीश कुमार के दल समता पार्टी और बाद में जदयू में रहे उपेंद्र कुशवाहा को 2004 में पहली बार विधायक बनकर आने के बावजूद कुमार ने कई वरिष्ठ विधायकों की अनदेखी करके कुर्मी और कुशवाहा जातियों के साथ एक शक्तिशाली राजनीतिक साझेदारी को ध्यान में रखते हुए बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाया था।

2013 में जदयू के राज्यसभा सदस्य रहे कुशवाहा ने विद्रोही तेवर अपनाते हुए जदयू ने नाता तोड़कर रालोसपा नामक (शेष पेज 9)

आंध्र प्रदेश निकाय चुनाव में जगन की आंधी

● सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस ने 75 नगरपालिकाओं और 11 नगर परिषद में धमाकेदार जीत दर्ज की

पीएनएस/एजेंसी। अमरावती

निकाय चुनावों को मतों की गिनती करते कर्मचारी

आंध्र प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस ने रविवार को मुख्य विपक्षी तेदेपा को 75 नगरपालिकाओं तथा 11 नगर परिषदों में करारी शिकस्त देते हुए धमाकेदार जीत दर्ज की है। प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की इस शानदार जीत को 'जगन वॉश' कहा जा रहा है। तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) सिर्फ पांच नगर निकायों में दोहरे अंक में सीटें हासिल कर सकती है, जबकि विपक्षी भाजपा और जेएसपी को मामूली फायदा हुआ है। कांग्रेस इस तस्वीर में कहीं भी नजर नहीं आ रही है। तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने एक ट्वीट में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव नतीजों से हताश होने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया, हमने पिछले 22 महीनों की धमकियों, सत्ता के दुरूपयोग और प्रलोभन के बावजूद अच्छा मुकाबला किया। सत्ताधारी दल ने दावा किया कि सरकार के तीन राजधानियों के फैसले का जनता ने समर्थन किया है। टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने परिणाम आने के बाद ट्वीट कर कहा है कि इन परिणामों से निराश होने जौसा कुछ भी नहीं है। टीडीपी के लिए दुख की बात यह है कि वह विजयवाड़ा, गुंटूर में एक भी स्थान बनाने में असफल रहा। जहां सरकार का लोग विरोध कर रहे थे। इसकी तुलना में विशाखापत्तनम में टीडीपी का प्रदर्शन रहा। लेकिन यहां के निगम में वाईएसआर कांग्रेस का कब्जा होगा। वहीं अनंतपुरम जिले की केवल एक नगरपालिका तड़ीपात्री में टीडीपी सहयोगी पार्टी सीपीआई के सहयोग से यहां उसका शासन हो सकता है।

बाजार

सेंसेक्स	50,792	
निफ्टी	15,030	
सोना	44,059	/10g
चांदी	65,958	/kg

क्विक न्यूज

भारतीय सेना की जानकारी आईएसआई को देने के आरोप में जवान गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने सेना की गोपनीय जानकारी कथित रूप से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को देने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटेलिजेंस) उमेश मिश्रा ने बताया कि सेना के सिक्किम में तैनात आरोपी जवान आकाश महरिया (22) सीकर का रहने वाला है और वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस (पीआईओ) के सम्पर्क में था और उसने भारतीय सेना की गोपनीय जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को दी है। उन्होंने बताया कि संयुक्त एजेंसियो द्वारा पूछताछ के बाद आरोपी जवान को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया है।

प्राधिकरण का कैंप हिट, हुईं 702 संपत्तियों की रजिस्ट्री

आम्रपाली के खरीदारों को भी मिला तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● होली तक रोजाना खुलेगा विभाग का ऑफिस

फाइल फोटो

फ्लैट की रजिस्ट्री में तेजी लाने के लिए निबंधन विभाग ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को दो अलग-अलग जगह शिविर लगाकर 98 फ्लैटों की रजिस्ट्री कराई गई। इसके अलावा पूरे जिले में 702 संपत्तियों की रजिस्ट्री कराई गई। अधिकारियों का कहना है कि होली तक रोजाना विभाग का कार्यालय खोला जाएगा और अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्री कराई जाएगी।

शुक्रवार को सेक्टर-33 के निबंधन विभाग में सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली प्रिन्सले एस्टेट परियोजना की फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया गया। इसमें 53 फ्लैट की रजिस्ट्री कराई गई। इसके अलावा गौर सिटी में शिविर लगाकर 45 फ्लैटों की रजिस्ट्री कराई गई। सेक्टर-33 स्थित निबंधन विभाग में नोएडा क्षेत्र के फ्लैटों की रजिस्ट्री होती है। अब 31 मार्च तक राजस्व का लक्ष्य पूरा करने व लोगों की सहूलियत के लिए निबंधन विभाग ने छुट्टी के दिन भी दफ्तर खोलने का निर्णय लिया है।

सफाई व्यवस्था का सीईओ रितु माहेश्वरी ने लिया जायजा

एलएमसी की जमीन पर खोली जाएगी अस्थाई डेयरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शुक्रवार को शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नालों में फ्लोटिंग मैटेरियल कलवर्ट रोकने के लिए लगाए गए बंबू नेट को ठीक तरह से लगाने के निर्देश दिए। अभी इनकी चौड़ाई कम होने से नालों में गंदगी जा रही थी। उन्होंने प्रशासन की एलएमसी जमीन पर अस्थाई डेयरी खोलने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सड़कों पर गौवंश छोड़ रहे मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

सीईओ ने कहा कि नालों में कम से कम बदबू रहे, इसके लिए तकनीक प्राप्त कर 31 मार्च तक रिपोर्ट दी जाए। हरौला गांव में मुख्य मार्ग पर अधिक संख्या में गौवंश मिलने पर उन्होंने तुरंत सभी को सेक्टर-135 गौशाला एवं निर्माणाधीन शनि मंदिर गौशाला में छोड़े जाने को कहा। सीईओ ने कहा कि फोनरवा व आरडब्ल्यूए के साथ संपर्क कर सेक्टरों में उपयुक्त जमीन की तलाश कर कम से कम तत्काल 4 जगह डॉग शेल्टर शुरू कराए जाएं। यूरिनल्स ब्लॉक्स एवं सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के सीईओ ने निर्देश दिए। बड़े साइज के पायदान व हाथ धोने के लिए साबुन के स्थान पर लिक्विड शॉप रखने को कहा।

साथ ही नई सुपर सकर मशीन से काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए जरूरी सामान पहनकर काम कराने को कहा। सुपर सकर व मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का अधिक से अधिक प्रयोग कर नालों व कलवर्ट की सफाई कराई की जाए। सेक्टर.34 में उद्यानिक कूड़ा पड़ा होने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

कब्जे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

सोसाइटी वासियों ने बिल्डर के मार्केटिंग ऑफिस पर जड़ा ताला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रजिस्ट्री नहीं होने से नाराज ग्रेनो वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-2 के निवासी प्रदर्शन करते हुए। फोटो : दीपक यादव

रविवार सुबह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित सुपरटेक इको विलेज-2 के निवासियों ने मार्केटिंग ऑफिस को बंद करके अपना गुस्सा जाहिर किया है। निवासियों का कहना है कि वह पिछले काफी सालों से सोसाइटी में रह रहे हैं लेकिन, बिल्डर उनके फ्लैट्स की रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। पिछले 2 सालों से बिल्डर लगातार उनसे झूठे वादे और आश्वासन दे रहा है। इसको लेकर रविवार सुबह सोसायटी के निवासियों ने मेंटेनेंस ऑफिस को बंद करके अपना विरोध जाहिर किया।

सोसाइटी के निवासी राजकुमार ने बताया कि बिल्डर लगातार 2 सालों से उनको झूठा आश्वासन देता आ रहा है। बिल्डर निवासियों से कहता है कि प्राधिकरण से रुकावट के कारण फ्लैट्स की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। लेकिन जब इस मामले में ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से जाकर बात की तो, कुछ और ही सच्चाई सामने आई है। राजकुमार ने बताया कि उनको प्राधिकरण की तरफ से जानकारी मिली कि इकोविलेज 2 के बिल्डर ने अभी तक अपना बकाया पैसे जमा नहीं किया है। जिसकी वजह से फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस कारण ही सोसायटी के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह सोसाइटी के निवासियों ने थाली और चम्मच बजाते हुए बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया है। सोसायटी के निवासियों ने चुपचाप थाली को बजाते हुए मेंटेनेंस ऑफिस में घुसे और प्रदर्शन किया। उसके बाद मार्केटिंग ऑफिस के बाहर निकलकर मेनगेट का ताला लगा दिया।

वैशाली में धूमधाम से मनाया गया उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाल में फूल लिए खड़े बच्चे।

हिंडन पार क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 5 इलाके में उत्तराखंड समाज के बच्चों ने उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदे धूमधाम से मनाया। इस समारोह का आयोजन उत्तराखंड धरोहर समिति वैशाली ने किया था।

सुबह-सुबह बच्चों ने नए वस्त्र पहनकर थाली में फूलों को रखकर अपने समाज के लोगों की दहलीज पर जाकर फूल चढ़ाएं और उनकी खुशहाली की मंगल कामना की। बदले में लोगों ने बच्चों को पैसे और उपहार भेंट किए। उत्तराखंड धरोहर समिति के महासचिव मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि वैशाली में उत्तराखंड समाज के बड़ी संख्या में लोग रहते हैं और उत्तराखंड से जुड़े प्रत्येक पर्व को परंपरागत ढंग से मनाते हैं।

ड्राई फ्रूट्स धोखाधड़ी मामले में दो और गिरफ्तार

फर्जी ट्रेडिंग कंपनी खोलकर व्यापारियों से की थी करोड़ों की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गिरफ्तार ठगों के बारे में मीडिया को जानकारी देते डीसीपी (जोन प्रथम) राजेश एस.। फोटो : दीपक यादव

थाना सेक्टर- 58 पुलिस ने ड्राई फ्रुट्स खरीदने के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे दो लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस. ने बताया कि थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 में दुबई ड्राई फ्रूट के नाम से एक फर्जी ट्रेडिंग कंपनी खोलकर ठगों ने देश के विभिन्न प्रांतों के आढ़तियों से करोड़ों का माल मंगवाया तथा उनसे 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने 12 जनवरी को कंपनी के प्रमोटर मोहित गोयल तथा एमडी ओमप्रकाश जांगिड़ को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस ने इस मामले में अमरजीत, सुमिता नेगी तथा सत्यम यादव को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रविवार को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने इसी मामले में पंकज तथा हैरी उर्फ आकाश नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से दुबई ड्राई फ्रूट्स कंपनी का लैपटॉप व कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया गया है।

डीसीपी ने बताया कि इस ठगी में शामिल आधा दर्जन लोग अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित गोयल ने पहले 251 रुपए में स्मार्टफोन देने का झांसा देकर देश के लाखों लोगों से ठगी की थी।

लूटपाट करने वाले गैंग के 3 शातिर हथियार समेत पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने शुक्रवार रात मोबाइल स्नैचर व वाहन चोरी करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके खिलाफ तमाम शिकायतें मिल रही थीं। आखिरकार शुक्रवार रात पुलिस ने इन्हें दबोचने में कामयाबी हासिल की। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी के 14 मोबाइल, एक बाइक, दो चाकू, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह की अगुवाई में नोएडा पुलिस झपटमारों और अराजक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और त्योहारी सीजन की वजह से भी सघन चेकिंग की जा रही है।

शुक्रवार देर रात थाना नॉलेज पार्क पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तुगलपुर पेट्रोल पम्प के सामने मेट्रो लाइन के नीचे सर्विस रोड से इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये तीनों अपराधी बड़े ही शातिर किस्म के चोर व लूटेरे हैं। सुनसान इलाके में लोगो को अकेला देख उनसे मोबाइल लूट लेते हैं।

नोएडा में कोरोना संक्रमण के तीन नए केस मिले

नोएडा। गौतमबुद्धनगर में रविवार को कोविड-19 संक्रमण के तीन नए मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या 25,667 हो गई है।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित तीन मरीज पाए गए। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोविड-19 से संक्रमित तीन मरीज ठीक भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई। उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 84 संक्रमितों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 25,492 मरीज ठीक हो चुके हैं जिन्हें विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है।

संक्षिप्त समाचार

हिंडन नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ की टीम।

एनडीआरएफ के गोताखोरों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

गाजियाबाद। थाना साहिबाबाद क्षेत्र स्थित गांव करहेड़ा के जंगलों से गुजर रही हिंडन नदी में 4 बच्चे डूब गए थे इनमें से दो बच्चों को बचा लिया गया था लेकिन, अभी तक अन्य दो बच्चों का पता नहीं लग सका है। एनडीआरएफ की टीम लगातार इन्हें खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर नरेश चौहान ने बताया कि अभी तक टीम को कोई सफलता नहीं मिल पाई है क्योंकि पानी का बहाव शनिवार की अपेक्षा आज ज्यादा है सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की दो नाव लगातार खोजने की कार्रवाई में जुटी है और डीप डाइवर्स का भी सर्च में प्रयोग किया जा रहा है।

स्वर्गीय परमजीत बहुद्देशीय हॉल का उद्घाटन करते एसएसपी।

स्वर्गीय परमजीत बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन

गाजियाबाद। आगामी पंचायत व आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए जीटी रोड स्थित पुलिस लाइन में स्वर्गीय परमजीत बहुउद्देश्य हॉल का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने रिबन काटकर किया। इस हॉल में सीसीटीएनएस, चुनाव कार्यालय व पुलिस बल को ब्रीफ करने के अलावा एक ही स्थान पर कई कार्यालयों एवं सूचनाओं का आसानी से आदान प्रदान करने में प्रयोग किया जाएगा। पुलिस कप्तान ने बताया कि इस हॉल में पुलिस और अन्य गतिविधियों से जुड़ी बहुउद्देशीय सूचनाओं को एक ही छत के नीचे आसानी से आदान-प्रदान किया जा सकेगा। इस हॉल को सभी सुविधाओं से युक्त किया गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक लाइंस ,क्षेत्राधिकारी लाइंस ,प्रतिसार निरीक्षक एवं बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी और पुलिस के जवान मौजूद थे।

सीबीडीटी चेयरमैन ने पत्नी संग लगवाया टीका

गाजियाबाद। रविवार को यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में सीबीडीटी के चेयरमैन पी.सी. मोदी एवं उनकी पत्नी पूनम मोदी ने कोरोना वायरस का टीका लगवाया। मोदी को सिस्टर मैरी ने टीका लगाया एवं उनकी पत्नी को सिस्टर जूली ने टीका लगाया। टीका लगवाकर पी.सी. मोदी एवं उनकी पत्नी ने कहा उन्हें टीका लगाकर विशेष प्रसन्नता हो रही है क्योंकि वह और उनकी पत्नी दोनों कोरोना से संक्रमित हुए थे और यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में ही भर्ती थे। मोदी ने अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों तथा स्टाफ का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और लोगों को संदेश दिया कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है और अब अन्य लोग भी टीका लगवाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करें।

शहीद मेजर आशाराम त्यागी पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नंदग्राम में आयोजित होली मिलन समारोह में बोलतीं मेयर आशा शर्मा।

● नगर निगम ने 31 लाख का रखा बजट

नंदग्राम आदर्श नगर में शहीद मेजर आशाराम त्यागी के नाम से नगर निगम एक बड़े पार्क का विकास करने जा रहा है। इस पार्क के सौंदर्यीकरण और साज-सज्जा पर लगभग 31 लाख का बजट रखा गया है। इस पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन, बैठने की बेंच, औषधीय पौधे व हरी घास से सुसज्जित किया जाएगा। रात्रि में भी रंग-बिरंगी लाइट से पूरा पार्क सरोवर रहेगा।

इसके अलावा बाउंड्री वॉल, गेट, रेलिंग एवं अन्य कार्य कराए जाएंगे। यह घोषणा रविवार को मेयर आशा शर्मा ने यहां आयोजित होली मिलन समारोह के मौके पर की।

उन्होंने बताया कि मेजर आशाराम त्यागी ने भारत पाक बॉर्डर पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे इसलिए इस पार्क को और भी भव्य बनाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है ताकि हमारी युवा पीढ़ी मेजर आशाराम त्यागी के बलिदान और देशभक्ति से प्रेरणा ले सके। इसके अलावा इस इलाके में एक बड़े नाले के निर्माण की घोषणा की गई।

इस नाले के निर्माण से इस इलाके से जुड़े पांच वार्डों को फायदा होगा और जलभराव से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर राजकुमार त्यागी, गजेंद्र त्यागी, कुलदीप त्यागी, पूनम त्यागी, अशोक त्यागी, अनुराग त्यागी, सच्ची त्यागी ,अमित त्यागी ,उमेश त्यागी, संजय त्यागी एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

शराब तस्करी के आरोप में पूर्व प्रधान सहित दो लोग धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● 15 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद

थाना जारचा पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में पूर्व प्रधान सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को एक सूचना के आधार पर थाना जारचा पुलिस ने ग्राम ततारपुर के पूर्व प्रधान तथा आगामी चुनाव में प्रधान पद के प्रत्याशी राजीव व उसके साथी भीम सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके घर से पुलिस ने 15 पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब बरामद की है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग ग्राम प्रधानी के चुनाव में मतदाताओं में शराब बांटने के लिए लाए थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजीव ततारपुर गांव का पूर्व प्रधान है तथा आगामी चुनाव में प्रधान पद का संभावित प्रत्याशी है।

अधिक मूल्य पर बीयर बेचने पर जिलाधिकारी सख्त, भेजा नोटिस

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले में ओवर रेट बीयर बेचने के मामले पर जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने 12 दुकानों और चार एक्साइज इंस्पेक्टर को नोटिस भेजे हैं। बीयर की दुकानों के ठेकेदार और एक्साइज इंस्पेक्टर 3 दिन में जवाब देंगे। इसके बाद इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिले की दुकानों पर ओवररेट बीयर की बिक्री से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस पर गौतमबुद्ध नगर के डीएम ने संज्ञान लिया है और यह कार्रवाई की है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि 11 मार्च को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बीयर की दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायत है। इस पर डीएम सुहास एलवाई ने संज्ञान लिया है। डीएम के आदेश पर 12 बीयर की दुकानों के अनुज्ञापियों को नोटिस दिया गया है और इनसे ऐसा करने की वजह पूछी है।

दिल्ली, गाजियाबाद,मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 533 पिलर बनकर तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● चार स्टेशनों पर फाउंडेशन का काम हुआ पूरा

रैपिड रेल परियोजना लगातार अपनी मंजिल की ओर बढ़ रही है। इस परियोजना के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के 15 किलोमीटर से अधिक भाग में कुल 533 पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। इसकी कुल लंबाई करीब 82 किलोमीटर है। साथ ही आरआरटीएस वायडक्ट (जिस पर ट्रेन चलती है) का लगभग 3.5 किमी हिस्सा भी निर्मित हो चुका है।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि वर्तमान में 10 लॉन्चिंग गैंट्रीज (तारिणी) आरआरटीएस वायडक्ट के बाकी हिस्सों के निर्माण के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं जो कि किसी भी शहरी परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के निर्माण के लिए एक प्रमुख उपलब्धि है। उन्होंने आगे बताया कि साहिबाबाद और दुहाई के बीच 17 किमी प्राथमिकता खंड पर चार स्टेशनों : साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई का फाउंडेशन कार्य पूरा हो चुका है। इन स्टेशनों के लिए सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण कार्य जारी है।

निगम द्वारा कौशांबी में खड़ी की गई कंपोस्ट मोबाइल वैन।

गीले कूड़े को मिनटों में निस्तारित कर देगी कंपोस्ट मोबाइल वैन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● कौशांबी में निगम ने शुरू किया पायलट प्रोजेक्ट

शहर की विभिन्न सोसायटियों व अपार्टमेंट से निकलने वाले गीले कूड़े से कंपोस्ट खाद बनाने के लिए निगम ने रविवार से मोबाइल कंपोस्ट वैन शुरू कर दी है जो मौके पर ही इस गीले कूड़े को एक प्रक्रिया के तहत चंद ही मिनटों में निस्तारित कर देगी। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस मोबाइल कंपोस्ट वैन को वसुंधरा जोन के कौशांबी इलाके में शुरू किया गया है। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो हिंडन पार क्षेत्र की अन्य सोसायटियों में भी चालू कर दिया जाएगा।

बहुमंजिले सोसायटियों में कूड़े को अलग कर उसके निस्तारण की बहुत बड़ी समस्या होती है इसका हल निकाल लिया गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शहर को कचरा मुक्त करने के लिए होम कंपोस्टिंग अभियान, कूड़ा पृथक्करण अभियान शहर में पहले से ही चलाया जा रहा है। अब इस अभियान को और मजबूत बनाने के लिए शहर की इस सोसाइटी में बल्क वेस्ट जेनरेटर के सहयोग के लिए मोबाइल कंपोस्ट वैन को चालू किया गया है।

इस प्रयोग के तहत मौके पर ही बल्क वेस्ट जनरेटर से गीला कचरा लेकर वहीं पर उसे यह वैन निस्तारित कर देगी। गीले कचरे को निस्तारित करने की इस प्रक्रिया का प्रदर्शन कौशांबी के नागरिकों और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के समक्ष करके दिखाया गया।

प्रदर्शनकारी किसान 18 मार्च को करेंगे प्राधिकरण का घेराव

101 सदस्यों की टीम मिशन को सफल बनाने में जुटी, गांवों में चला रहे जनजागरण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फाइल फोटो

नए भूमि अधिग्रहण के तहत मुआवजे और सुविधाओं की मांग कर रहे किसान 18 मार्च को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। अपनी मांगों को लेकर किसान आरपार की लड़ाई के मूड में है। इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसानों ने 101 सदस्यों की टीम बनाई है। इस टीम को सारी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्राधिकरण कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति का जिम्मा इस टीम को दिया गया है। इस दल के सदस्य आसपास के गांवों में जाकर लोगों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। किसान नेता सुनील फौजी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को होने वाले प्रदर्शन को लेकर हमारी टीम हर गांव पहुंच रही है। हम जन जागरण अभियान चला रहे हैं। 101 सदस्यों की टीम जिले के सभी गावों में जाएगी और समर्थन जुटाएगी। किसान पहले भी एकजुट थे। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जातीं, आंदोलन जारी रहेगा।

बताते चलें कि प्रदर्शनकारी किसानों ने 18 मार्च को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय का घेराव करने और डीएमआईसी के काम में बाधा डालने का ऐलान किया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग पूरी होने तक डीएमआईसी का काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा। शनिवार को भी किसानों ने कई गांवों में जन जागरण अभियान चलाया। इसमें लोगों से भारी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी मांगे पूरी कराने के लिए कहा गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पूर्वी दिल्ली में आज बहाल हो जाएगी जलापूर्ति

पाइप लाइन की मरम्मत करते जल बोर्ड के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में रविवार को बाधित रही। दिल्ली जल बोर्ड की 12 सौ एमएम पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण, लक्ष्मी नगर, चित्रा विहार, ईस्ट आजाद नगर, गाजीपुर, दल्लुपूरा, त्रिलोकपुरी, न्यू कोंडली, शाहदरा, मंडावली, पटपड़गंज, मयूर विहार फेज-एक व दो, शालीमार पार्क, विश्कर्मा पार्क, पांडव नगर और आसपास के इलाकों में पिछले दो दिनों से पानी की आपूर्ति बाधित रही। इसकी मुख्य वजह भागीरथी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी आपूर्ति बंद करना था।

पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पानी के टैंकर भेजवाने की मांग की। डीजेबी ने रविवार को दावा किया कि समस्या दूर कर दी गई। डायरेक्ट टैपिंग के जरिए पहुंचने वाले पानी की आपूर्ति रविवार शाम को बहाल हो गई।

यूजीआर के माध्यम से आपूर्ति रविवार रात या सोमवार सुबह तक सामान्य हो जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार पानी आपूर्ति बंद होने से प्रभावित होने वाले क्षेत्र के लोगों को 12 घंटे में मरम्मत कार्य पूरा कर समस्या का समाधान करने की जानकारी दी थी। लेकिन खुदाई के बाद सही दिक्कत का पता चला। सड़क के नीचे से जा रहीं केबल और पानी के वापस आने से लाइनों को बैल्डिंग करने में दिक्कत आई। इसकी वजह से लीकेज ठीक करने के में ं 24 घंटे की देरी हुई और समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं हो पाया। जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा कोरोना संक्रमित होने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर होम क्वारंटीन है। इसके बावजूद डीजेबी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉल और फोन कॉल के जरिए काम पर नजर रख रहे थे।

विकास मार्ग के कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि पानी की लाइनों में लीकेज की वजह से उनके बेसमेंट में चला गया है। जिससे बिल्डिंग की नींव को खतरा पैदा होने की आंशक है। ऐसे में किसी भी आपदा से बचने के लिए मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। पानी आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए डीजेबी ने पूर्वी दिल्ली के प्रभावित इलाकों में टैंकर भेजे गए। विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित इलाके में रहने वाले लोगों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। अधिकारी ने कहा कि मरम्मत का काम रविवार शाम 4 बजे पूरा हो गया। इसके बाद पानी की आपूर्ति बहाल कर दी गई। डायरेक्ट टैपिंग के माध्यम से आपूर्ति रविवार शाम को शुरू कर दी गई। भूमिगत जलाशय के माध्यम से पहुंचने वाली आपूर्ति देर रात या सोमवार तक सामान्य हो जाएगी। ज्ञात हो कि पानी की सप्लाई नहीं होने से दिल्ली के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कोरोना पॉजीटिव डीजेबी के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने वीडियो कॉल और फोन से की काम की निगरानी

300 रु में बोतल पानी खरीदने को मजबूर : भाजपा

- सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र में लाइन लगा रहे हैं लोग : गुप्ता

नई दिल्ली। *पूर्वी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने नेता ने सरकार के मुफ्त पानी मुहैया करनाने के दावे पर सवाल खड़ा किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दावा किया कि पूर्वी दिल्ली में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोग 2 से 3 सौ रुपये में पानी की बोतल खरीदने को मजबूर है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की विधानसभा पटपड़गंज में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची है, लेकिन केजरीवाल सरकार और खुद उपमुख्यमंत्री भी लोगों को पानी मुहैया कराने में नाकाम है। इलाके में दुकानों पर लंबी-लंबी लाइन लगाकर लोग पानी खरीद रहे हैं।*

बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग : कांग्रेस

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में 48 घंटे से अधिक समय से पानी को लेकर मचे हाहाकार को लेकर दिल्ली जल बोर्ड जिम्मेदार है। उन्होने कहा कि जल बोर्ड ने शनिवार व रविवार के छुट्टी वाले दिन को रीपेयर व मैंटेनेंस के काम के लिए चुना।

विज्ञापन के लिए मशहूर केजरीवाल सरकार ने ठीक तरह से जनता तक यह सूचना नहीं पहुंचायी। जिससे लोगो को पानी की कमी से जूझना पड़ा। अनिल कुमार ने कहा कि आपात स्थिति उत्पन्न करने के लिए सीधे तौर पर केजरीवाल खुद जिम्मेदार है। जल बोर्ड के चेयरमेन के रूप में उहोने जो लूट कि संस्कृति उन्होने चालू किया उसका नतीजा है कि आम आदमी को होने वाली परेशानी, क्राइसिस मैनेजमेंट जैसी व्यवस्था खत्म हो चुकी है। केजरीवाल सरकार के 6 साल में पानी उपलब्धता में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। आज हालात बेहद खराब है।

किराड़ी निवासियों को मिलेगी अच्छी सड़क-सीवर की सुविधा

सीवर लाइन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने के दौरान केजरीवाल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वालों को अच्छी सड़क, गली और सीवर की सुविधा मिलेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को इलाके में सीवर लाइन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी।

इस प्रोजेक्ट से 114 अनधिकृत कॉलोनियों के साथ 6 गांवों की करीब 7.25 लाख आबादी को फायदा मिलेगा। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी के चलते फंड की कमी होने के बावजूद विभिन्न खर्चों में कटौती करके 500 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन प्रोजेक्ट का काम शुरू किया गया है। इस काम को पूरा होने में 4 साल लगेगा, लेकिन इलाके लोगों का सहयोग मिलता रहा, तो काफी कम समय में पूरा हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि 114 कॉलोनियों में सीवर लाइन का काम शुरू हो गया। इसमें 105 कॉलोनियां किराड़ा और 9 कॉलोनियां मुंडका विधानसभा की हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि विधान सभा चुनाव के पहले वह यहां पर आए थे और गली-गली घूमे थे। उस समय कई कई सड़कें टूटी थीं। नालों में पानी बह रहा था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवर जैसे-जैसे बनता जाएगा, वैसे-वैसे सारी सड़कें भी बन जाएंगी। जितनी भी कच्ची गलियां और सड़कें रह गई है, वो सब बन जाएंगी।

इलाके में पानी तो पहुंचा दिया है, अब पूरे विधानसभा में कोई घर और कोई गली नहीं बचेगी, जिसमें सीवर नहीं होगा और जिसमें सड़क अच्छी नहीं होगी, लेकिन थोड़ा समय जरूर लगेगा।

- सीएम केजरीवाल ने सीवर लाइन की रखी आधारशिला, 114 अनधिकृत कॉलोनियों को होगा फायदा

चौथे दिन भी कोविड-19 के मामले 400 के पार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में रविवार को लगातार चौथे दिन कोरोना वायरस संक्रमण के 400 से अधिक (407) नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण दर 0.60 प्रतिशत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार दो और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 10,941 हो गई है। दिल्ली में शनिवार को कोविड-19 के 419 और शुक्रवार को 431 नए मामले सामने आए थे।

बृहस्पतिवार को संक्रमित पाए गए लोगों की संख्या 409 थी।

कोरोना वायरस	
रविवार को मौत	2
संक्रमण दर	0.60
कुल केस	6,43,696
उपचाराधीन रोगियों	2,262

बुलेटिन में कहा गया है कि दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 6,43,696 हो गई है।

उपचाराधीन रोगियों की संख्या 2,262 है। दिल्ली सरकार के अनुसार इस समय होम आसोलेशन में 1270 मरीज है। वहीं अस्पतालों को लेकर जारी रिपोर्ट के अनुसार केवल 582 बैड ही भरे हुए है और 5129 बैड मरीजों के लिए उपलब्ध है। रविवार को करीब 350 कोरोना मरीजों को डिसचार्ज किया गया। दिल्ली सरकार के अनुसार 41195 आरटीपीसीआर टैस्ट किए गए और रैपिड एंटीजन टैस्टों की संख्या 27028 रही।

ज्ञात हो कि दिल्ली लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे है। इसको लेकर सरकार पूरी तरह तैयार है।

संक्षिप्त समाचार

महापौर को गुलदस्ता भेंट करते अभिनेता दिलीप ताहिल।

अभिनेता दिलीप ताहिल व महापौर आज लगवाएंगे टीका

नई दिल्ली। जानमाने अभिनेता दिलीप ताहिल और उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर जय प्रकाश सोमवार को हिंदू राव अस्पताल में कोविड-19 का टीका लगवाएंगे। उन्होंने कहा कि हर किसी को खुद के साथ दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए टीका लगवाने के लिए आगे आएं। हम सब भाग्यशाली हैं की देश के वैज्ञानिकों ने कोविड-19 महामारी का टीका विकसित किया। दूसरे देश भारत में विकसित इस टीके की ओर देख रहे हैं क्योंकि यह अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित है। इसलिए लोगों को टीका लगवाना चाहिए है ताकि हम सभी कोविड-19 के खतरनाक प्रभाव से बच सके। उन्होंने यह भी कहा कि अभिनेता दिलीप दिल्ली वालों से 31 मार्च 2021 से पहले अपने संपत्ति कर जमा करने की अपील भी करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उत्तरी दिल्ली नगर निगम की आम माफी योजना का फायदा उठा सकें।

आयुर्वेदिक औषधालय का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी जे-ब्लाक में सांसद हंसराज हंस व उत्तरी निगम के महापौर जय प्रकाश ने आयुर्वेदिक औषधालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर इलाके के पार्षद द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निगम आर्थिक संकट के बाद भी हर संभव सुविधा उपलब्ध करवा रही है। जय प्रकाश ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार निगम के बजट में कटौती करके निगम को पंगु बनाना चाहती है। ताकि विकास कार्य नहीं कर सके। कोविड-19 महामारी में निगम ने साफ सफाई व सैनिटाइजेशन का कार्य किया ताकि नगरिकों को इस महामारी से बचाया जा सके मगर दिल्ली सरकार ने कुछ नहीं किया। नगर निगम भारत सरकार के सहयोग से कोरोना वैक्सीन के लिए विभिन्न औषधालयों में टीकाकरण केंद्र खोल रही है ताकि लोगों को वैक्सीन की सुविधा उनके घरों के पास मिल सके।

पुराने वाहनों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बदलें: गहलोत

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार ने कॉरपोरेट्स से अपने पुराने वाहनों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बदलने का अनुरोध किया है। स्विच दिल्ली अभियान का छठवां सप्ताह कॉरपोरेट्स को सक्रिय रूप से शामिल कर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के प्रति जागरूकता पैदा करने पर रहेगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मुहिम को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया को और अधिक बढ़ाना है। इसके अलावा अभियान में कॉर्पोरेट्स को भी शामिल करेंगे। कॉरपोरेट अपने संसाधनों के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर उनका सही इस्तेमाल कर सकते हैं। स्विच दिल्ली अभियान को सफल बनाने में कॉर्पोरेट्स आगे आकर मदद कर सकते हैं।

खजुरी खास में व्यापारी की गोली मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के खजुरी खास इलाके में रेडिमेड गारमेंट की दुकान चलाने वाले व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिछले चौबीस घंटे के अंदर उत्तर पूर्वी जिले में गोली की यह तीसरी वारदात है। इससे पहले जाफराबाद मामले में दोनों पीड़ितों की हालत गंभीर है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को हुई पहली घटना में, सुहैल और गाजी नाम के व्यक्तियों ने जाफराबाद इलाके में एक बाइक मैकेनिक पर चार गोलियां चलाईं।

मरम्मत कार्य को लेकर उनके बीच कुछ विवाद हो गया था। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सुहैल को

उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गाजी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

शनिवार को दूसरी घटना हुई, जिसमें रुपये के लेन-देन को लेकर जाफराबाद में मनोज नाम के एक व्यक्ति पर गोली चलाई गई, जो

- 24 घंटे में गोलाबारी की तीसरी घटना

उसके गाल में लगी। तीसरी घटना शनिवार को खजूरी खास में हुई। पारिवारिक विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) संजय कुमार सेन ने कहा पुलिस की कई टीमें मामलें की जांच कर रही है।

पूर्वी दिल्ली में रहने वाले जाफराबाद और खजूरी खास की घटनाओं में आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। ज्ञात हो कि राजधानी के पूर्वी इलाके में अपराधों को ग्राफ लगातार बढ़ रहे है।

डीडीए एसटीएफ को 77 हजार मिलीं शिकायतें

नई दिल्ली। दिल्ली मास्टर प्लान और उससे संबंधित कानूनों के प्रावधानों के प्रभावी और उचित कार्यान्वयन की व्यापक निगरानी के लिए गठित विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को 28 फरवरी तक 77 हजार से अधिक शिकायतें मिल चुकी हैं।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शनिवार को एसटीएफ की 64वीं बैठक के दौरान शिकायतों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। सभी स्थानीय निकायों और अन्य एजेंसियों ने इस बैठक में भाग लिया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एसटीएफ को 28 फरवरी तक कुल 77,186 शिकायतें मिल चुकी हैं।

एमसीडी चुनाव जीते तो दिल्ली बनेगा विश्वस्तर का शहर : आप

- भाजपा के शासन में राजधानी को गंदा करने का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दुर्गेश पाठक

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि अगर उनकी पार्टी अगले साल होने वाले नगर निगम में जीत दर्ज करती है तो वह राजधानी को स्वच्छ और विश्व स्तर का शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अब नगर निकाय पर काबिज होने के लिए ध्यान केंद्रित कर रही है। नगर निगम के पार्टी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि जमीन पर यह भावना है कि अरविंद केजरीवाल सरकार को नगर निगमों में मौका दिया जाना चाहिए। दिल्ली नगर निगम के वर्ष 2022 में चुनाव होने हैं। पाठक ने कहा, नगर निगमों का मुख्य काम दिल्ली को स्वच्छ रखना है लेकिन भाजपा के शासन में राष्ट्रीय राजधानी गंदी है। ऐसे में हमारा पहला काम दिल्ली को स्वच्छ बनाना होगा। स्थानीय निकाय नीतियों को लागू करने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए अगर आप सरकार आती है तो हम दिल्ली को विश्व स्तर का शहर बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नगर निगमों में भ्रष्टाचार कम करेगी।

उप चुनाव के नतीजों का संदर्भ देते हुए पाठक ने कहा कि आप ने भाजपा का गढ़ मानी जाने वाली सीटों और अन्य पर भी उपचुनाव जीते हैं, आप के जीत का अंतर बढ़ा है। पाठक ने कहा हमें जमीन से संदेश मिल रहा है कि अरविंद आप सरकार को नगर निगमों में भी मौका मिलना चाहिए।

गर्मियों से निपटने के लिए दमकल विभाग ने कसी कमर

कर्मियों की छुट्टियों को किया सीमित

नई दिल्ली। दिल्ली अग्निशमन सेवा गर्मियों में आग लगने से संबंधित घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से दमकल कर्मियों और वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतज़ाम कर रही है, जिसके तहत कर्मियों की छुट्टी को सीमित किया जा रहा है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तापमान बढ़ने से आग लगने की घटनाएं भी होती हैं। लिहाजा दमकल विभाग इन्हें रोकने के लिए लोगों को शिक्षित करने की खातिर विभिन्न जागरुकता अभियान चलाएगा। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि गर्मियों में तापमान बढ़ने से आग लगने की घटनाओं में भी इजाफा होता है। उन्होंने बताया कि अब रोजाना 90 कॉल आ रही हैं और अप्रैल में इनके बढ़ने का अंदेशा है। गर्ग ने कहा, दमकल विभाग को अतिरिक्त कर्मियों की जरूरत पड़ेगी। योजना के मुताबिक, अधिकतम दमकल कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के क्रम में कर्मचारियों की छुट्टियों को सीमित किया गया है।

पर्यटन उद्यान उत्सव का 45 हजार लोगों ने किया दीदार

- पिछले साल के मुकाबले इस बार 34 हजार ज्यादा लोग पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के 34वें पर्यटन उद्यान उत्सव में इस साल दर्शकों की संख्या में वर्ष 2020 की तुलना में बंपर 34 हजार दर्शकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पिछले साल जहां सिर्फ 11 हजार दर्शक आए थे वहीं इस वर्ष 45 हजार दर्शक देखने पहुंचे। गार्डन ऑफ फाईव सेंसेंज में 19 फरवरी से 14 मार्च (तीन सप्ताह) तक चलने वाले पर्यटन उद्यान उत्सव का सभी आयु वर्ग के लोगों ने पहुंचकर दीदार किया। आगंतुकों ने आनन्द उठाया और दिल्ली पर्यटन के इस प्रयास की सराहना की। लॉकडाउन के बाद यह उत्सव परिवार के साथ बाहर निकलने का बढ़िया अवसर रहा। पुष्पों से सुसज्जित उद्यान उत्सव विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां, आकृतियां, सेल्फी प्वाइंट बन गया।

इस उत्सव में पिछले वर्ष 11 हजार व वर्ष 2019 में 14 हजार आगंतुकों ने देखा किन्तु इस वर्ष तीन सप्ताह तक चलने वाले इस उत्सव में 45 हजार आगंतुकों ने देखा और सराहा जिसमें 12 वर्ष तक के बच्चे निशुल्क थे, जो की इस 45 हजार में सम्मिलित नहीं हैं। उत्सव में बच्चों के लिए डॉग शो, सेल्फ डिफेंस और

दिल्ली पुलिस की ओर से महिला बैंड का आयोजन किया जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। 8 मार्च को गार्डन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भी आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं के लिए प्रवेश शुल्क पर 50प्रतिशत की छूट दी गई। उत्सव में कैक्टस से लेकर डहलिया, लिली, गुलाब, बोगनवेलिया, बेल-बूटे, और औषधि वाले पौधे, टोकरियों से लटकने वाले पौधे, बोनसाई आदि है। उत्सव मे फूलों से सुसज्जित पशु-पक्षियों की आकृतियाँ, ट्रे गार्डन, थीम (विषय) पर आधारित छोटे गार्डन आदि इस उत्सव के अन्य आकर्षण का केंद्र रहे। उत्सव में कोविड गाइड लाइन का पूरा पालन किया गया।

उत्सव में प्रत्येक सप्ताहंत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका सभी ने जमकर लुत्फ उठाया। विभिन्न प्रकार के फूलों व पौधों को देखने के साथ -साथ गार्डन बाजार में फूलो, सब्जियों, औषद्यिय पौधों व अनेक दुलर्भ प्रकार के पौधों व उनके बीजों, गार्डन में उपयोग होने वाले उपकरणों, उर्वरक आदि की खरीदारी भी की गई। खाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉलों ने आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित किया।

पौधारोपण करके बढ़ती महंगाई का किया विरोध

लघु सचिवालय के सामने तीन अध्यादेश के विरोध में धरने पर बैठे हैं लोग

धरने पर महंगाई के मुद्दे पर भी एकजुट हुए लोग

गुरुग्राम में लघु सचिवालय के सामने धरने पर पौधारोपण करते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

दिल्ली में किसान आंदोलन के 109वें दिन और गुरुग्राम में अनिश्चितकालीन धरने के 77वें दिन लोगों ने तीन कृषि अध्यादेश का तो विरोध किया ही, साथ में बढ़ती महंगाई पर भी यहां सरकार को घेरा गया। लोगों ने पौधारोपण करके विरोध जताया। यानी सरकार के तीन अध्यादेश देश के किसानों पर थोंपने की बात कहकर धरने पर बैठे लोगों ने पर्यावरण में सुधार के लिए पौधारोपण किया।

किसानों के समर्थन में जारी धरने पर निजीकरण, पेट्रोल-डीजल और गैस के दामों में बढ़ोतरी का मुद्दा भी छाया रहा। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष संतोख सिंह ने बताया कि किसान आंदोलन के 109वें दिन किसान, मजदूर तथा गुरुग्राम के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्ति धरने पर बैठे हैं।

उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा 15 मार्च को निजीकरण, पेट्रोल,डीजल तथा घरेलू गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर कोई अंकुश नहीं है।

घरेलू गैस की कीमतें पिछले दो महीनों में ही बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं, जिससे आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि तीनों काले कानून लागू होने से महंगाई और तेजी से बढ़ेगी। जिससे आम आदमी का जीवन दूभर हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि रविवार को किसानों ने धरना स्थल पर पौधे लगाए। जब तक सरकार तीनों काले कानूनों को वापस नहीं ले लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

धरने पर बैठने वालों में डाक्टर धर्मवीर राठी, योगेश्वर दहिया, पंजाब सिंह, फूल कुमार, रमेश दलाल, विंग कमांडर एमएस मलिक, मनोज झाड़सा, जेसी यादव एडवोकेट, मुकेश डागर, जयप्रकाश त्यागी, तेजराम यादव, रामनिवास यादव, मनीष मक्कड़, हरि सिंह चौहान, तनवीर अहमद, योगेन्द्र सिंह समसपुर, सतबीर सिंह नेहरा एडवोकेट, सतीश मराठा, अभय पुनिया, सतीश कुमार कादीपुर, विजय लाकड़ा, महासिंह ठाकरान, आरसी हुड्डा, तारीफ सिंह, कृष्ण सिहाग, दयानंद शर्मा, योगेश कुमार, सतवीर गुर्जर, मुकेश यादव, आकाश यादव, संजय कुमार सेन, सुरेन्द्र सिंह, दीनबंधु दत्ता, राजेश गोस्वामी तथा अन्य व्यक्ति शामिल हुए।

पटौदी नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों की पाठशाला

गुरुग्राम। कोरोना महामारी पर काबू पाने के लिए दो-दो वैक्सीन मौजूदा समय में कम्र के मुताबिक फ्रंटलाइन वर्कर्स से लेकर आम जनमानस को लगाई जा रही है। फिर भी अचानक से कोरोना के बढ़ते मामले चिंता का कारण बनते दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर रविवार को पटौदी के नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉक्टर नीरू यादव ने अस्पताल के अधीन मंदपूरा, बोहड़ाकलां, हेली मंडी, कासन, भांगरोला स्वास्थ्य केंद्रों में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों की पाठशाला लगाई।

गुरुग्राम नागरिक अस्पताल से डॉ. जेपी राजीवाल कोरोना से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए पहुंचे। एसएमओ डॉक्टर नीरू यादव पटौदी विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों से उनके द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को आगाह किया कि कोरोना को हम स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले सकते हैं। कोरोना सबसे अधिक शुगर, टीबी और कैंसर के संदिग्ध लोगों को अपनी जकड़ में लेने के लिए सक्षम है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी महिला और पुरुष कर्मचारियों का आह्वान किया कि कोरोना से पूरी तरह मुक्ति पाने के लिए किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

शीतला कॉलोनी में बिजली के तारों का जल्द होगा समाधान : नवीन गोयल

शीतला कॉलोनी में लोगों की समस्याएं सुनते बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल।

घरों के बीच से गुजर रही तारों को हटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों से करेंगे बैठक

गुरुग्राम। शहर की शीतला कालोनी में रविवार को जनता के बीच पहुंचे बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल के समक्ष कालोनीवासियों ने घरों के बीच से गुजर रही 440 वोल्ट की बिजली की लाइन के बाबत शिकायत की। साथ ही इसके समाधान की गुहार लगाई। नवीन गोयल ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा। संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके इस लाइन को शिफ्ट कराने पर विचार किया जाएगा।

नवीन गोयल ने कहा कि जनता की समस्याएं खत्म करके सुविधाएं देना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। जिस भी क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या, असुविधा उनके संज्ञान में लायी जाती है, उनके समाधान को वे तुरंत प्रयास शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज आदि मूलभूत सुविधाओं पर सरकार का विशेष ध्यान रहता है। क्योंकि यह सभी सुविधाएं जनता से सीधे जुड़ी हैं। इसलिए सभी सुविधाओं को दुरुस्त रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास की परियोजनाओं पर लगातार काम जारी है।

जनता को सड़क पर सुविधाएं देने को बस अड्डे के पास अंडरपास का निर्माण जारी है। इसके निर्माण के बाद बस अड्डे के क्षेत्र से यातायात जाम की समस्या नहीं रहेगी। इसके साथ ही ओल्ड रेलवे रोड पर मल्टीपर्पज पार्किंग का निर्माण हो रहा है। इससे सदर बाजार क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

संक्षिप्त समाचार

हृदय जांच शिविर में 85 रोगियों ने कराई जांच

होडल। पुरानी जीटी रोड स्थित अग्रवाल भवन के प्रांगण में रविवार को भारत विकास परिषद व एस्कॉर्टस अस्पताल फरीदाबाद के तत्वाधान नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय संयोजक डॉ. जेके मित्तल ने की। शिविर में 85 रोगियों के हृदय रोग से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। शिविर में रोगियों की इसीजी और शुगर की भी जांच की गई। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल गुप्ता ने रोगियों के हृदय से संबंधित रोगों की जांच की। शिविर के मौके पर डॉ. मित्तल ने कहा कि सामाजिक संगठनों को इस प्रकार के शिविर लगाकर जन सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। शिविर में रोगियों को दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। शिविर के इस मौके पर मुरारीलाल गोयल, जगमोहन गोयल, संदीप बंसल, भोजराज गर्ग, चंद्रप्रकाश जैन, सुभाष गर्ग, कमला खन्ना, नवीन मंगला, बिजेंद्र सिंगला, विजय बंसल के अलावा परिषद के अन्य सदस्य मौजूद थे।

तीन बाइक पर किया चोरों ने हाथ साफ

पलवल। चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन बाइकों पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार चोर गांव सिहोल निवासी रोहताश की बाइक को कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा चौक से, गांव यादूपुर निवासी लोकेश की बाइक को आदर्श कॉलोनी से व गांव मछीपुरा निवासी देवेंद्र पाराशर की बाइक को हसनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव से ही चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सट्टा खाईवाड़ी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

पलवल। अपराध जांच शाखा होड़ल ने एक युवक को सट्टा खाईवाड़ी करते रंग हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी रतन सिंह के अनुसार उन्होंने होड़ल की धारम पट्टी निवासी दलबीर को रामलीला मैदान में सट्टा खाईवाड़ी करते काबू किया और साथ ही उसके कब्जे से 850 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अनियंत्रित हुआ कैंटर पेड़ से टकराया, लगी आग, क्लीनर की मौत

गुरुग्राम। रविवार को गुरुग्राम-झज्जर रोड पर फर्रूखनगर बाइपास पर एक गाय को बचाने के चक्कर में कैंटर अनियंत्रित हो गया और पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कैंटर में आग तक लग गई। हादसे में कैंटर के क्लीनर की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार रविवार को फर्रूखनगर बाईपस पर अन्नपूर्णा होटल के पास एक कैंटर एचआर-55-एबी-2254 झज्जर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान एक गाय सड़क के बीच में आ गई। कैंटर चालक ने ब्रेक भी लगाए और गाय को बचाने के चक्कर में कैंटर को एक तरफ मोड़ दिया। गति तेज होने के कारण कैंटर ड्राइवर के नियंत्रण से बाहर हो गया। जब तक ड्राइवर कुछ समझ पाता या कैंटर को संभाल पाता, तब तक अनियंत्रित कैंटर सड़क किनारे एक भारी पेड़ में जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर का आगे का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो हुआ ही, साथ ही कैंटर में आग भी लग गई। पेड़ भी काफी टूट गया। इस हादसे में कैंटर के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर को भी चोटें आई। जिन्हें घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

हरियाणा जीके स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

गुरुग्राम के गांव जाटोला में जीके स्पर्धा में भाग लेते बच्चे।

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था प्रगतिशील की ओर से रविवार को जाटौली के सरस्वती मॉडल स्कूल में जीके यानी सामान्य ज्ञान पर बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस स्पर्धा में 20 से अधिक स्कूलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था के पदाधिकारी सुरेंद्र चौहान, सुरेश चौहान व ललित चौहान ने बताया कि समय-समय पर संस्था जनहित के कार्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताएं कराती रहती है। इससे विद्यार्थियों पढ़ाई और प्रतियोगिता की भावना को बढ़ावा मिलता है। रवि चौहान, नरेश शर्मा क्रांति व विकासदीप का कहना है कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास जागृत होता है। प्रतियोगिता में गांव पाटोदा, लोहारी, टोडापुर, हेलीमंडी, जाटोली, रामपुर और गुरुग्राम आदि से विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मार्केट कमेटी विभाग फसल खरीद को लेकर तैयारियां में जुटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

अनाज मंडी के गेट को फसल खरीद की तैयारी को लेकर जड़ा ताला और चैन।

मार्केट कमेटी विभाग एक अप्रैल से शुरू होने वाली रबी फसल की सरकारी खरीद को लेकर तैयारियों में जुट गया है। किसानों को फसल बिक्री के दौरान आने वाली परेशानियों न हो। इसके लिए यहा के सभी फड़ के ऊपर बनी पार्किंग, रेहड़ी मालिक और अवैध कब्जों को हटाने के आदेश जारी कर दिए है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रबी फसल की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले ही मंडियों में खरीद करने वाली एजेंसियों और मार्केट कमेटी विभाग को दिशा निर्देश जारी कर दिए है। सोहना अनाज मंडी में किसानों को हर सुविधा देने के उद्देश्य से मार्केट कमेटी विभाग ने लंगोट कस लिया है। फडों को ताकि किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया जाने वाला अनाज की ढेरी लगाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ-साथ अनाज मंडी परिसर में रेहड़ी लगाने वाले छोटे दुकानदारों को परिसर से बाहर चले जाने को कहा गया है।

सीमित गेट ही खुलेंगे : मार्केट कमेटी सचिव नरेश यादव ने बताया कि फसल खरीद की तैयारियों को लेकर अंतिम चरण में कार्य चल रहा है। मंडी परिसर में बाइक, स्कूटी और किसान ट्रैक्टर के अलावा अन्य किसी वाहन को अंदर नहीं आने दिया जाएगा। जो वाहन खरीदी हुई फसल का उठान करेंगे। उन्हें ही मंडी परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी। मंडी के गेटों पर ताले लगा दिए है। पैदल आने व जाने के लिए ही रास्ता छोड़ा है।

हवाई फायर कर फैलाई दहशत, दो आरोपियों पर केस दर्ज

पलवल। चांदहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब ठेके पर दहशत फैलाने की नीयत से हवाई फायर करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित सेल्समैन की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी बादाम सिंह के अनुसार गांव अलावलपुर निवासी नीरज ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह गांव के पास स्थित शराब ठेके पर सेल्समैन है।

12 मार्च की रात साढ़े नौ बजे गांव निवासी कैलाश और विशाल ठेके पर आए और दहशत फैलाने की नीयत से हवाई किया। पीड़ित व आरोपियों के बीच पहले भी रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कारगिल शहीद के जन्म दिवस पर रागिनी कार्यक्रम का आयोजन

कैलाश मंगला। होडल

शहीद के जन्म दिवस पर चेयरमैन जगदीश नायर का स्वागत करते समिति के सदस्य।

कारगिल शहीद लांस नायक राजवीर सिंह सौरोत के जन्मदिवस पर कारगिल शहीद राजवीर सिंह सेवा समिति एवं मानव कल्याण गो सेवा समिति गढ़ी पट्टी होडल द्वारा देशभक्ति रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं विधायक जगदीश नायर रहे जबकि अध्यक्षता बीजेपी जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने की।

मंडल अध्यक्ष प्रेमराज तंवर, हेमदत्त पाठक, राजकुमार तायल, नेहरू चौधरी, अनिल डडवाल, फतेह राम शर्मा, भूपराम पाठक, मनोज, दीपचंद, प्रेमचंद बिन्दल, वीरेंद्र रावत, शक्ति सिंह रावत, विनोद चौधरी, डॉ. नेतराम, उदय सिंह सौरोत, ज्ञानचंद सौरोत, सुधीर सौरोत, हरद्वारी लाल सौरोत, मेजर नंबरदार, श्यामवती सौरोत, डॉ चरण गोपाल सौरोत, योगेश सौरोत, गगन गुप्ता, आदि को समाज सेवा में विशेष कार्यों के लिए आयोजन समिति ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध रागिनी कलाकार नरदेव बैनीवाल ने शहीद राजवीर के जीवन पर आधारित रागनियां प्रस्तुत कर लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। गांव गढ़ी पट्टी की ओर से मास्टर भरत लाल सौरोत, मनोहरलाल सौरोत, लखनलाल पार्षद, कमल सौरोत ने ऐतिहासिक आयोजन के लिए शहीद के बड़े भाई प्रताप सिंह सौरोत, रंजीत सौरोत, धर्मपाल सौरोत, डॉ. बिजेंद्र सिंह सौरोत और सुखबीर सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया।

कोरोना वैक्सीन सुरक्षित, सब लगवाएं

रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव ने लगवाई वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

कोरोना की वैक्सीन लगवाते रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव डीआर शर्मा।

रेडक्रॉस समिति हरियाणा के महासचिव डीआर शर्मा ने रविवार को वैक्सीन लगवाकर संदेश दिया कि यह पूरी तरह से सुरक्षित है। अपना नंबर आने पर सभी वैक्सीन लगवाएं और कोरोना के खात्मे में अपनी भूमिका निभाएं। उनके साथ संयुक्त सचिव अनिल जोशी और अधीक्षक दीपक नासा ने भी वैक्सीन लगवाई।

डीआर शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी को अभी भी गंभीरता से लेने की जरूरत है। महाराष्ट्र में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं और लॉकडाउन फिर से करने की नौबत आ गई है। हरियाणा, पंजाब में ऐसी स्थिति ना हो, इसलिए हम सबको अपने राज्य में सचेत रहकर कोरोना को समाप्त करना है। कोरोना को फैलने से रोकने के लिए तय नियमों का पालन भी जरूरी है और कोरोना वैक्सीन लगवाई भी उतनी ही जरूरी है। देश में व्यापक पैमाने पर वैक्सीनेशन का अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस भी इसमें जागरुकता व अन्य कार्यक्रमों को लेकर अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि रेडक्रॉस के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब कोरोना की वैक्सीन लगवाएंगे। इसका क्रम शुरू हो गया है। गुरुग्राम रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर ने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

काला मोतियाबिंद प्रतिवर्ष सवा लाख लोगों की जिंदगी में कर रहा अंधेरा

पटौदी नागरिक अस्पताल में नेत्र जांच कराती बुजुर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पटौदी नागरिक अस्पताल में ग्लूकोमा उपचार का अभियान आरंभ

45 वर्ष से पहले वर्ष में एक और बाद में दो बार आंखों की जांच कराएं

ग्लूकोमा अर्थात काला मोतियाबिंद आंखों का एक ऐसा रोग है, जिसके कारण भारत में प्रतिवर्ष औसतन सवा लाख लोगों की रोशन जिंदगी में अंधेरा कर देता है। उनकी आंखों की रोशनी ही चली जाती है। यह बात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशांत शर्मा ने स्थानीय अस्पताल में काला मोतिया-ग्लूकोमा के विशेष साप्ताहिक आंखों की जांच और ऑपरेशन अभियान के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि काला मोतियाबिंद किसी भी उम्र में किसी भी व्यक्ति को हो सकता है।

काला मोतियाबिंद होने के कारण विभिन्न है। यह बढ़ती उम्र में, फैमिली हिस्ट्री, आंखों पर अत्यधिक दबाव, दूर या निकट की दृष्टि दोष अथवा रोग, डायबिटीज, आंख में चोट लगना या फिर लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं का इस्तेमाल करना भी काला मोतियाबिंद का एक कारण हो सकता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुशांत शर्मा ने कहा कि नियमित अंतराल पर अपनी आंखों की जांच करवाते रहने से आंखों की बीमारियों-काला मोतियाबिंद या अन्य रोग से रोगी के लिए अंधता का भी कारण बन सकता है। उससे बचा रहा जा सकता है।

उन्होंने कहा 45 वर्ष की उम्र के बाद प्रति वर्ष आंखों की एक बार अवश्य जांच करवा लेनी चाहिए। 45 वर्ष से अधिक की उम्र के लोगों को वर्ष में दो बार जांच करवानी चाहिए। जहां तक संभव हो सके काला मोतियाबिंद से बचने के लिए स्टेरॉयड दवाओं का इस्तेमाल योग्य डॉक्टर की सलाह और देखरेख के बिना बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा काला मोतियाबिंद की जांच के लिए पटौदी के नागरिक अस्पताल में अत्याधिक आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। यहां पर आंखों के उपचार के लिए लेजर टेक्निक की लेटेस्ट सुविधा उपलब्ध है।

आम लोगों का पटोदी नागरिक अस्पताल और यहां हो रहे आंखों के उपचार के बाद आंखों की बीमारी से छुटकारा पाने का मुख्य कारण यही है कि अब औसतन आंखों के रोगियों की ओपीडी प्रतिदिन 300 के करीब है। इन रोगियों में जिला मुख्यालय गुरुग्राम, पटौदी क्षेत्र, रेवाड़ी, झज्जर, भिवानी, के साथ-साथ राजस्थान के झुंझुनू पिलानी अन्य स्थानों से भी आंखों के रोगी जांच और उपचार के लिए पहुंच रहे हैं ।

सबका साथ सबका विकास भाजपा का मूलमंत्र : विधायक दीपक मंगला

मुकेश कुमार। पलवल

विधायक दीपक मंगला ने रविवार को शमशाबाद पलवल के वार्ड नंबर 6 में पांचाल भवन का लोकार्पण किया, जिसकी लागत लगभग 10 लाख रुपये है। मौके पर विधायक का वार्ड वासियों ने फूलमालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

विधायक दीपक मंगला ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा एक हरियाणवी एक की तर्ज पर सभी विधानसभाओं में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें पलवल विधानसभा का उच्च स्थान है। इसमें फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद कृष्णपाल गुर्जर का भी विशेष योगदान रहा है। आज पलवल विधान सभा के प्रत्येक गांव व शहर के हरेक वार्ड में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि दूधौला गांव में बनाए जा रहे श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में क्षेत्र के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न कोर्स शुरू किए गए है। इन कोर्स के पूर्ण होने पर युवा हुनरमंद बनेंगे और अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम बनेंगे। पलवल विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पलवल की चेयरपर्सन इंदु भारद्वाज, निगरानी समिति के चेयरमैन मुकेश सिंगला, अधिवक्ता अविनाश भारद्वाज, पार्षद पहलाद पांचाल, जगराम, कृष्ण, मैनेजर लख्मीचंद, पूर्व सरपंच लच्छी, राजवीर, अधिवक्ता राजकुमार, सूबेदार खुशीराम आदि मौजूद रहे।

गो सेवा आयोग को नजर नहीं आतीं गंदगी खाती गायें

गंदगी व पॉलीथिन खा रही गाय शासन-प्रशासन की खोल रही पोल

गायों को गोशालाओं में पहुंचाने के दावे फेल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम की खांडसा मंडी में गंदगी में भोजन तलाशती गायें।

सरकार और प्रशासन के दावों और हकीकत में बहुत बड़ा अंतर है। एक साल से भी अधिक समय पूर्व सरकार ने दावे के साथ कहा था कि अब कोई भी गाय सड़कों पर घूमती नजर नहीं आएंगी। जिस जगह भी गायें दिखेंगी, उन्हें गोशालाओं में भेज दिया जाएगा। लगता है सरकार के इस निर्णय का अधिकारियों पर कोई असर नहीं रहा।

इसी का नतीजा है कि आज भी सैकड़ों गाय सड़कों पर भी विचरती हैं और मंडियों में गंदगी के बीच मुंह मारती हुई पॉलीथिन तक खाती हैं। कहने को तो प्रदेश में गो सेवा आयोग बना हुआ है, लेकिन आयोग को ये गायें नजर नहीं आती। जबकि समय-समय पर मीडिया के माध्यम से गायों की दुर्दशा को प्रभावी तरीके से उठाया जाता है। यहां खांडसा अनाज मंडी, सब्जी मंडी में जाकर देखा जाए तो हकीकत सबके सामने आ जाएगी। गाय के नाम पर राजनीति और बड़े-बड़े दावे करने वालों की लोगों को तलाश है। आखिर वे यहां आकर गाय की हालत देखें और गायों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं। यहां अनाज व सब्जी मंडी में पहुंचे डा. राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल के मुताबिक मंडी में ऐसा नजारा रोज ही रहता है। जिस गाय को हम माता मानते हैं, वह यहां गंदगी में मुंह मारती है। उनके चारे का कोई इंतजाम नहीं होता। वे भूखी मरती ही गंदगी को खाती हैं। यह अपने आप में शर्म की बात है।

सब्जी के काम में लगे सुनील कुमार, सुनील पटेल, नितेश पटेल, प्रदीप, अनिल, मनोज पटेल, मनोज आख्यान, आनंद सिंह, आरडी राय, विजय तिवारी, राजेश, निरपेक्ष, प्रिंस आदि ने इस पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि सिर्फ कागजों में गायों की रक्षा और सेवा नहीं होने चाहिए। मौके पर पहुंचकर गायों की सेवा करें। इन्हें यहां गंदगी से हटाकर गोशालाओं में पहुंचाए। कहने को तो सरकार ने गो सेवा आयोग बना रखा है, लेकिन आयोग गायों के लिए क्या कर रहा है, इसका कुछ पता नहीं है।

कोरोना : राजनेता या आम जनता, सब उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

कविता। फरीदाबाद

शहर में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी के साथ बढ़ने लगे हैं। जहां शनिवार को 33 मामले सामने आए। वहीं रविवार को जिले में 39 कोरोना के मामले सामने आए। इसके बावजूद शहर के राजनेता और आम पब्लिक कोरोना से बचाव के लिए जारी की गई गाइडलाइन को ताक पर रखकर कार्यक्रम आयोजित की भीड़ जमा कर रहे है।

ऐसा ही शहर में रविवार को जगह-जगह देखने को मिला। शहर भर में हुए धरने प्रदर्शन, सभा और कार्यक्रमों में नेताओं के साथ आम पब्लिक भी कोरोना की गाईडलाइन की धज्जियां उड़ाती नजर आई।

चिकित्सक बोलेः अगर बचाव नहीं किया, तो दौबारा हो सकता है कोरोना

शहर में तेजी से बढ़ने लगे कोरोना संक्रमण के मामले

वहीं दूसरी तरफ शहर के विरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कोरोना का यह स्वरूप शहर वासियों के लिए खतरनाक हो सकता है। लेकिन इसके बावजूद भी सभी जगह कोरोना से बचाव के नियम टूट रहे है।

यहां टूटे नियम : रविवार को शहर में जगह-जगह कोरोना के नियम टूटते नजर आए। होली मिलन कार्यक्रम में, सभाओं में, बाजारों में और पार्कों में नेता, मंत्री, आम जनता के द्वारा कोरोना महामारी से बचाव के लिए किसी नियम का पालन करते नहीं नजर आए। जबकि शहर में रविवार को 39 पॉजिटिव सामने आए। शनिवार को 33 नए मरीज सामने आए थे। पिछले कुछ दिनों से शहर में बढ़ते मामलों को देखते हुए भी लोग कोरोना के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर चिकित्सकों का कहना है कि यदि इस बार नियमों को तोड़ा तो जिंदगी से हाथ धोना पड़ सकता है। इस बार कोरोना का स्वरूप काफी खतरनाक है।

पुराने इलाकों से मरीज

कोरोना के तेजी से बढ़ रहे मामलों में पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर उन्हीं इलाकों से मरीज सामने आ रहे है, जहां से पहले काफी संख्या आ रहे थे। इस बार भी पिछले वर्ष की तरफ ग्रीनफिल्ड कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, संजय कॉलोनी, डबुआ कॉलोनी आदि इलाकों से मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं आंकड़ों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ग्रीन फील्ड कॉलोनी में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं। फिलहाल जिला प्रशासन के द्वारा कई इलाकों को कंट्रेनमेंट जोन में शामिल किया जा रहा है।

प्याली - हार्डवेयर सड़क की जर्जर हालत के विरोध में अनोखा प्रदर्शन

धरने के दसवें दिन बुग्गी, साइकिल और पैदल मार्च निकाल जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्याली-हार्डवेयर रोड के निर्माण कराने के लिए नगर निगम की तरफ से कई दिन पहले ही टैंडर जारी कर दिया गया है, लेकिन नगर निगम को सड़क निर्माण के लिए अभी तक कोई ठेकेदार नहीं मिल पाया है। इधर इस सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज धरने के दसवें दिन अनशनकारी बाबा रामकेवल के नेतृत्व में सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, आरडब्लयूए के सदस्यों, मार्केट कमेटी के पदाधिकारियों ने अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने भैंसा-बुग्गी, बैल बुग्गी, पैदल मार्च, साइकिल पैदल मार्च व ताला बजाकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन धरना स्थल प्याली चौक से प्रारंभ होकर हार्डवेयर चौक पहुंचा। जहां विरोध जताने के बाद से पुन: प्याली चौक तक शांतिपूर्वक तरीके से लौट गया।

धरना स्थल पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण की मांग अब एक आंदोलन बनता जा रहा है। वह पिछले दस दिनों से धरने पर बैठे हैं। बावजूद इसके अभी तक कोई भी निगम व प्रशासनिक अधिकारी उनसे सडक़ निर्माण के बारे में मिलने नहीं आया। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग गंगा खादर, यमुना खादर में भैंसा बुग्गी व बैल बुग्गी तथा साइकिलों से चलते है। ठीक उसी तरह प्याली-हार्डवेयर सड़क ने भी एक खादर का रूप धारण कर लिया है।

जिस पर वाहनों का निकलना दूभरहो गया है। इसलिए अब लोग वाहनों को छोड़कर इन भैंसा बुग्गी और बैल बुग्गी तथा साईकिलों को यातायात के रूप में अपनाएगें। इस दौरान धरना स्थल पर मौजूद कुछ अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस प्रदर्शन को देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जुटी हुई थी। रविवार को हुए इस प्रदर्शन में राकेश उर्फ रक्कू, परमिता चौधरी, प्रमोद भड़ाना, हरजिन्दर मेंहदीरत्ता, नरेंद्र सिंह, पीपी सिंह, योगेंद्र, संजीव त्यागी, प्रदीप घड़ियाल, सतवीर नेगी, गुलशन, सोनू, राजेंद्र सिंह नेगी, कमल सलूजा, किरण माहेश्वरी, वरुण शिवकांत, नरेश शर्मा, गौरव कपूर, पंकज, विजय, हेमराज शर्मा, सलीम खान, गुलबीर, दीपक, विकास पटवाल, जगदीश वैद्य, कृष्णकांत और आकाश हंस आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

मांगों को लेकर आरडब्ल्युए ने सीमा त्रिखा को ज्ञापन सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर का एक वर्ष पूरा होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन वैश्य धर्मशाला नीलम बाटा रोड फरीदाबाद में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, महापौर सुमन बाला, विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर उपस्थित थे। रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर की तरफ से प्रधान दिनेश बंसवाल ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों को एसी नगर नियमित (अलाअमेंट) कराने के बारे में एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने बताया कि एसी नगर जिस स्थिति में बसा हुआ है उसको उसी स्थिति में स्थाई किया जाए। गांधी कालोनी व फ्रर्टियर कालोनी की तर्ज पर उनकी कालोनी को भी नियमित किया जाए। कालोनी को स्थाई करने के लिए सरकार जो भी विकास शुल्क निर्धारित करेगी उसे एसी नगर वाले देने को तैयार है। कालोनी के अंदर से गुजर रहे नाले को साफ करके अंडरग्राऊड किया जाए। घर घर तक पानी व सीवरेज की व्यवस्था की जाए। कॉलोनी की हर सड़क व गली को पक्का कर लाईट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आपके इस ज्ञापन के विषय में मैं और विधायक नरेन्द्र गुप्ता मिलकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटट्र से बात करेंगे। सीमा त्रिखा ने कहा कि आपकी कॉलोनी को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार के दिशा निर्दशों या फिर डी प्लान के तहत विकास कराए जाते रहे हैं। बशारत हुसैन, दीपक कुमार, अशोक कपूर, नवीन भट्ट, मोनू शर्मा, अनिल बैसला, सुनील बैसला, सुमन, अनिल बघेल, फरीद, हुसैन, राजन जी महाराज, राहुल यादव, मनोज शुक्ला, सुबोध कांत नीरज शर्मा, सुमित आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

मेट्रो अस्पताल के हेल्थ मेले में हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

फरीदाबाद। मेट्रो अस्पताल एवं बार एसोसिएशन फरीदाबाद तथा फरीदाबाद इलेक्ट्रोनिक्स ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा रविवार को सेक्टर-16ए स्थित मेट्रो अस्पताल में एक हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में करीब 648 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई, जिसमें हृदय, श्वास, टीबी, चिकित्सा थोरैसिक सर्जरी, गुर्दा रोग चिकित्सा, कैंसर विज्ञान एवं कैंसर सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग चिकित्सा, यूरोलोजी, हड्डी रोग रीढ़ एवं प्रतिस्थापना सर्जरी, बाल रोग चिकित्सा, कान, नाक व गला, नेत्र चिकित्सा, दंत रोग, गठिया रोग चिकित्सा, सामान्य रोग, चिकित्सा व शल्य चिकित्सा आदि के मरीज शामिल रहे। शिविर में बीपी, शुगर, हाईट, वजन, बीएमआई, ईसीजी, बोन डेनसिटी टेस्ट, पीएफटी, आंखों की जांच, यूरोफ्लोमेटरी, पैप स्मीयर, ओडियोमेट्री टेस्ट व फाईब्रोस्केन आदि निःशुल्क किए गए। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर एवं डायरेक्टर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डा. नीरज जैन ने बताया कि यह पहला अवसर है, जब इतने बड़े स्तर पर फरीदाबाद में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया और इस दौरान सभी उपरोक्त जांच एवं परामर्श शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा किए गए तथा शिविर में आने वाले लोगों को दवा भी मरीजों को 10 प्रतिशत रियायत दी गई। नीरज जैन ने कहा कि मैट्रो अस्पताल सामाजिक क्षेत्र में अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रहा है और गंभीर से गंभीर बीमारियों का उपचार शहर के लोगों को उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज इस स्वास्थ्य मेले के माध्यम से जिन मरीजों को गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी है, उनका उपचार अस्पताल द्वारा रियायती दरों पर किया जाएगा।

एटीएम मशीन को उखाड़ने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने एटीएम मशीन उखाड़ने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस्ताक पुत्र नशीर उर्फ मुक्का और सदरूद्दीन उर्फ सदर के रूप में हुई है। दोनों ही आरोपी पिंगवा जिला नूह मेवात के रहने वाले हैं। प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने दिनांक 12 फरवरी 2020 की रात को सेक्टर 7 मार्केट में गार्ड को बंधक बना कर एटीएम मशीन को उखाड़ ले गए थे। जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 7 में मुकदमा नंबर 87 दर्ज किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सदरूद्दीन के खिलाफ थाना एनआईटी में चोरी का एक मामला दर्ज है। इसके अलावा आरोपी इस्ताक से थाना ढोज का एक और अन्य 420 का मामला भी सुलझाया गया है। पुलिस ने आरोपियों से 40,000 रुपये कैश बरामद कर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

फरीदाबाद। जिला किकबॉक्सिंग संघ द्वारा जिला स्तरीय बेल्ट प्रमोशन टेस्ट कार्यक्रम में खिलाड़ियों को बेल्ट प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ एवं हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव एवं वाको इण्डिया किकबॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के वरिष्ठ प्रशिक्षक सचिन कुमार ने बताया की जिला स्तरीय बेल्ट प्रमोशन टेस्ट कार्यक्रम में 31 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार किकबॉक्सिंग खेल का प्रदर्शन भी किया। येलो बेल्ट हासिल करने वाले: सिद्धार्थ भारद्वाज, ट्विंकल, ऋतिक भटिआ, दिशा ग्रोवर, आराध्य शर्मा, अजय वर्मा, रोहन सैनी, सागर, नृप राणा, आदित्य शर्मा, हर्षिल भटिआ, गर्वित भाटिआ, गौरव, आर्यन मखीजा, कुणाल भाटिआ, अर्णव भाटिआ, पुनीता, आरव कालरा शामिल है। ऑरेंज बेल्ट हासिल करने वालों में निहाल सिंह रावत, सहज रियांश गुप्ता, हर्माइनी, हेमलता है। ग्रीन बेल्ट हासिल करने वालों में गौरांग शर्मा, तन्मय शर्मा, ललिता, काजल, मेहुल मल्होत्रा शामिल है। ब्लू बेल्ट हासिल करने वालों में ज्ञाना अनुज, निरल कुकरेजा, दीपिका शर्मा शामिल है। किक बॉक्सिंग प्रशिक्षकों में सचिन कुमार, अजय सैनी, अंजू शर्मा उपस्थित थे।

वूमेंस पावर ने शुरू किया आओ खुशियां बांटे अभियान

फरीदाबाद। वूमेंस पावर संस्था पिछले एक साल से लगातार कार्य कर रही है और अब खुशियां बांटो अभियान के तहत जगह-जगह जाकर और अनाथ आश्रमों में बच्चों के साथ खुशियां बांटने का कार्य कर रही है। वूमेंस पावर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सिटी की जो युवा टीम है। लगातार प्रयास में है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ खुशियां बांटे। एनआईटी तिकोना पार्क छात्रावास में की। युवा टीम ने सभी बच्चों के साथ खुशियां बांटी। वूमेंस पावर की प्रेसिडेंट रोटेरियन चांदनी आजाद अली, डिप्टी सेक्रेटरी शगुन तोमर, सरिता साजवान, यूथ टीम से आशीष पांडे, सैयद मेहविश प्रवीन, मनहर्ष कालरा, दक्ष, अमित, इंदु, सुमित सभी युवा टीम सदस्य मौजूद रहे। हिंदू महासभा से धिनकर नागर ने मौके पर पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांटी। सभी बच्चों को खाने पीने की चीज वितरण की। साथ ही बच्चों के लिए ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन भी हुआ। जिसमें बच्चों के साथ सभी ने मिलकर खूब मौज मस्ती की। वूमेंस पावर की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है कि खुशियां बांटने से बढ़ती है।

समृद्ध व्यक्तियों को वंचित समाज की मदद करनी चाहिए : नागर

फरीदाबाद। तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर व बडखल की विधायक सीमा त्रिखा रविवार को सेक्टर-16 में वंचित वर्ग के बच्चों को ब्रेकफास्ट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसका आयोजन बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन ने किया था। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की मदद समृद्ध व्यक्तियों को अवश्य ही करनी चाहिए। ऐसा करके वह न केवल पुण्य कमा सकेंगे बल्कि समाज का हर वर्ग अपना जीवन सुविधा के साथ जी सकेगा। उन्होंने कहा कि आज बन्नुवाल वेलफेयर एसोसिएशन ने समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को ब्रेकफास्ट करवा कर जो पुण्य का कार्य किया है वह इसके लिए प्रशंसा के पात्र हैं। श्री नागर ने कहा कि बच्चे यहां ब्रेकफास्ट कर बड़ा प्रसन्न महसूस कर रहे हैं जिन्हें देखकर हमें भी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। विधायक नागर ने कहा कि इन बच्चों के चेहरे पर आई यह प्रसन्नता बेशकीमती है। समाज में इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि भाजपा की सरकारों का हमेशा से अंत्योदय मूल मंत्र रहा है, जिसको हमारी केंद्र और राज्य की सरकार पूरी तरह लागू करने के प्रयास कर रही हैं। विधायक सीमा त्रिखा ने ब्रेकफास्ट आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले ओम स्वीट्स ब्रेकफास्ट क्लब के ओम कथूरिया का भी धन्यवाद किया।

संकल्प शक्ति ट्रस्ट का रक्तदान शिविर आयोजित

फरीदाबाद। रविवार कमला नेहरू पब्लिक स्कूल एसजीएम नगर फरीदाबाद में संकल्प शक्ति ट्रस्ट ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 35 रक्तवीरों ने रक्तदान कर जीवन बचाने का संदेश दिया। बतौर मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला युवा भाजपा अध्यक्ष पंकज सिंगला, रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, न्यायधीश सत्य भूषण आर्य, विमल खंडेलवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन विमल खंडेलवाल ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल उड़ाकर किया।

गोपाल शर्मा ने बताया कि जीवन में किसी और का जीवन बचाना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है। रक्त के माध्यम से हम लोगों को जीवन दान देने का कार्य करते हैं। मैं उन सभी रक्तवीरों का सम्मान करता हूं जो हर रक्तदान क्षेत्र में अनूठा कार्य कर रहे हैं। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, युवा भाजपा मोर्चा अध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि एक यूनिट के माध्यम से 2 से 3 लोगों का जीवन बचाया जाता है इस पुनीत कार्य के लिए संस्था के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। संकल्प शक्ति ट्रस्ट फरीदाबाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, जिला चेयरमैन सुभाष शर्मा, जिला अध्यक्ष ऋषि राज गुप्ता ने बताया कि यह इनका पहला रक्तदान शिविर है। भविष्य में मानव मात्र की सेवा के लिए संस्था के द्वारा निरंतर कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

फिरोजाबाद से लापता लड़की को पुलिस टीम ने किया बरामद

फरीदाबाद। पुलिस टीम चौकी बस स्टैंड बल्लभगढ़ ने सराहनीय कार्य करते हुए रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान फिरोजाबाद यूपी से लापता हुई एक लड़की को बरामद करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी चौकी बस स्टैंड बल्लभगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह को एक मानसिक रूप से कमजोर 18 वर्षीय लड़की लावारिस हालत में मिली जो दो दिन से भूखी थी, जिसको खाना खिलाया गया। महिला सिपाही द्वारा 18 वर्षीय लड़की से गहनता से पूछताछ की गई तो लड़की ने बताया कि वह थाना एका जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश की है, थाना प्रभारी एका से संपर्क करके लावारिस लड़की के बारे में पता किया गया तो मालूम हुआ कि लड़की मानसिक रूप से कमजोर है और 13 मार्च को सुबह 4ः00 बजे अपने घर से निकल गई थी, जिसके परिजन उसको तलाश रहे हैं। थाना प्रभारी से लावारिस लड़की के परिजनों का मोबाइल नंबर मांगा गया और लड़की के परिजनों से संपर्क करके लड़की को सकुशल उसके परिजनों के हवाले किया गया।

ग्रेफ में स्वास्थ्य जागरुकता के लिए चलाया गया अभियान

फरीदाबाद। ग्रेफा कंफेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए और दक्ष फाउंडेशन ने आज फरीदाबाद के लोगो को जागरूक करने के लिए ग्रेटर फरीदाबाद में ओमेक्स वर्ड स्ट्रीट पर राइड फ़ॉर प्राइड के नाम से एक मुहिम चलाई है। जिसका उदेश्य लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

राइड फॉर प्राइड के संयोजक रेणु खट्टर, रूपा सोमसुंदरम, शैरी सक्सेना, अंकुर शेरन, व रोहित रावत ने बताया कि हम और अन्य लोगो को साथ मे जोड़ कर फरीदाबाद के लोगो को स्वस्थ रहने के अलग अलग तरिके बताएंगे जो लोगो को स्वस्थ रखने रहने में तो मददगार हैं ही साथ मे इस भागदौड़ भरी जिन्दगी में लोगों का मनोरंजन भी करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत करमोक्षा हीलिंग स्टूडियो के रोहित रावत ने लोगो को योगा करा योग के प्रति जागरूक किया व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर के कैसे हम अपने शरीर को रोग मुक्त रख सकते हैं। इस पर अपने विचार रखें। करमोक्षा की टीम ने योग पर आधारित बहुत ही सुंदर कार्यक्रमप्रस्तुत कर लोगों में योग के प्रति रोमांच भरने का काम किया। साइक्लिंग को अपने दैनिक जीवन मे शामिल कर के स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण को कैसे साफ बनाया जा सकता है। इसके लिए फरीदाबाद के कोने कोने से आए लोगो ने चार किलोमीटर के निर्धारित ट्रैक पर साइकिल चलाई। जस्ट डांस के भरत जी ने अपनी टीम के साथ लोगों का मनोरंजन तो किया ही साथ ही जुम्बा करके कैसे लोग फिट रह सकते हैं ये भी बताया।

वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव ने वाहन चोर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव एसआई जगमिंदर ने बताया कि उनकी टीम ने विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर फरीदाबाद एरिया से शिवम पुत्र अशोक निवासी कमला नगर मालकागंज नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर, थाना सेक्टर 7, थाना पल्ला और थाना सदर बल्लभगढ़ में मोटरसाइकिल चोरी के 4 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने उपरोक्त सभी मुकदमों को सुलझाते हुए आरोपी से 4 मोटरसाइकिल बरामद कर की है। इसके अलावा आरोपी से साइलेंसर चोरी के दो अन्य मामले भी सुलझाए हैं जिसका एक मामला थाना ओल्ड व एक अन्य मामला थाना सेक्टर 17 में दर्ज था। आरोपी नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आज पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

सतर्क रहें किडनी रोगी, कोरोना बन सकता है खतरा

मरीजों की कोई भी दवाई बीच में छूटनी नहीं चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहर में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल में किडनी मरीजों को कोविड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 140 लोगों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल के नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग के निदेशक एवं एचओडी, डॉ. मोहित खिरबत ने कहा कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है इसलिए कोविड संक्रमण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सामान्य लोगों की तुलना में किडनी मरीजों को कोविड का खतरा ज्यादा होता है। अगर किडनी मरीज को कोविड हो गया तो उनमें कोविड ज्यादा गंभीर हो सकता है क्योंकि किडनी समस्या या किडनी ट्रांसप्लांट या डायलिसिस के कारण उनके शरीर की इम्युनिटी कम हो जाती है। इत्तेफ़ाक से अगर उन्हें अस्पताल में एडमिट किया जाता है तो उन्हें विभिन्न समस्याएं होने की आशंका ज्यादा होती है।

इसलिए सलाह दी जाती है कि किडनी के मरीज अपने मौजूदा इलाज की दवाइयां नियमित रूप से लेते रहें। अगर आप सामान्य पेशेंट या केवल दवाईयों से काम चल रहा है तो अपनी दवाइयां समय पर लेते रहें। खासकर किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों की कोई भी दवाई बीच में छूटनी नहीं चाहिए।

अगर किसी मरीज की डायलिसिस चल रही है तो वह अपना डायलिसिस कराते रहें क्योंकि डायलिसिस बीच में छोड़ने पर इमरजेंसी स्थिति की नौबत आ सकती है। इसलिए वे चेहरे पर अच्छा मास्क पहनकर, सैनीटाईजर का इस्तेमाल और उचित सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अपना डायलिसिस नियमित कराते रहें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस्तेमाल से बचें। अगर डायलिसिस मरीज को डायलिसिस के लिए जाना है तो वे अपना निजी ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल करें। अगर अस्पताल में डॉक्टर से कंसल्टेशन लेने में मुश्किल आ रही है तो अस्पताल में मौजूद विडियो कंसल्टेशन के माध्यम से अपने डॉक्टर के संपर्क में रहें और कंसल्टेशन छूटना नहीं चाहिए। ऐसा न हो कि आप बिना किसी चिकित्सीय सलाह के दवाइयां लेते जा रहें हैं, इससे भी आपको नुकसान हो सकता है।

डॉ. मोहित खिरबत ने कहा कि देश में हाल ही में आई कोविड वैक्सीन किडनी के हर मरीज को लगवा लेनी चाहिए क्योंकि यह किल्ड वैक्सीन या इनएक्टिव (निष्क्रिय) वैक्सीन है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। इससे उनके शरीर में एंटीबाडी बनना शुरू हो जाएगी और उन्हें कोविड का खतरा कम हो जाएगा।

कोरोना: 39 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46770

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में जहां एक तरफ कोरोना से बचाव को वैक्सीनेशन किया जा रहा है। रविवार को जिले में 326 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सोमवार को कैम्प के जरिये वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। इसके अलावा 31 निजी और 46 सरकारी अस्पतालों के अलावा 35 कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं रविवार को कोरोना के 39 मरीज सामने आए हैं। राहत की बात यह रही कि 20 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत हो गया।

यहां से पॉजिटिव : 39 पॉजिटिव मे एसीनगर, सेक्टर-82, सेक्टर-88, सेक्टर-15, सेक्टर-34, सेक्टर-35, भगत सिंह कालोनी, सेक्टर-46, एसजीएम नगर, सेक्टर-48 और अन्य एरियों से 1-1 मरीज है। वहीं सेक्टर-7, 9 से 2-2 मरीज है। सेक्टर-31, ग्रीन फिल्ड कालोनी, एनएच-5 से 3-3 मरीज है। वहीं सेक्टर-21 से 9, सेक्टर-16 से 6 मरीज शामिल है।

ये हैं आंकड़े

जिले में कुल पॉजिटिव	: 553797
अब तक पॉजिटिव	: 46770
अब तक नेगेटिव	: 505852
रिपोर्ट आनी शेष	: 1175
ऑक्सीजन पर है	: 2
अब तक मौत	: 419
अब तक ठीक	: 46162

बाइडेन का दृष्टिकोण

सामाजिक ढांचे की रक्षा

मानवजाति के इतिहास में कभी-कभी ऐसा नेता आता है जो अपने देश के सामाजिक को अपूरणीय नुकसान पहुंचाता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसे नेताओं में शामिल हैं। उनके बाद आने वाले वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन पर यह जिम्मेदारी आई है कि वे ट्रंप की विभाजनकारी रणनीति के कारण अमेरिकी समाज को हुए नुकसान को दूर करें। अपने स्पष्ट व संवेदनशील दृष्टिकोण के चलते बाइडेन ने चीजें सुधारने की दिशा में अनेक कदम उठाने शुरू किए हैं। अपने पहले राष्ट्रपति संबोधन में उन्होंने कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ संघर्ष में उठाए कदमों का उल्लेख किया। बाइडेन ने स्पष्ट शब्दों में वैश्विक महामारी शुरू होने के बाद से एशियाई-अमेरिकनों के खिलाफ हुए अनेक 'खतरनाक घृणा अपराधों' की निन्दा की। इन कृत्यों को 'गैर-अमेरिकन' बताते हुए उन्होंने फौरन इन पर लगाम लगाने की बात कही। उनकी यह टिप्पणी चीन पर दुनिया भर से लगे इन आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है कि उसने दुनिया के खिलाफ वायरस छोड़ दिया। इसे ट्रंप अक्सर 'चीनी वायरस' कहते थे। इस कारण अनेक एशियाई-अमेरिकनों के खिलाफ हमले हुए और उनका उत्पीड़न किया गया क्योंकि उनको महामारी का दोषी ठहराया गया था। यदि कोलम्बिया विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध पर विश्वास किया जाए तो एशियाई-विरोधी घृणा अपराधों में दो गुनी वृद्धि हुई है। हालांकि, कुल घृणा अपराधों में कमी आई है, पर इनमें अमेरिका के प्रमुख 16 शहरों में 2020 में वृद्धि हुई और वे 49 से बढ़ कर 122 हो गए। स्टाप आपी हेड एडवोकेसी समूह द्वारा किए एक और अध्ययन से पता चला है कि मार्च-दिसंबर 2020 में देश भर में आनलाइन एशियाई-अमेरिकनों के खिलाफ नस्ली व भेदभाव की 2,800 से अधिक घटनायें हुई थीं। हालांकि, बाइडेन के इरादे अच्छे हैं, पर अभी यह देखना बाकी है कि वे ट्रंप के विभाजनकारी विमर्श से हुए नुकसान से पैदा घाव कहां तक दूर कर पाते हैं। इनका निशाना न केवल एशियाई-अमेरिकी थे, बल्कि इन्होंने श्वेतों और अश्वेतों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया था। उनके कार्यकाल में नस्ली दंगे काफी समय तक जारी रहे जिनके चलते 'ब्लैक लाइव्स मैटर्स' आंदोलन पूरे अमेरिका में फैला।

हालांकि, दक्षिणपंथी हिंसा बराक ओबामा के राष्ट्रपति कार्यकाल में श्वेतों की बेचैनी का परिणाम थी, पर इसमें ट्रंप युग में भारी वृद्धि हुई। इसका कारण निश्चित रूप से ट्रंप के बयान हैं जिनको श्वेत श्रेष्ठतावादियों ने अपने प्रति पूर्व राष्ट्रपति के रणनीतिक समर्थन की तरह देखा। उदाहरण के लिए, चार्ल्सटसविले में हुई हिंसा के बाद ट्रंप ने जोर दिया था कि 'दोनों पक्ष' समान रूप से जिम्मेदार हैं और धुर-दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों में कुछ बहुत अच्छे लोग' शामिल थे। विडंबना है कि इन 'बहुत अच्छे लोग' में से अनेक 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' टोपियां पहने थे और नस्ली तथा यहूदी-विरोधी नारे लगा रहे थे। 6 नवंबर को मध्यावधि चुनाव के पहले ट्रंप ने भीड़ जुटा कर मुसलमानों व आप्रवासियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया था। इस प्रकार देश पूरी तरह विभाजित हो गया और बाइडेन के सामने दिलों को जोड़ने की गंभीर चुनौती है। वास्तव में अमेरिकी नागरिकों को संदेह है कि क्या वे यह काम कर सकेंगे। सीएनएन के एक सर्वेक्षण में 67 प्रतिशत अमेरिकनों ने विश्वास प्रकट किया है कि बाइडेन में वैश्विक महामारी के समय में अमेरिका को निर्देशित करने की क्षमता है। प्यू शोधकर्ताओं द्वारा किए सर्वेक्षण में बहुसंख्य लोगों ने विदेश नीति और अर्थव्यवस्था के बारे में नए राष्ट्रपति की गंभीर नीतियों का समर्थन किया है। लेकिन इनकी तुलना में देश को एकजुट करने की उनकी क्षमता में कम लोगों को विश्वास है तथा 52 प्रतिशत लोगों ने इसमें संदेह प्रकट किया है। केवल आने वाला समय ही बताएगा कि संदेह करने वालों की आशंका सही है या नहीं।

फिलिस्तीन में युद्ध अपराधों की जांच

फिलिस्तीन राज्य के गतिरोध में कई हिस्सेदार हैं। दशकों के संघर्ष के बावजूद, आत्मनिर्णय के लिए फिलिस्तीनी आंदोलन कहीं नहीं बढ़ रहा है। द्वि-राज्य समाधान संकट को एक बार में समाप्त करने का सबसे आदर्श तरीका है।

माखन सैकिया
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने फिलिस्तीनी क्षेत्रों में कथित युद्ध अपराधों की जांच का आदेश दिया है, जो 1967 के ऐतिहासिक छह दिवसीय युद्ध में इजरायल द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिसमें देश ने पहले से ही समाधान निर्माण शुरू कर दिया है। 13 जून, 2014 से आईसीसी की जांच उन अपराधों पर गौर करेगी, जो कथित रूप से किए गए हैं। फिलिस्तीनियों ने जून 2014 को इस्राइल के विनाशकारी गाजा युद्ध के दौरान अप करने के लिए जांच शुरू करने के लिए चुना था।

2015 में वापस, आईसीसी ने 2014 के गाजा संघर्ष में प्रारंभिक जांच शुरू की। उस वर्ष जून के महीने में, फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) ने इजरायली सेना द्वारा बड़े पैमाने पर युद्ध अपराधों के सबूत प्रस्तुत किए। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्राइली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास द्वारा युद्ध अपराधों के सबूत थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, लगभग 1,500 नागरिकों सहित 2,200 से अधिक फिलिस्तीनियों को इस्राइली आग से मार डाला गया, जबकि कम से कम 67 सैनिक और छह नागरिक इस्राइली पक्ष पर मारे गए। हालांकि, इस्राइल ने तर्क दिया है कि उसने अपने शहरों के खिलाफ नॉनस्टॉप रॉकेट आग के खिलाफ आत्मरक्षा का युद्ध छेड़ दिया। युद्ध अपराधों की जांच शुरू करने के लिए आईसीसी के फैसले को यहूदी-विरोधी और पाखंड की संज्ञा देते हुए, इस्राइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है, ''इस्राइल राज्य पर हमला हो रहा है ... मैं वादा करता हूं कि हम सच के लिए लड़ेंगे जब तक कि यह निंदनीय निर्णय नहीं होगा।''

नेतन्याहू ने आईसीसी पर ईरान, सीरिया और अन्य तानाशाही सरकारों पर आंखें मूंदने का आरोप लगाया जो वास्तविक युद्ध अपराध कर रहे हैं। आईसीसी की जांच शुरू करने का निर्णय इसके निवर्तमान मुख्य अभियोजक फतौ बेनसोदा ने लिया, जो गम्बियन के पूर्व न्यायाधीश थे। इस साल फरवरी में, बेनसोदा ने दावा किया कि आईसीसी के मामले पर अधिकार क्षेत्र था। 2019 में उसकी प्रारंभिक जांच ने इस तथ्य को सामने लाया है कि वेस्ट बैंक में युद्ध अपराध के मामले को खोलने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, जिसमें पूर्वी यरूशलेम और गाजा पट्टी शामिल हैं। अपने एक बयान में, उसने कहा कि जांच अदालत के अधिकार क्षेत्र में अपराधों पर गौर करेगी। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सुनिश्चित किया है कि जांच बिना किसी डर या पक्षपात के स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से की जाएगी।

इस जांच का बड़ा काम आईसीसी के नए मुख्य अभियोजक द्वारा किया जाएगा, जिसके प्रमुख ब्रिटिश वकील करीम खान होंगे, जो इस साल जून में बैंसौडा का स्थान लेंगे। वह वर्तमान में इराक में इस्लामिक स्टेट द्वारा किए गए युद्ध अपराधों की संयुक्त राष्ट्र जांच करता है। आईसीसी जांच का उद्देश्य दो प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना है, जिनके आसपास इस्राइल सरकार की नीतियां शामिल हैं : 2014 में एक विनाशकारी युद्ध और पूर्वी येरुशलम और वेस्ट बैंक में इसके विस्तार के कारण गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य सैन्य बल जारी रखे। तेल अवीव की इन कार्रवाइयों को मोटे तौर पर आईएसी में अपनी रिपोर्ट में पीए द्वारा अदालत में शामिल होने के बाद से उजागर किया गया है। हालांकि फिलिस्तीन एक स्वतंत्र राष्ट्र नहीं है, इसे 2012 में प्रतिष्ठित संयुक्त महासभा में गैर-सदस्य का दर्जा दिया गया था। और इससे फिलिस्तीन को आईसीसी जैसे अन्य महत्वपूर्ण वैश्विक संस्थानों में अपनी सदस्यता का दावा करने में मदद मिली। तब से, फिलिस्तीन अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस्राइल द्वारा युद्ध अपराधों के आरोप के बारे में समझाने की कोशिश कर रहा है। अब आईसीसी द्वारा घोषित जांच का दिलचस्प हिस्सा यह है कि इस्राइल अदालत का सदस्य नहीं है। इसके अलावा, इस्राइल सरकार इस तथ्य को रेखांकित करती है कि चूंकि फिलिस्तीन एक स्वतंत्र राज्य नहीं है, इसलिए आईसीसी के पास इसके लिए कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। हालांकि, आईसीसी जांच शुरू होने से बेहद उत्साहित है। फिर भी कई फिलिस्तीन के हमदर्दों पर काम किया जा रहा है क्योंकि बैंसौडा की प्रारंभिक रिपोर्ट में युद्ध अपराधों के सबूतों के उल्लेख के बावजूद आईसीसी जांच पीड़ाजनक रूप से धीमी रही है। घरेलू मामलों की तुलना में इस तरह के मामलों में शामिल अंतरराष्ट्रीय अदालत की कार्यवाही में लंबा समय लग सकता है।

'किंगबीबी' के नाम से लोकप्रिय, नेतन्याहू आईसीसी जांच मुद्दे को संभालने में माहिर हैं। उनके अनुयायी उन्हें 'द मैजिशियन', 'द विनर' और 'मेलेख यिसरेल' (यानी इस्राइल का राजा) कहते हैं। उनके विरोधी समाधानवाद के लिए जाना जाता है, वह इस सिद्धांत को लोकप्रिय बनाने की कोशिश करता है कि इस्राइल भेड़ियों के कपड़ों में भेड़ियों से घिरा हुआ है और भेड़ियों के कपड़ों में। ऐसा लगता है कि नेतन्याहू फिलिस्तीन मुद्दे पर यथास्थिति के पक्षधर हैं।

समान रूप से अनिच्छुक फतह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण को यथार्थवादी समाधान के साथ आने की जरूरत है। यथास्थिति ने फतह नेतृत्व का समर्थन किया क्योंकि इससे उसे सत्ता में बने रहने में मदद मिली। फिलिस्तीनी राज्य बनाए बिना भी, इसराइल के साथ सुरक्षा सहयोग पीए को हमास द्वारा उखाड़ फेंके जाने से बचा सकता है। अतीत में, जब इस्राइल के कब्जे वाले क्षेत्रों में युद्ध अपराधों पर चिंता जताई गई थी, तो अदालत के निष्कर्षों की गंभीरता से बचने का प्रयास किया गया था। फिलिस्तीन की राज्यता, अदालत के अधिकार क्षेत्र की वैधता और उनकी बहुत ही राजनीतिक उपयुक्तता के मुद्दे पर इस्राइल द्वारा प्रश्न उठाए गए थे।

तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन ने इस मुद्दे पर इस्राइल सरकार का ठोस समर्थन किया। तेल अवीव के लिए वाशिंगटन के अटूट समर्थन ने आईसीसी और उसके कर्मियों पर सीधे हमले में परिलक्षित किया क्योंकि इसने अपने नागरिकों और क्षेत्र पर आईसीसी के अधिकार को अस्वीकार कर दिया, आईसीसी कर्मियों और उनके परिवारों को वीजा निलंबित कर दिया और फिलिस्तीन जांच और किसी भी अन्य कार्रवाई की निंदा की। लक्ष्य इस्राइल को गलत तरीके सेतब सेक्रेटरी ऑफ स्टेट माइक पोम्पिओ ने लगातार आईसीसी को एक शर्मनाक, राजनीतिक, पाखण्डी, गैरकानूनी और राजनीतिक प्रतिशोध के लिए एक वाहक के रूप में संदर्भित किया, एक कानूनी निकाय के रूप में। तब राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश जारी किया जिसमें आईसीसी अभियोजक और जांचकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। कई, विशेष रूप से दुनिया भर में बाएं उदारवादियों ने सोचा कि जो बिडेन सत्ता में आने के साथ, वाशिंगटन कार्रवाई के पिछले पाठ्यक्रम को उलट देगा। और अंतत: एक नया अमेरिका वापस आ जाएगा। हालांकि, मानवाधिकारों पर जोर देने वाले बिडेन प्रशासन और विदेश नीति के लिए एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण इस्राइल के पीछे खड़ा है, जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति करते हैं।

एंटनी ब्लिंकेन, उनके राज्य सचिव, ने आईसीसी जांच पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि अमेरिकी दृढ़ता से विरोध करता है और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में युद्ध अपराधों की जांच खोलने के अदालत के फैसले पर गहरी निराशा है। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले पर आईसीसी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं था। इस्राइल आईसीसी का पक्षकार नहीं है और उसने न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में सहमति नहीं दी है जो हमारे पास है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, ''हम दृढ़ता से विरोध करते हैं और आईसीसी अभियोजक द्वारा फिलिस्तीनी स्थिति की जांच की घोषणा से निराश हैं। हम इस्राइल और इसकी सुरक्षा के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को बनाए रखना जारी रखेंगे, जिसमें उन कार्यों का विरोध करना शामिल है जो इस्राइल को गलत तरीके से निशाना बनाना चाहते हैं।''

यह निश्चित रूप से नेतन्याहू को आईसीसी के फैसले के खिलाफ अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। सभी विवादों पर विराम लगाने के लिए, आने वाले अभियोजक खान का कर्तव्य है कि जांच को पूरी तरह से कानूनी माना जाए।

दशकों के संघर्ष के बाद, फिलिस्तीनी लोग और आत्म-निर्णय के लिए उनका आंदोलन कहीं नहीं बढ़ रहा है। फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय का अधिकार और एक स्वतंत्र राज्य का उनका सपना अब तक एक उदात्त लक्ष्य बना हुआ है। निराश, एक विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय ध्यान से वंचित, फिलीस्तीनी अपने अस्तित्व के लिए बुनियादी इमारत ब्लॉकों के लिए मंच तैयार करने के लिए मजबूर हैं। सभी को जो कुछ भी चाहिए, वह कुछ 72 साल पहले 1948 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के मानवाधिकारों की गारंटी के मूल अधिकार हैं। और इजरायल के लिए एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना और पहचान करने में मदद करने का समय है।

सेमी-ट्रम्पिज्म या किसी अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति के तहत छुपाया गया बिडेन, एक पूर्व निर्धारित ढांचे के साथ, फिलिस्तीन और इजरायल के बीच लंबे संघर्ष को हल करने में सक्षम नहीं होगा। दो पक्षों के बीच शत्रुता को समाप्त करने के लिए एक दो-राज्य समाधान सबसे आदर्श तरीका है।

जनसंख्या वृद्धि पर नया दृष्टिकोण

> जनसंख्या वृद्धि दर का आकलन मानव विकास तथा जेंडर समानता के दृष्टिकोण से होना चाहिए।

विकास महात्मे
(लेखक राज्यसभा सदस्य हैं)

भारत में 1952 में परिवार नियोजन शुरू होने के लगभग तीन दशक पहले महाराष्ट्र के पुणे में एक इतिहास रचा गया था। समाज सुधारक आर.डी. कर्वे ने देश का पहला परिवार नियोजन क्लीनिक 1923 में खोला था तथा आल इंडिया वीमेन्स कान्फ्रेंस-एआईडब्लूसी ने 1935 में स्वैच्छिक जन्म नियंत्रण की पैरवी की थी। उस समय से भारत लगातार जनसंख्या स्थिरीकरण की ओर बढ़ रहा है क्योंकि उसने परिवार नियोजन को प्राथमिकता दी थी तथा उसमें प्रशंसनीय प्रगति की थी। उदाहरण के लिए, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है और प्रजनन दर भी 1971-73 में 5.1 से गिर कर 2015-16 में 2.2 रह गई है। वास्तव में 24 राज्यों ने पहले ही जनसंख्या स्थिरीकरण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और उनकी प्रजनन दर 2.1 है। यह प्रजनन वर्षों में महिला द्वारा पैदा किए जाने वाले बच्चों की संख्या है।

लेकिन देश में प्रगति एक समान नहीं है और जनसंख्या संरचना तथा सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता के चलते कुछ राज्यों में अब भी प्रजनन दर अधिक है। यह बिहार में 3.4, उत्तर प्रदेश में 2.7 तथा मेघालय में 3.0 है। प्रजनन में परिवर्तन-स्तर प्राप्त करने वाले 24 राज्यों में भी राज्यों के भीतर भिन्नतायें हैं जिनका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व जेंडर समानता से है। लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं व परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच असमान है जिसका कारण उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर और भौगोलिक स्थिति है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में संपदा सूचकांक के अनुसार सबसे गरीब भारतीयों में गर्भनिरोध न प्राप्त करने का स्तर 16.7 प्रतिशत है तथा आधुनिक गर्भनिरोध प्रयोग दर-एमसीपीआर 36.3 प्रतिशत है, जबकि सबसे अमीर लोगों में यह क्रमश: 11.6 व 53.1 प्रतिशत है। समुदायों में साक्षरता और आय का स्तर बढ़ने के साथ ही शिक्षा के साथ महिला सशक्तीकरण का स्तर तथा कार्यबल में उनकी सहभागिता बढ़ती है। इससे स्वाभाविक रूप से उनके बच्चों की संख्या कम हो जाती है। केरल में यह 1.8, तमिलनाडु में 1.6 तथा आंध्र प्रदेश में 1.7 है। प्रमाणों से स्पष्ट है कि महिलाओं की शिक्षा का प्रजनन दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है और कभी स्कूल न जाने वाली महिलाओं के तीन से अधिक बच्चे हो सकते हैं।

परिवार नियोजन सेवाओं का प्रयोग न करने वालों में धर्म के आधार पर गौर करने से असमानता की बहु-स्तरीय समस्या दिखाई देती है। भारत के सभी धार्मिक समूहों में मुसलमानों की प्रजनन दर में 1995-2015 के दौरान सबसे ज्यादा कमी आई है, लेकिन अभी भी उनकी परिवार नियोजन सेवाओं तक समान पहुंच नहीं है। हिंदुओं, ईसाइयों व सिखों तथा मुसलमानों के बीच सेवायें न मिलने का स्तर 16.4 प्रतिशत है।

इससे स्पष्ट होता है कि वे बच्चों के जन्म में अंतर रखने या उनकी संख्या सीमित करने के लिए गर्भनिरोध प्रयोग करना चाहते हैं, पर वह उनको उपलब्ध नहीं हैं। दूसरी ओर मुसलमानों के लिए एमसीपीआर का स्तर सबसे कम 37.9 प्रतिशत, जबकि हिंदुओं के लिए 48.8 प्रतिशत व सिखों के लिए 65.4 प्रतिशत है। इसलिए जनसंख्या वृद्धि दर को धार्मिक दृष्टिकोण से देखने के बजाय यह समझना जरूरी है कि इसका मूल्यांकन मानव विकास और जेंडर समानता के दृष्टिकोण से होना चाहिए। इसके साथ ही बिना पहुंच वाली जनसंख्या, जैसे आदिवासी महिलाओं, मलिन बस्ती निवासियों व प्रवासियों तक पहुंचने की आवश्यकता है। नीति आयोग के महत्वाकांक्षी जिलों के कार्य क्रम में परिवार नियोजन संकेतकों को शामिल कर एक प्रमुख विकास सूचकांक बनाया जाना चाहिए जिसका लक्ष्य हाशियाकृत वर्गों की परिवार नियोजन पसंद तथा सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना हो। सरकार को परिवार नियोजन के लिए एक पूर्णकालिक विभाग गठित कर इसके लिए केन्द्रीय बजट निश्चित करना चाहिए।

उसे परिवार नियोजन गतिविधियों पर नजर रखने तथा विभिन्न मंत्रालयों व प्लेटफार्मों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वैश्विक महामारी के बाद परिवार नियोजन अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके कारण टिकाऊ विकास लक्ष्यों की ओर हमारी प्रगति धीमी पड़ी है। यूएनएड्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, महामारी ने भारत में 25 मिलियन से अधिक युगलों के लिए गर्भनिरोध पहुंच को बाधित किया है। हमें इस समस्या से युद्ध स्तर पर निपटना होगा।

आप की बात

टरकाऊ कार्य प्रणाली

उप्र में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्य प्रणाली का नमूना देखने को मिला। जब केंद्रीय मंत्री ने उप्र की जर्जर और गड्ढा मुक्त सड़कों को ठीक कराने का निर्देश दिया। जवाब में सड़को के दुरुस्त होने की रिपोर्ट अधिकारियों ने भेज दिया। जबकि सच में कार्य नही हुआ। सच पर पर्दा डालने का खेल केंद्रीय मंत्री के देखने को मिला। एक मंत्री को गलत रिपोर्ट दी जा सकती है। तो आमजनता को दिए गए आश्वासन सत्य की कसौटी पर कितने खरे उतरते होंगे। इसका अनुमान देश और प्रदेश के कर्णधारो को लगाना चाहिये।विकास कार्यो के पूरा करने के निर्देश मंत्रियों और उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित निर्देश जारी किए जाते और कार्य की प्रगति की आख्या मांगी जाती है। केंद्रीय मंत्री के साथ पेश आये वाकिये ने विश्वास के आधार को गिरा दिया। ऐसी रिपोर्टे शासन की छवि को दागदार बनाती है। सच पर पर्दा डालने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ाई से पेश आने के साथ सख्त कार्यवाही भी होनी चाहिये। लेकिन उप्र जैसे विशाल राज्य में विडंबना यही है कि प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली चिन्तनीय है। प्रदेश में अधिकारीगण अधिकतर लोगों की समस्याओं पर ध्यान नही देते।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव

ओपेन बुक पद्धति बेहतर

गतवर्ष की तरह फिर कोरोना अपने रौद्र रूप में पलट कर आया है। चिन्तनीय और चौकाने वाले आंकड़े प्रभावित राज्यो की और देश की चिंता की लकीरें बढ़ा रहे है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर 24 घण्टे में 24882 नए कोरोना मामले आए। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब, मध्यप्रदेश, गुजरात दिल्ली कर्नाटक और हरियाणा में सबसे ज्यादा मामले रफ्तार पकड़ रहे हैं। इस कोरोना ग्राफ को देखते हुए उच्च शिक्षा प्रशासन को कारगर रणनीति बनाना चाहिए। कोरोना के ऐसे हालातों को देखते हुए ऑफ लाइन परीक्षा करवाना मुश्किल और रिस्क भरा हो सकता है। वैसे कुछ परीक्षाओं में ओपन बुक प्रणाली अभी भी लागू है। कोरोना बेकाबू हालातो को देखते हुए कालेजो की सभी परीक्षा ओपन बुक पद्धति से ही करवाना कारगर होगा। इस बार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं करवाने की विभाग की मंशा जरूर है। परन्तु विद्यार्थियों की भी सुरक्षा और सेहत का ध्यान रखना जरुरी है। वैसे सूत्रों द्वारा 1 अप्रैल से स्कूलों को खोलने की भी खबरें है परन्तु बेकाबू कोरोना को देखते हुए सम्भव नही लगता। म.प्र में कोरोना के नए केस 675 के लगभग हैं। इसमे कोई दो मत नही लोगो की लापरवाही और कोरोना को हल्के में लेने की मानसिकता ही भारी पड़ रही है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

बढ़ता कोरोना संक्रमण

कोरोना संक्रमण से सरकार की मुसीबतें बढ़ना जारी है। महाराष्ट्र के बाद पंजाब की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। हालातों पर अगर शीघ्र काबू नहीं पाया गया तो एक पखवाड़े में स्थिति भयावह हो सकती है तेजी से बढ़ रहे आंकड़े तो फिलहाल यही कहानी कहते लग रहे हैं। निकाय चुनाव से निबटे पंजाब राज्य में लगातार कोरोना का संक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा बड़े सामाजिक आयोजन वाले क्षेत्रों में भी पॉजिटिव दर ज्यादा है। राज्य के जालंधर, लुधियाना, शहीद भगत सिंह नगर, पटियाला, अमृतसर और एस.ए.एस. नगर इस समय सर्वाधिक प्रभावित है। अगर तेजी से बढ़ते आंकड़ों की बात करें तो राज्य में 15 मार्च तक 2000 नए प्रतिदिन केस जाना आ सकते हैं। सीएमसी के कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट की असेसमेंट स्टडी में यह बात खुलकर सामने आई है। स्टडी कहती है 22 मार्च तक आंकड़ा 3000 प्रतिदिन और मार्च अंत तक मामलों की संख्या प्रतिदिन 4000 हो सकती है ऐसे में सरकार की चिंता बढ़ी है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

ममता बनर्जी उन चंद चेहरों में से एक हैं जो भाजपा को विपक्ष का दमन करने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

– **यशवंत सिन्हा**
पूर्व केंद्रीय मंत्री

पूर्ववर्ती सरकार का दौर भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जातिवाद और योग्यताओं की उपेक्षा का दौर था। उस दौरान सरकारी पदों का वितरण एक परिवार के सदस्यों को किया जाता था।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है मगर आलोचना सही जानकारी पर आधारित होनी चाहिए।

– **वेंकैया नायडू**
उपराष्ट्रपति

योगी ने तय की रैपिड रेल चलाने की समय सीमा

● दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड ट्रांजिट सिस्टम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

किसी भी राज्य की तरक्की की पहचान उसके बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर से होती हैए जितना बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी होगी, उतने ही बड़े पैमाने पर निवेश आता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यूपी की योगी सरकार ने इसी फार्मूले पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण शुरू किया है। योजना का परिचालन शुरू करने के लिये सीएम ने समयसीमा तय कर दी है।

सीएम योगी ने राज्य के विकास को पंख लगाने के लिये राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) कॉरिडोर परियोजना शुरु करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार से मंजूर करवाया था और अब मुख्यमंत्री का प्रयास है कि उनकी महत्वकांक्षी योजनाओं मे आरआरटीएस परियोजना के अंतर्गत दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के प्राथमिक सेक्शन का परिचालन वर्ष 2023 में शुरु हो जाए। इसके लिए उन्होंने आरआरटीएस कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने नीति आयोग को भी बता दिया है कि वर्ष 2023 में उक्त परियोजना मेरठ और दिल्ली वालों की जिंदगी को आसान बनाने लगेगी।

गौरतलब है कि रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम भारत में लागू होने वाली अपनी तरह की पहली परियोजना है। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य की जरुरतों के आधार पर एनसीआर में क्षेत्रीय गतिशीलता को बढ़ाने के लिए दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को कैबिनेट से पास करवाया था। प्रदेश के इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने मार्च 2019 में मजूरी दी और 8 मार्च 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया गया। आवास विभाग के अधिकारियों के अनुसार 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की परिचालन गति के साथ आरआरटीएस एनसीआर को रीजनल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

केंद्र सरकार ने आरआरटीएस से देश के प्रमुख क्षेत्रीय केंद्रों को जोड़ने के लिए कुल आठ कॉरिडोर चिन्हित किए हैं। इनमें से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर तीन प्राथमिकता वाले आरआरटीएस कॉरिडोर में से एक है, जिसे फेज-1 में लागू किया जा रहा है। 82 किलोमीटर लंबा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर देश का पहला आरआरटीएस कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर के साहिबाबाद और दुहाई के बीच 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड में शामिल है। इस कॉरिडोर को मार्च 2023 तक तथा पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर इसका परिचालन 2025 से शुरू करने का लक्ष्य है। फेज-1 के अन्य दो आरआरटीएस कॉरिडोर दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत है। दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी कॉरिडोर के लिए पूर्व निर्माण गतिविधियां जारी हैं।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 82.15 किमी लंबा है। दिल्ली में 13 और यूपी में 69.15 किमी लंबी इस परियोजना पर कुल 30,274 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत मेरठ में मेट्रो सेवाओं भी संचालन किया जाएगा। इसके लिए मेरठ में 13 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। जबकि गाजियाबाद में मल्टीमोडल एकीकरण संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इस परियोजना के लिए प्रदेश सरकार अब तक 1550 करोड़ रुपये निर्गत कर चुकी है। भारत सरकार ने भी 2138 करोड़ रुपए निर्गत किए है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4472 करोड़ रुपए का प्राविधान किया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में एनसीआरटीसी के प्रस्तावानुसार 1326 करोड़ के बजट की व्यवस्था भी कर दी गई है।

इस धनराशि के जरिए आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परियोजना के निर्माण कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री का मानना है, रैपिड ट्रांजिट सिस्टम रेल सेवा तेज गति के साथ आरामदायक व सुरक्षित होगी। ये परियोजना ट्रैफिक जाम से छुटकारा दिलाएगी और प्रदूषण को कम करने में भी सहायक होगी। मेरठ और दिल्ली वालों की जिंदगी रफ्तार भरेगी। जल्द ही वर्ष 2023 मुख्यमंत्री की यह उम्मीद पूरी होगी और मेरठ के लोग रैपिड रेल से सफर करते दिखेंगे।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज

साफ होगी विस चुनाव में पार्टी के एजेंडे की तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में अगले विधान सभा चुनाव में बीजेपी क्या एजेंडा लेकर जाएगी यह तस्वीर काफी हद तक सोमवार को होने वाली प्रदेश कार्य समिति की बैठक के बाद स्पष्ट हो जाएगी। पार्टी का हिन्दुत्व के साथ-साथ राष्ट्रवाद को साथ लेकर चलना या उसे और धार देना है ऐसे तमाम विषयों पर कार्य समिति में चर्चा होगी। ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रदेश कार्य समिति की बैठक एक दिन में ही समाप्त हो रही है अन्यथा दो दिन की यह बैठक होती थी। दरअसल त्योहार और पंचायत चुनाव को देखते हुए यह बैठक एक दिन की जा रही है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पूर्व रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता एवं पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल की उपस्थित में हुई बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर, प्रदेश सह प्रभारी सत्या कुमार व संजीव चौरासिया, प्रदेश सह महामंत्री संगठन भवानी सिंह व कर्मवीर सहित प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष सम्मलित हुए।

● बैठक का उद्घाटन सोमवार को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे जबकि समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा की जाएगी

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अश्वनी त्यागी ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन प्रात: 11 बजे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे जबकि समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे शहर को पार्टी के झण्डे, बैनर व होर्डिंगों से सजाते हुए कार्यसमिति में आने वाले प्रतिनिधियों के स्वागत व अभिनंदन की तैयारी की गई है। रविवार को दिन भर कार्यसमिति के बैठक स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से लेकर पार्टी कार्यालय गोमतीनगर, लोहिया पार्क, हजरतगंज, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट सहित राजधानी के सभी मुख्य मार्गो व चौराहों को पार्टी के झण्डें-बैनरों से सजाया गया है। राजधानी में प्रवेश के लिए बने सभी मुख्य मार्गो पर भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा झण्डे व बैनर, होर्डिंग लगाई गई है। पार्टी ने कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलग-अलग समूह बनाकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी है। कार्यसमिति स्थल पर पार्टी के सभी 6 संगठनात्मक क्षेत्रों अवध, काशी, पश्चिम, ब्रज, गोरखपुर और कानपुर-बुन्देलखण्ड से आने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के पंजीकरण के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई है। आवश्यकता पड़ने पर कार्यकर्ताओं को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए कार्यसमिति स्थल पर हेल्थ कैम्प का प्रबंध भी पार्टी द्वारा किया गया है।

राजनाथ सिंह पहुंचे लखनऊ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार शाम को लखनऊ पहुंच गए। सोमवार को होने वाली प्रदेश कार्य समिति में उदघाटन सत्र को राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे।

लखनऊ एयरपोर्ट पर राजनाथ सिंह के पहुंचने पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पहुंचने पर मंत्री आशुतोष टंडन, बृजेश पाठक, डॉ महेंद्र सिंह, स्वाति सिंह, महापौर संयुक्ता भाटिया, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा रक्षा मंत्री को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 15 मार्च को प्रात: 11 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करेंगे। वहीं से अपराहन 1 बजे अमौसी एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे व 1.30 दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

मिशन टॉपर के तहत मेधावियों पर रहेगी विशेष निगाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हाईस्कूल व इंटर परीक्षा को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने मिशन टॉपर के अंतर्गत छात्रों की पहचान कर विशेष ध्यान देने को कहा है। मिशन टॉपर के तहत मुख्यमंत्री सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले छात्रों को एक लाख रुपये, प्रमाणपत्र और टैबलेट देकर सम्मान करने के साथ ही मेधावी छात्रों के घर से पक्की सड़क तक गौरव पथ के नाम से लिंक रोड का निर्माण कराया जाता है।

इसके साथ ही जिला स्तर पर सर्वोच्च अंक पाने वाले 10 छात्रों को 21 हजार रुपए, प्रमाणपत्र और टैबलेट दिया जाता है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह के स्तर पर जारी आदेश के मुताबिक कालेजों के प्रधानाचार्य को क्लास से ही मेधावी छात्रों का चयन कर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इसमें बोर्ड के तनाव से बाहर निकलन, बोर्ड परीक्षा की मेरिट में स्थान बनाने और विषयों के आधार समयानुसार पढ़ाई किए जाने की बात कही गई है।

सूबे में अब तक 24 लाख से अधिक लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण के खिलाफ चल रहे वैक्सीनेशन अभियान के तहत अभी तक कुल 26,43,841 कोविड वैक्सीनेशन की डोज लगायी जा चुकी है। इनमें से 20,30,600 व्यक्तियों को पहली डोज लगी है इनमें से 6,13,241 को दूसरी डोज भी लगायी जा चुकी है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 178 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 1,851 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 865 लोग होम आइसोलेशन में हैं। इसके अतिरिक्त मरीज निजी चिकित्सालयों एवं सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। प्रदेश में कल एक दिन में कुल 96,162 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,27,57,452 सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में अब तक 5,94,693 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,86,221 क्षेत्रों में 5,12,724 टीम दिवस के माध्यम से 3,15,14,761 घरों के 15,30,03,873 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश भर में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा हैए मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय में सोमवार से शनिवार तक टीकाकरण किया जा रहा है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कोविड वैक्सीनेशन का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से सभी मेडिकल कॉलेज, सभी जिला अस्पताल तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार से शनिवार तक कोविड वैक्सीनेशन का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो को-मॉर्बिड 45 से 60 वर्ष के आयु वर्ग लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है, जो 60 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग के हैं उनके लिए किसी प्रकार की कोई भी शर्त नहीं है वे अपना नजदीकी सेन्टर पर जाकर टीकाकरण करा सकते हैं।

सरकार के मंत्रियों व संगठन के पदाधिकारियों ने महापुरुषों की प्रतिमा ओं पर किया माल्यार्पण

● बीजेपी की प्रदेश कार्य समिति से पहले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी की सोमवार 15 मार्च को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पूर्व लखनऊ में प्रदेश सरकार के मंत्रियों एवं अन्य प्रमुख नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और पुष्पाजंलि अर्पित की।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन गोपाल ने शहीद स्मारक व कारगिल पार्क पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल पहुंचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कैबिनेट मंत्री डा महेन्द्र सिंह व कैण्ट क्षेत्र से विधायक पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश तिवारी ने पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा केकेसी चारबाग एवं हुसैनगंज स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया जबकि कैबिनेट मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने लोक भवन स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब भीवराम अम्बेडकर व अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि अर्पित की जबकि राज्यमंत्री मोहसिन रजा ने सिकन्दर बाग स्थित उदादेवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महापौर संयुक्ता भाटिया ने परिवर्तन चौक स्थित सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए जबकि अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल ने महाऋषि पंच सुदर्शन व चौक स्थित बाल्मीकि प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने लालबाग स्थित सुहेलदेव की प्रतिमा और विधायक नीरज बोरा ने हजरतगंज स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल की प्रतिमा व विधायक अविनाश त्रिवेदी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पाजंलि अर्पित की। लखनऊ में अन्य स्थानों पर भी शहीदों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व पार्षदों ने माल्यार्पण व पुष्पाजंलि अर्पित की।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती में ढाई लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सूबे के अनुदानित जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षक भर्ती के लिए चल रही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अब तक ढाई लाख से अधिक अभ्यर्थी अब तक रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जबकि डेढ़ लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने अंतिम रूप से आवेदन किया है। अभ्यर्थी 17 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी के मुताबिक इस भर्ती में अभ्यर्थी के स्नातक में 50 फीसद अंक होना अनिवार्य है। खासकर प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उन बीएड (शिक्षा स्नातक) अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन न करने को कहा गया है, जिनके स्नातक में तय अंक नहीं हैं। क्योंकि आवेदनों की जांच में अर्ह न पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। उन्हें भर्ती की लिखित परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा, इसका उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा। परीक्षा 18 अप्रैल को और परिणाम 18 मई को जारी होगा। सहायक अध्यापक पद के लिए 150 अंकों का एक ही प्रश्नपत्र होगा जबकि प्रधानाध्यापक पद के लिए 150 व 50 अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 6815 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को लखनऊ जनपद के सभी 80 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। मेले के दौरान 6815 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

सीएमओ डॉ संजय भटनागर के मुताबिक मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उनके घर के समीप ही दी जा रही हैं। बीमारी के इलाज करने से बेहतर है उसका बचाव, इसलिए यदि बीमारी के बारे में समय से पता चला जाए तो इलाज बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस इस मेले के माध्यम से गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श और जरूरी सेवाएंए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे भी बताये जा रहे हैं। ओपीडी सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ दी जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आज मेले के दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 6815 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें 2418 पुरुष 3262 महिला 1135 बच्चे तथा 2305 लोगों का गोल्डन कार्ड बना। 815 व्यक्तियों की कोविड टेस्ट एंटीजन के माध्यम से की गई सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई।

निजीकरण के विरोध में दो दिवसीय बैंक हड़ताल का बिजली इंजीनियरों ने किया समर्थन

लखनऊ। ऑल इण्डिया पॉवर इन्जीनियर्स फेडरेशन ने निजीकरण के विरोध में 15 व 16 मार्च को हो रही दो दिवसीय बैंक हड़ताल का पुरजोर समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग की है।

फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण एक जनविरोधी कदम है। निजीकरण असामाजिक भी है। बैंकों को अब सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि विशुद्ध रूप से निजी घरानों के लाभ की खोज में चलाया जाएगा। फेडरेशन ने कहा कि बेरोजगारी के कठिन दौर में बैंकों के निजीकरण से रोजगार के अवसर बुरी तरह प्रभावित होंगे। निजी बैंक न्यूनतम मानवशक्ति से काम चलाते हैं और कर्मियों को भारी मानसिक दबाव में काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बैंकों के निजीकरण से आम लोगों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पडेगा और उनकी जमा धनराशि भी सुरक्षित नहीं रह जाएगी। इंडस इंड बैंक और पीएमसी बैंक में पैसा डूबने से निजीकरण के नाम पर आम लोग काफी दहशत में हैं।

सांसद ने पत्र लिखकर शिक्षा विभाग को दिखाया आइना

भला कैसे पढ़ें और आगे बढ़ें लड़कियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बेटी पढ़े-बेटी बढ़े का नारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। पीएम के इसी नारे को फोकस में रखकर राज्य की योगी सरकार आगे बढ़ रही है। जिसके तहत अनेक योजनाओं का संचालन हो रहा है। सरकार की नीतियों के ठीक विपरीत राजधानी लखनऊ से सटे ग्रामसभा अल्लूपुर में उलटी गंगा बह रही है। ग्रामसभा में आने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव में बच्चों के पढ़ने के लिये कोई विद्यालय नहीं है और इन गांवों की लड़किया चौथी कक्षा के बाद अपनी पढ़ाई छोडने को मजबूर हैं।

विद्यालय की जरूरत और इसके निर्माण को लेकर मौजूदा क्षेत्रीय भाजपा सांसद कौशल किशोर से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से सरकार और शासन का अवगत कराया जा चुका है लेकिन विद्यालय निर्माण की जरूरत सरकारी मशीनरी के चक्रव्यूह में फंसकर दम तोड़ रही है। विद्यालय

● विद्यालय न होने से लखनऊ के सीमा से सटे अल्लूपुर ग्रामसभा के तीन गांवों की लड़किया पढ़ाई छोड़ने को मजबूर

निर्माण के लिये कई साल से कोशिश कर रहे मोहनलालगंज के सांसद कोशल किशोर ने पिछले दिनों शिक्षा विभाग को फिर पत्र लिखकर विद्यालय का निर्माण करने की पहल की है। सांसद ने अपने पत्र में योगी सरकार को ग्रामसभा अल्लूपुर में आने वाली बुधडिया, रसूलपुर तथा अल्लूपुर में शिक्षा की दिक्कतों को गिनाते हुये विद्यालय का निर्माण करने को कहा है।

सांसद कौशल किशोर ने अपने पत्र में लिखा है कि अल्लूपुर ग्रामसभा के अन्तर्गत आने वाले गांवों में रसूलपुर बीच में आता है। तीनों ही ग्राम सभाओं में निजी अथवा सरकारी हाई स्कूल नहीं है। सिर्फरसूलपुर में एक प्राईमरी स्कूल चल रहा है। इन गांवों के अधिकतर बच्चों खासकर लड़कियां कक्षा चार के बाद आगे की पढ़ाई नही कर पाते हैं। सांसद ने अपने पत्र में शिक्षा विभाग को लिखा है कि रसूलपुर में शासन की ओर से एक बालिका हाई स्कूल का निर्माण कराया जाना बेहद जरूरी है ताकि लड़किया अपनी पढ़ाई करके जिन्दगी की दौड़ में आगे बढ़ सके और पीएम नरेन्द्र का बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ का सपना पूरा हो सके।

आवास विभाग में सरकार के सलाहाकार रहे और अवकाश प्राप्त मुख्य अभियंता पीसी मेहरोत्रा का कहना है कि नौकरी से सेवानिवृत्ति होने के बाद वह पिछले कई सालों से इस क्षेत्र के विकास के कार्य में लगे है। क्षेत्रीय जरूरतों को देखते हुये विद्यालय निर्माण को लेकर कई सालों से कोशिशें की जा रही है लेकिन अभी तक बच्चों की समस्या का निदान नहीं हो सका है। उनका कहना है कि मौजूदा सांसद से भी कई साल से गुहार लगायी जा रही है लेकिन सांसद के पहल की भी सरकार में सुनवाई नही हो रही है। श्री मेहरोत्रा का कहना है कि चाहे गैर भाजपा सरकारें रही हो या फिर भाजपा की सरकार। इस क्षेत्र के विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। जिसके परिणास्वरूप लखनऊ के सटा होने के बाद भी पूरा इलाका विकास से कोसों दूर है।

भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास की गति अवरूद्ध की: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जिस प्रकार संविधान पर हमले हो रहे हैं, नेताओं पर झूठे मुकदमों और जांच एजेंसियों के छापे के बाद अब शारीरिक हमले तक हो रहे हैं, ये भाजपा की राजनीतिक कुत्सित इरादे का परिणाम है। दूसरों पर सिंडीकेट से संचालित होने का आरोप लगाने वाले लोग वास्तव में संघीकेट से संचालित हैं। कहा कि नाजी प्रचार का मूल सिद्धांत था कि झूठ को सौ बार दुहराओ ताकि वह लोगों को सच लगने लगे, इसे भाजपा नेतृत्व और सरकार ने अक्षरश: पालन करने का मन बना लिया है। चार साल के शासन काल में भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास की गति अवरूद्ध करने के अलावा कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दरअसल भाजपा के लिए सिर्फ येनकेन प्रकारेण चुनाव जीतना मुद्दा रहता है, जनस्वास्थ्य, शिक्षा या रोजगार नहीं। एक उदाहरण, बदायूं में समाजवादी पार्टी के समय बनना शुरू हुए मेडिकल कालेज का काम भाजपा सरकार के चार साल के कार्यकाल में पूरा नहीं हो पाया।

भाजपा सरकार ने झूठ की एक बानगी और दिखाई जब उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार के समय की नौकरियों के बारे में अनर्गल बयान दिया। जबकि उनके चार वर्षों की वास्तविकता यह है कि 2012 से 2017 के बीच समाजवादी पार्टी की सरकार ने ही उत्तर प्रदेश में विकास का काम किया है। भाजपा सरकार में तो धेले भर का काम राज्य में नहीं हुआ। सरकारी नौकरियों के बारे में निराधार और बिना किसी ठोस तथ्य के आरोप लगाना अनैतिकता हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को पहले नौकरी व कारोबार देने के झूठे ट्वीट हटाने पड़े, अब 5 एक्सप्रेस वे बनाने के झूठे होर्डिंग्स भी हटवाने पड़ेंगे। वस्तुत ये संकीणमार्गी स्वयं कोई महामार्ग नहीं बनवा सकतेए ये तो बस झूठ के महामार्गी है, जिन्हें अब जनता हटाएगी। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर फर्जी एनकाउण्टर और हिरासत में मौतों की जांच की जाएगी। मानवाधिकार आयोग की रिपोर्टों और पीड़ित परिवारों की मांगों पर कार्यवाही होगी।

भाजपा सरकार पूरी तरह अहंकार में डूबी हुई है। हर स्तर पर उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था की मर्यादा तोड़ दी है और प्रदेश को अराजकता की आग में झोंक दिया है। विपक्ष के प्रति बदले की भावना से काम करने वाली भाजपा को जानना चाहिए कि सत्ता पर किसी का स्थायी एकाधिकार नहीं होता है। लोकतंत्र में सरकारें आती हैं, जाती हैं लेकिन जिस तरह की अमर्यादित भाषा और दम्भी व्यवहार भाजपा विपक्ष विशेषकर समाजवादी पार्टी के प्रति दिखाती है जनता उसे सहन नहीं करेगी और वह सन् 2022 में उसे उखाड़ फेंककर ही दम लेगी।

असम में आतंकवाद और उग्रवाद कम हुआ, राज्य प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है : राजनाथ सिंह

भाषा। विश्वनाथ (असम)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि असम में आतंकवाद एवं उग्रवाद कम हुआ है जिससे सरकार की विकास गतिविधियों को गति मिली है। यहां एक चुनाव रैली को संबोधित कर रहे राजनाथ सिंह ने कहा कि असम में शांति लौटी है और राज्य में गत पांच साल के भाजपा शासन के दौरान दर्जनों उग्रवादी संगठनों ने हथियार डाले हैं। जब मुझसे विश्वनाथ आने को कहा गया तो वर्ष 2014 में हुई आदिवासियों के नरसंहार की घटना मेरे दिमाग में आई, लेकिन अब हालात सुधर गए हैं। इलाके में शांति बहाल होने से बेहतर और कोई खबर नहीं हो सकती। आदिवासियों की हत्या की घटना के समय गृह मंत्री रहे राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब कार्यभार संभाला तो केंद्र ने आतंकवाद और उग्रवाद को खत्म करने का बीड़ा उठाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, पिछले पांच वर्षों में कई उग्रवादी संगठनों ने हथियार डाले हैं। असम में स्थिति काफी सुधरी है। राज्य प्रगति के पथ पर है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा नीत सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा के बड़े हिस्से को सील किया है और नदी सीमा वाले इलाके में इलेक्ट्रानिक निगरानी की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा, हमने धुबरी से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा सील की है और जो थोड़ा हिस्सा बिना तारबंदी के रह गया है उसे भी भाजपा के असम की सत्ता में आने के बाद पूरी तरह सील किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि त्रिपुरा में भी भाजपा सरकार पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोकने के लिए कार्य कर रही है। भाजपा असम और पूर्वोत्तर की गरिमा कायम रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 2016 से पहले असम में कांग्रेस की सरकार थी। आप सब बेहतर जानते हैं कि 15 वर्षों के शासनकाल में उन्होंने क्या विकास कार्य किए। लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस नेताओं से पूछें कि असम में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विकास के क्या काम किए। सिंह ने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा, कांग्रेस ने इतने वर्षों में विकास के जो काम नहीं किए, उसे राज्य में पिछले पांच वर्षों में मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में भाजपा के शासन में किया गया है। सरकार ने राज्य में विकास पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए लेकिन कोई भी सोनोवाल या उनके किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा सकता। केंद्रीय मंत्री सिंह ने चाय बागान के श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर में और बढ़ोतरी करने का वादा किया। हाल में इसे बढ़ाकर प्रतिदिन 217 रुपए कर दिया गया था। कोरोना वायरस संकट से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सोनोवाल सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि असम में कोविड-19 की स्थिति काफी अच्छी है। रक्षा मंत्री विश्वनाथ सीट से मौजूदा भाजपा विधायक प्रमोद बोरठाकुर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे जिनका सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी अंजन बोरा से है। इस सीट पर 27 मार्च को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा।



असम के विश्वनाथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को चुनाव प्रचार के दौरान रैली में सम्मानित करते हुए भाजपा कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़: बाघ की खाल मामले में पांच और लोग गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में जब्त की गई बाघ की खाल से संबंधित मामले में पुलिस ने पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो पुलिसकर्मियों समेत सरकारी स्कूल का एक शिक्षक भी शामिल है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को बरामद की गई खाल के मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस मामले में शनिवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि इन सभी की संलिप्तता की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि इनमें से दंतेवाड़ा जिले के दो ग्रामीण कथित तौर पर बाघ को मारने और अन्य आरोपियों को खाल देने में लिप्त थे। बस्तर जिले के जगदलपुर शहर में शुक्रवार को पुलिस ने बाघ की खाल के साथ पांच पुलिस कर्मियों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जगदलपुर शहर में बाघ की खाल को लेकर शिवरात्रि में तांत्रिक पूजापाठ करने के लिए आ रहे हैं।गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि वह शिवरात्रि में पूजा करके सुख समृद्धि प्राप्त करने के लिए बाघ की खाल लेकर आए थे।पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इस मामले में बीजापुर जिले में तैनात सहायक उप निरीक्षक संतोष बघेल और रमेश अगनपल्ली को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था और शनिवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके अलावा बस्तर जिले के सरकारी स्कूल में तैनात शिक्षक रामेश्वर सोनवानी को भी गिरफ्तार किया गया है। रायपुर की पुलिस साइबर सेल ने सोनवानी को अभानपुर इलाके से उस समय पकड़ा, जब वह फरार होने की फिराक में था।

सूरत मे दो स्कूलो व एक कॉलेज मे कोरोना वायरस से 20 छात्र संक्रमित

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में दो प्राथमिक स्कूलों और एक कॉलेज में 20 छात्र कोरोना वायरस से संक्रमित मिले हैं। इसके बाद शिक्षण संस्थानों को दो हफ्तों के लिए बंद कर दिया गया है। सूरत में शैक्षिक संस्थान इस साल फरवरी में ही खुले हैं और अब तक शहर में 118 छात्र और शिक्षक कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए पिछले साल मार्च में स्कूलों समेत सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था। सूरत नगर निगम (एसएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि सीडी बर्फीवाला कॉलेज में 10 छात्र कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं जिसके बाद निगम ने कॉलेज को 14 दिन के लिए बंद करने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, एक प्राथमिक विद्यालय के छह छात्र और अन्य स्कूल के चार छात्र शनिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए।

छत्तीगढ़ सरकार राज्य में कोवैक्सिन के इस्तेमाल को मंजूरी देने पर विचार कर रही मंत्री

भाषा। रायपुर

केंद्र द्वारा कोविड-19 टीका कोवैक्सिन पर से चिकित्सीय परीक्षण के रूप में इस्तेमाल का टैग हटाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में इसके इस्तेमाल को मंजूरी देने पर विचार कर रही है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह देव ने इस साल जनवरी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से कोवैक्सिन के तीसरे चरण का परीक्षण पूरा होने तथा इसके परिणाम आने तक प्रदेश में इसकी आपूर्ति रोकने का आग्रह किया था। इस टीके को भारत बायोटेक ने विकसित किया है।

इस समय राज्य में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा उत्पादित टीके कोविशील्ड का इस्तेमाल किया जा रहा है। सिंह देव ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, केंद्र सरकार द्वारा चिकित्सीय परीक्षण के रूप में इस्तेमाल का ठप्पा हटाए जाने के बाद हम कोवैक्सिन को राज्य में उन लोगों को लगाने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं जो इसका विकल्प चुनते हैं। भले तीसरे चरण के परीक्षण के नतीजों का प्रकाशन अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि कोवैक्सिन के आंकड़े (दूसरे चरण के चिकित्सीय परीक्षण) लांसेट संक्रामक रोग जर्नल में प्रकाशित हुए हैं जिसमें संकेत किया गया है कि टीके की सुरक्षा पर सवाल नहीं है बस इसके प्रभाव का सवाल लंबित है। सिंह देव ने कहा, हालांकि, जब केंद्र ने चिकित्सीय परीक्षण के तौर पर इस्तेमाल की श्रेणी से इसे हटा दिया है तब कई लोग ऐसे हैं जो इसे लेना चाहते हैं...मामला यह है।

उन्होंने कहा, एकमात्र मुद्दा है जो मैं उठाने की कोशिश कर रहा हूं, वह है कि प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। यह आपात स्थिति है इसलिए टीके 10 महीने में बनाए गए, नहीं तो आम तौर पर इन्हें विकसित करने में 10 से 15 साल का समय लगता है। सिंह देव ने कहा, लेकिन इन 10 महीनों में भी अन्य कंपनियों ने प्रक्रिया पूरी की....सभी कंपनियों को टीका देने की अनुमति देने से पहले प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए।

अन्यथा परीक्षण चरणों का क्या औचित्य रह जाएगा स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमें अपने स्वदेशी टीके पर गर्व है लेकिन मेरा मानना है कि इसे आम लोगों को लगाने से पहले अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। हमारी प्राथमिक चिंता हमारे नागरिकों की सेहत है और किसी भी टीके का प्रभाव साबित होने के बाद ही अनुमति दी जानी चाहिए। पिछल हफ्ते कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद पृथकवास में रह रहे सिंह देव ने कहा कि उन्होंने पहले ही कहा है कि ठीक होने के बाद वह कोवैक्सिन ही लेंगे।

विविध न्यूज

एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिलने से गरीब छात्रों की जिंदगी में आया नया मोड़

भुवनेश्वर। सभी बाधाओं को दूर कर कामयाबी पाने की ललक से प्रभावित होकर एक अमेरिकी समूह ओडिशा के पांच गरीब छात्रों की एमबीबीएस की पढ़ाई के वास्ते आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए आगे आया है। इस समूह ने ओडिशा के मेडिकल कॉलेज में इन छात्रों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की है। इन सभी छात्रों ने एक गैर-सरकारी संगठन जिंदगी फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाले कोचिंग संस्थान के छात्र है। यह संस्थान मेडिकल कालेज में दाखिले के लिए गरीब छात्रों को मुफ्त में कोचिंग की सुविधा के अलावा, भोजन, आवास एवं अध्ययन सामग्री मुहैया कराता है। इन छात्रों ने मेडिकल कालेज में दाखिले के लिए वर्ष 2020 की नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। कैलिफोर्निया के सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने ओडिशा के पांच छात्रों को पांच वर्षीय एमबीबीएस कोर्स के लिए यह छात्रवृत्ति प्रदान की है। शनिवार देर शाम ऑनलाइन आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर जिंदगी फाउंडेशन के संस्थापक अजय बहादुर सिंह के अलावा अमेरिका के कई मेडिकल पेशेवरों ने हिस्सा लिया।

एएसआई रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक दल ने रविवार को श्रीगंगानगर के सदर थाने में तैनात आरोपी सहायक उप निरीक्षक पुलिस को परिवादी से दर्ज मामले में कोई कार्यवाही नहीं करने के एवज में कथित रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के उपाधीक्षक बेदप्रकाश लखोटिया ने बताया कि परिवादी 11 मार्च को सदर थाने में तैनात एएसआई आरोपी बालुराम से उसके विरुद्ध पेश परिवाद पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने के लिए मिला था। आरोपी एएसआई ने परिवादी से खर्च पानी के नाम पर 10,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी एएसआई बालुराम ने शनिवार को सत्यापन के दौरान एक हजार रुपए प्राप्त कर लिए थे। आरोपी को रविवार को शेष राशि में से 2000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा

परिवार को मीडिया से वाजे की गिरफ्तारी की जानकारी मिली: भाई

ठाणे। मुंबई पुलिस के अधिकारी सचिन वाजे के भाई ने रविवार को कहा कि जांच करने वालों ने परिवार को उनकी गिरफ्तारी के बारे में सूचना नहीं दी और उन्हें मीडिया से इस बारे में पता चला। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटकों से भरे वाहन की बरामदगी के सिलसिले में एनआईए ने उन्हें गिरफ्तार किया।सुधर्म वाजे ने यह भी आरोप लगाया कि उनके भाई सचिन को मामले में फंसाया जा रहा है। उन्होंने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा, जांचकर्ताओं ने परिवार को उनकी (सचिन) की गिरफ्तारी के बारे में नहीं बताया। परिवार को मीडिया से गिरफ्तारी के बारे में पता चला। जांचकर्ताओं ने परिवार से संपर्क नहीं किया। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने भाई से मुलाकात की थी, जो तनावग्रस्त दिख रहे थे।दक्षिण मुंबई में अंबानी के आवास के बाहर विस्फोटकों से भरे वाहन की बरामदगी की जांच कर रही एनआईए ने वाजे से 12 घंटे तक पूछताछ करने के बाद शनिवार की देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वाजे को 25 फरवरी को कार्माइकल रोड के नजदीक विस्फोटकों से भरे वाहन रखने में उनकी भूमिका और संलिप्तता को लेकर गिरफ्तार किया गया है।मुंबई की एक अदालत ने वाजे को इस मामले में 25 मार्च तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया है।

असम में मोरीगांव की उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त का तबादला

गुवाहाटी। असम सरकार ने मोरीगांव की उपायुक्त लीना दास और अतिरिक्त उपायुक्त देबजानी चौधरी का चुनाव आयोग की सिफारिशों पर तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है। कार्मिक विभाग के शनिवार को जारी एक आदेश के अनुसार, गृह सचिव सीमा रेखा भुइयां को मोरीगांव उपायुक्त नियुक्त किया गया है। कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग में सचिव हनीफ नूरानी को मोरीगांव के अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में स्थानांतरित किया गया है। आयोग द्वारा दोनों वरिष्ठ नौकरशाहों के अचानक स्थानांतरण का कारण नहीं बताया गया है। एक अलग आदेश में, असम सिविल सेवा की अधिकारी दीपशिखा डे को आयोग की सिफारिश के अनुसार, कर्तव्यहीनता और लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मार्घेरिटा क्षेत्राधिकारी मूनसून बरकाकती को कथित रूप से अनुचित साधनों के माध्यम से ओबीसी प्रमाणपत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

रेप पीड़िता से अस्मत मांगने के आरोप में एसीपी गिरफ्तार

जयपुर। बलात्कार पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करने के एवज में रिश्वत के तौर पर कथित रूप से अस्मत मांगने के आरोप में राजस्थान पुलिस सेवा के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि आरोपी सहायक पुलिस आयुक्त कैलाश बोहरा राज्य पुलिस की विशेष इकाई के तहत जयपुर में महिला अपराध शाखा में नियुक्त थे।

देहरादून में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत को फूलदेई पर्व पर फूल देते हुए बच्चे

आंध्र प्रदेश: सड़क हादसे में छह कृषि मजदूरों की मौत, आठ अन्य घायल

भाषा। अमरावती (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में नुजिविदु के नजदीक रविवार की सुबह एक सड़क हादसे में छह कृषि मजदूरों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ए लोग विजयवाड़ा से करीब 55 किलोमीटर दूर नुजिविदु के नजदीक लियोन टांडा नामक आदिवासी बस्ती के रहने वाले थे और ऑटोरिक्शे से नजदीकी गांव जा रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनके ऑटो में टक्कर मार दी।

पुलिस ने बताया कि छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को नुजिविदु और विजयवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। नुजिविदु के उपखंड पुलिस अधिकारी श्रीनिवासुलु ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, उप मुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) ए के के श्रीनिवास, गृहमंत्री एम सुचरिता, तेलुगुदेशम पार्टी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जन सेना के अध्यक्ष के पवन कल्याण ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने मरने वाले के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

श्रीनिवास ने कृष्णा जिले के चिकित्सा अधिकारी को घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया है।

भू-अधिग्रहण आंदोलन का केंद्र रहा नंदीग्राम 14 साल बाद चाहता विकास

भाषा। नंदीग्राम

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में 14 साल पहले उद्योग के लिए कृषि भूमि अधिग्रहित करने के खिलाफ खूनी आंदोलन हुआ जिसने राज्य की राजनीतिक तस्वीर बदल दी थी। अब वही नंदीग्राम चाहता है कि इलाके में उद्योगों का विकास हो ताकि काम की तलाश में लोगों को बाहर न जाना पड़े। नंदीग्राम में लड़ाई का अखाड़ा फिर से तैयार है। इससे पहले इसी इलाके ने 34 साल पुरानी शक्तिशाली वाम सरकार को हिला दिया था और वर्ष 2011 में तृणमूल कांग्रेस के लिए सत्ता में आने का रास्ता साफ किया था। इस बार एक अप्रैल को यहां मतदान होगा। इस सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उनके कभी भरोसेमंद रहे और अब विरोधी बने शुभेन्दु अधिकारी से मुकाबला है।

इस विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक और सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण देखने को मिल रहा है लेकिन पार्टियों और स्थानीय लोगों की इस मामले पर एक राय है कि इस इलाके में उद्योगों का खुले दिल से स्वागत किया जाएगा और वर्ष 2007 की तरह कड़े विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारपाड़ा के रहने वाले बुजुर्ग अजित जना ने कहा, यहां औद्योगिक केंद्र स्थापित करने से न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि हमारे बच्चे हमारे साथ रहेंगे। अगर नंदीग्राम में नहीं तो आसपास के इलाकों में भी औद्योगिक विकास से मदद मिलेगी। युवाओं को रोजगार की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। गुरुग्राम की फैक्टरी में काम करने वाले और गोकुलनगर निवासी जॉयदेब मंडल मानते हैं कि अगर लोगों को अधिग्रहित जमीन का उचित दाम दिया जाए तो वे औद्योगिक विकास का विरोध नहीं करेंगे। मंडल (32 वर्षीय) कहते हैं, नंदीग्राम आंदोलन इतिहास की बात है। अगर लोगों को अच्छा मुआवजा मिलेगा और स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा तो कोई समस्या नहीं आएगी।

नंदीग्राम पूर्वी मिदनापुर जिले के तटीय इलाके में आता है और पानी में लवणता अधिक होने की वजह से यहां केवल एक फसल ही हो पाती हैं।पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत समिति सदस्य ने कहा, इस इलाके में केवल एक फसल होती है। जमीन बंटी हुई है इसलिए लोग उद्योग चाहते हैं, यह कपड़ा या कृषि आधारित हो सकता है। प्रदर्शन के बाद विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) योजना स्थगित कर दी गई जिसकी वजह से कोई भी उद्योगपति इस इलाके में नहीं आना चाहता है। प्रदर्शन के कारण कई लोगों की मौत हुई थी जिनमें से 14 लोगों की मौत पुलिस की गोली से हुई थी। इस इतिहास की वजह से नंदीग्राम आज भी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर है और चावल, सब्जी और मछली की आसपास के इलाके में आपूर्ति करता है। उल्लेखनीय है वर्ष 2007 में भूमि उच्छेद प्रतिरोध कमिटी (बीयूपीसी) के तहत विभिन्न राजनीतिक धाराओं के लोगों ने प्रदर्शन किया था। लोगों के साथ तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, आरएसएस और यहां तक की वाम दलों के नाराज कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया था जिसकी वजह से इंडोनेशिया की सलीम समूह की कंपनी ने एक हजार एकड़ क्षेत्र में केमिकल हब बनाने की योजना रद्द कर दी थी। 14 सालों में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर बीयूपीसी की पूर्व नेता बाबनी दास ने कहा कि बदलाव का इंतजार है क्योंकि नंदीग्राम में अधिकतर परिवारों की मासिक आय 6000 रुपए से अधिक नहीं है।

अधिकतर परिवारों में कम से कम एक सदस्य दूसरे राज्य में कमाने गया है। यहां रोजगार का मतलब खेती, झींगा पालन या मनरेगा योजना के तहत मजदूरी है। युवाओं के पास अपने माता-पिता के विपरीत अकादमिक डिग्री है और उनकी रुचि खेती में नहीं दास नंदीग्राम दिवस के अवसर पर आयोजित रैली से भी दूर रहीं। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस हर साल 14 मार्च 2007 को भूमि अधिग्रहण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 14 प्रदर्शनकारियों की पुलिस की गोली से हुई मौत के बाद से, उनकी याद में नंदीग्राम दिवस मनाती है। दास ने कहा कि कोविड-19 की वजह से लागू लॉकडाउन भी आंख खोलने वाला था क्योंकि सैकड़ों प्रवासी मजदूर जो दूसरे शहरों से घर लौटे हैं वे यहां पर काम को लेकर चिंतित हैं। पूर्वी मिदनापुर के माकपा जिलाध्यक्ष निरंजन सिंही ने कहा, लोग समझ चुके हैं कि तृणमूल ने उन्हें भ्रमित किया। बिना उद्योग कोई विकास नहीं हो सकता। भाजपा के तामलुक जिला इकाई के अध्यक्ष नबरुण नायक ने बातचीत में कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि जेल्लीनगाम शिपयार्ड परियोजना शुरू हो। तृणमूल ने गत दस साल में स्थानीय लोगों के लिए कुछ नहीं किया। हम राज्य में औद्योगिक विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। स्थानीय तृणमूल नेता अबू ताहिर ने हालांकि भगवा पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल्लीगाम परियोजना के लिए कुछ नहीं किया है।

मुंबई में दादर स्टेशन पर ट्रेन छूटने से पहले यात्रियों की स्क्रीनिंग करते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ता

कांग्रेस ऐसे दलों से गठबंधन कर रही जो देश बांटना चाहते हैं: शाह

भाषा। मार्घेरिटा (असम)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर उन राजनीतिक दलों के साथ गठजोड़ करने के लिए तीखे हमले किए, जो देश को बांटना चाहते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने 15 साल तक राज्य में शासन करने और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रधानमंत्री होने के बावजूद पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ के मुद्दे को हल करने के लिए कुछ नहीं किया। शाह परोक्ष तौर पर मनमोहन सिंह की ओर इशारा कर रहे थे, जिन्होंने राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। शाह ने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उसने असम में बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ, केरल में मुस्लिम लीग और पश्चिम बंगाल में इंडियन सेक्युलर फ्रंट के साथ गठबंधन किया है। असम अजमल के हाथों में सुरक्षित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि असम के लोग तय कर सकते हैं कि उनके कल्याण के बारे में कौन ज्यादा चिंतित है- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या बदरुद्दीन अजमल।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों के दौरान उन घुसपैठियों को सफलतापूर्वक बाहर किया, जिन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जमीन पर कब्जा कर लिया था और धार्मिक निकायों के स्वामित्व वाले भूखंडों पर काबिज हो गए थे। उन्होंने दावा किया, पांच साल पहले, मैंने भाजपा अध्यक्ष के रूप में असम को आंदोलन मुक्त और आतंकवाद मुक्त (उग्रवाद-मुक्त) बनाने का वादा किया था। हमने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की है और अब राज्य में कोई आंदोलन या कोई उग्रवाद नहीं है। शाह ने दावा किया, असम शांति और विकास का अनुभव कर रहा है।

हमें और पांच साल दीजिए और हम घुसपैठ की समस्या का भी हल करने में सक्षम होंगे। शाह ने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा जिन्होंने सत्ता में आने पर चाय बागानों के श्रमिकों की सहायता करने का वादा किया है। शाह ने कहा कि पार्टी को चुनाव के दौरान ही इन मजदूरों की याद आती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाय बागानों के श्रमिकों के जीवन और कामकाज की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कई पहल की है। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने असम में बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए एक रणनीति बनाई है।

पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मेदिनापुर जिले के खड़गपुर में रविवार को विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार हीरन चटर्जी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक चुनावी रैली के दौरान।

असम में मोदी लहर नहीं, भाजपा मेरा चेहरा दिखाकर हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की कोशिश में: अजमल

भाषा। नई दिल्ली

इस बार असम विधानसभा चुनाव में मोदी लहर नहीं होने का दावा करते हुए एआईयूडीएफ के प्रमुख बदरूद्दीन अजमल ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें निशाने पर लेकर और मुसलमानों को दुश्मनों की तरह पेश करके हिन्दू मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी को इसमें कामयाबी नहीं मिलेगी।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के खिलाफ भाजपा के सांप्रदायिकता संबंधी आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज करते हुए अजमल ने दावा किया कि असम में उनकी पार्टी से ज्यादा कोई और संगठन धर्मनिरपेक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पहले के चुनावों में गैर मुस्लिमों को पर्याप्त नुमाइंदगी देती रही है। पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में अजमल ने कहा कि असम विधानसभा चुनाव देश के लिए अहम मोड़ साबित होंगे, क्योंकि राज्य से ही भाजपा के हारने की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाला महागठबंधन मेहनत से लड़ रहा है, जिसका हिस्सा उनकी पार्टी भी है। लोकसभा सदस्य ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों के जीतने का भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनाव हारेगी और इससे पूरे देश में एक संदेश जाएगा।

अजमल ने कहा एआईयूडीएफ धर्मनिरपेक्ष है और हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेगा। मगर भाजपा खुद सांप्रदायिक है और सांप्रदायिक राजनीति करती है, इसलिए वह दूसरों को भी उसी नजरिए से देखती है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा के पास बात करने के लिए विकास का कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने पिछली बार नौकरियां देने की बात की थी, लेकिन वे नौकरियां मुहैया नहीं करा सके। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने काला धन वापस लाने की बात की थी, लेकिन काला धन विदेश भेजा गया। अजमल ने पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा कि भाजपा किसानों का मुद्दा भी हल नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि असम में लगभग हर दिन कोई-न-कोई उद्योग बंद हो रहा है।

अजमल ने दावा किया, पिछली बार (2016 में) जब नरेंद्र मोदी ने यहां प्रचार किया था तब एक लहर थी। लेकिन इस बार कोई मोदी लहर नहीं है। वह पांच बार आए हैं लेकिन कोई भी लहर पैदा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा चेहरा दिखाकर, मुसलमानों को दुश्मनों के तौर पर पेश करके और सांप्रदायिक टिप्पणियां करके, भाजपा हिंदुओं का ध्रुवीकरण करना चाहती है लेकिन पिछली बार की तरह, उन्हें कामयाबी नहीं मिलेगी। कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने और महाजोत गठबंधन बनाने पर धुबरी से लोकसभा सदस्य ने कहा कि यह देखा गया है कि जहां भी कांग्रेस के साथ विपक्षी दल आते हैं, वहां नतीजे अच्छे होते हैं। लिहाजा उनकी पार्टी ने गठबंधन करने का फैसला किया।

अजमल ने कहा, मैं 15 साल से केंद्र में संप्रग का हिस्सा रहा। हमारा एक साथ आना अहम था। कुछ लोग इसे नहीं होने दे रहे थे, लेकिन चीजे हुईं। कांग्रेस आलाकमान ने भी हरी झंडी दिखाई और सात पार्टियों का महागठबंधन बना। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के खिलाफ लहर है जिसका फायदा महागठबंधन को मिलेगा। सोशल मीडिया पर उनके कथित छेड़छाड़ से तैयार किए गए वीडियो से संबंधित हालिया विवाद पर अजमल ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास उनकी पार्टी के खिलाफ कहने को कुछ नहीं है, इसलिए वह ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ किए गए वीडियो के लिए जिम्मेदार लोगों पर ट्विटर ने कार्वाई की है।

अजमल ने कहा, देश में एक ही पार्टी है जो हिन्दुत्व के बारे में बात करती है और वह भाजपा है। अगर कोई राम मंदिर के बारे में बात कर रहा है तो वह भाजपा है। हम न इसे उठा रहे हैं न ही इसका मुद्दा बना रहे हैं। असम में मुख्य मुद्दों के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि मुख्य मुद्दा चाय बागान मजदूरों का है और उनकी पार्टी उनके अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ेगी।

असम को छोड़कर बाकी चार राज्यों में चुनाव हारेगी भाजपा : पवार

भाषा। पुणे

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि असम को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी बाकी चार राज्यों में चुनाव हारेगी। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव के रुझान से देश को एक नई दिशा मिलेगी। महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती शहर में संवाददाताओं से बातचीत में पवार ने चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में (कथित रूप से) शक्ति का दुरुपयोग करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। महाराष्ट्र की शिवसेना की अगुवाई वाली सरकार में पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी कांग्रेस के साथ एक घटक है। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम एवं केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव मार्च-अप्रैल में होने हैं। मतों की गिनती दो मई को होगी। उन्होंने कहा, ...पांच राज्यों में चुनाव परिणाम के बारे में आज बात करना गलत है, क्योंकि इन राज्यों की जनता इस बारे में निर्णय करेगी। जहां तक केरल का सवाल है, वाम दल और राकांपा एक साथ आए हैं, और हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि हमें स्पष्ट बहुमत मिलेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु में लोग द्रमुक एवं इसके अध्यक्ष एम के स्टालिन का समर्थन करेंगे और वे लोग सत्ता में आएंगे। राकांपा प्रमुख ने कहा, पश्चिम बंगाल में, केंद्र, खास कर भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और एक बहन (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हवाला) पर हमला करने का प्रयास कर रही है, जो राज्य के लोगों के लिए लड़ने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस बात में कोई शंका नहीं है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस (चुनाव के बाद) सत्ता में बनी रहेगी। पवार ने कहा कि असम की स्थिति से वह अवगत हैं, और उनकी पार्टी के लोगों से प्राप्त सूचना के आधार पर ऐसा लगता है कि वहां सत्तारूढ़ भाजपा दूसरों की तुलना में अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, कुल मिला कर भाजपा असम में सत्ता में बनी रहेगी लेकिन अन्य चुनावी राज्यों में उसे हार का सामना करना पड़ेगा और उन राज्यों में दूसरी पार्टियां सत्ता में आएंगी। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि इस रुझान से देश को एक नई दिशा मिलेगी।

बाहरी लोगों के आगे घुटने नहीं टेकेंगे: अभिषेक बनर्जी

भाषा। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी बाहरी लोगों के आगे घुटने नहीं टेकेगी। उन्होंने जोर दिया कि उनकी बुआ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनावी लड़ाई जीतेंगी, इससे फर्क नहीं पड़ता कि उनके आगे कितनी भी चुनौतियां खड़ी की जाएं। बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाने वाली तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर बाहरी लोगों की पार्टी होने का ठप्पा लगा दिया है क्योंकि इसके शीर्ष नेता राज्य के बाहर से संबंध रखते हैं। तृणमूल सांसद ने कोलकाता में आयोजित एक रैली में जनता से माकपा और उसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही 2007 के नंदीग्राम आंदोलन का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वामपंथी शासनकाल के दौरान राज्य के गरीब किसानों पर अत्याचार किए गए। रैली के दौरान व्हीलचेयर पर आईं ममता बनर्जी की मौजूदगी में अभिषेक बनर्जी ने कहा, हम भाजपा के सामने घुटने नहीं टेकेंगे, हम बाहरी लोगों के आगे नहीं झुकेंगे।

इंदौर में बिना मास्क घूम रहे 9,100 से ज्यादा लोगों को चुकाना पड़ा जुर्माना

भाषा। इंदौर

मध्य प्रदेश में कोविड-19 से सबसे ज्यादा प्रभावित इंदौर में इस महीने मास्क लगाए बगैर सार्वजनिक स्थलों पर घूमना 9,183 लोगों को महंगा पड़ा और शहरी निकाय ने उनसे कुल 4.65 लाख रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूल लिया।

इंदौर नगर निगम (आईएमसी) के एक अधिकारी ने एक मार्च से 13 मार्च के आंकड़ों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, महामारी के नए मामलों में जारी इजाफे के मद्देनजर सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क घूमने वाले लोगों से जुर्माना वसूली की मुहिम तेज कर दी गई है। ऐसे हर व्यक्ति से 50 से 100 रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूला जा रहा है। आईएमसी अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 से बचाव की हिदायतों के उल्लंघन पर शहर में एक जून 2020 से इस साल 13 मार्च तक कुल 73,529 नागरिकों से 96 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना मौके पर ही वसूला गया है। इनमें सार्वजनिक स्थलों पर मास्क नहीं लगाने वाले 68,791 नागरिक और शारीरिक दूरी नहीं रखने वाले 4,331 नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि गुजरे साढ़े नौ महीनों में शहर के कुल 407 प्रतिष्ठानों में महामारी से बचाव के लिए सैनिटाइजर नहीं रखे जाने पर इन संस्थानों के प्रमुखों से भी जुर्माना वसूला गया है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि करीब 35 लाख की आबादी वाले इंदौर जिले में 24 मार्च 2020 से लेकर इस साल 13 मार्च तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 62,152 मरीज मिले हैं। इनमें से 942 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

अक्षय की सूर्यवंशी अप्रैल में दुनियाभर में रिलीज होगी

भाषा। मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की बहुप्रतिक्षित फिल्म सूर्यवंशी 30 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को इसकी घोषणा की। सूर्यवंशी को रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को पिछले साल 24 मार्च को रिलीज किया जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी की वजह से देशभर में लागू लॉकडाउन के कारण इसे रिलीज करने की योजना टाल दी गई थी। अक्षय कुमार ने ट्विटर पर एक वीडियो के जरिए यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, हमने आपसे सिनेमाई अनुभव देने का वादा किया था और आपको वह मिलेगा। इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। आ रहा है पुलिस,सूर्यवंशी 30 अप्रैल 2021 को पूरी दुनिया के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पुडुचेरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रमुख सीटें द्रमुक का देने का किया विरोध

भाषा। पुडुचेरी

पुडुचेरी में छह अप्रैल के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम तय करने के वास्ते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के यहां स्थित कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक के दौरान तब हंगामा हुआ जब पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रमुख सीटें द्रमुक को आवंटित किए जाने का विरोध किया।

चयन समिति की बैठक में कुछ देर के लिए शोर-शराबा देखा गया और पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया। दिग्विजय सिंह, पल्लम राजू, संजय दत्त और दिनेश गुंडू राव सहित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थानीय नेताओं के साथ चर्चा करने और पार्टी के उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए आलाकमान द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया था। कांग्रेस को 15 सीटें जबकि उसके सहयोगी दल द्रमुक को 13 सीटें आवंटित की गई हैं। मंगलम, तिरुभूवनई और मन्नादीपेट निर्वाचन क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ताओं ने इन सीटों को द्रमुक को दिए जाने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया जो सेक्युलर डेमोक्रेटिक अलायंस का घटक है।

ये कार्यकर्ता 2016 में हुए पिछले चुनाव की तुलना में इस बार कांग्रेस को छह सीटें कम दिए जाने का भी विरोध कर रहे थे। बैठक के दौरान मंगलम निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह दिखाने के लिए पार्टी अध्यक्ष एवी सुब्रमण्यंतो को प्रतीकात्मक रूप से द्रमुक का एक झंडा सौंपने का प्रयास किया कि पार्टी ने प्रमुख सीटें द्रमुक को सौंप दी हैं। इसके बाद बहस शुरू हो गई। मन्नादीपेट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ब्लॉक स्तरीय समिति के एक प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि यह बड़ा अन्याय है कि जो कांग्रेस ने अपने पार्टी के लोगों के साथ किया है क्योंकि उसने उन कुछ प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में द्रमुक को उम्मीदवार उतारने का मौका दिया है जहां से राष्ट्रीय पार्टी की जीत निश्चित थी। पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान कांग्रेस पार्टी कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के बाहर तैनात हुए।

एआईसीसी प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित वार्ता में तब रुकावट आई जब मन्नादीपेट, मंगलम और तिरुभूवनई (आरक्षित) सीटें द्रमुक को आवंटित किए जाने से निराश लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में विचार-विमर्श के स्थल को भूतल से पहली मंजिल पर स्थानांतरित कर दिया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी चुनाव के लिए सभी 15 सीटों के उम्मीदवारों की सूची को आज शाम तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। द्रमुक को जो 13 निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, उनमें से द्रमुक ने 12 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है और वह जल्द ही बहूर के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा करेगी।

द्रमुक विधायक श्रवणन भाजपा में शामिल

चेन्नई। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले द्रमुक विधायक पी श्रवणन रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने तुरंत ही श्रवणन को मदुरै उत्तर विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाने की भी घोषणा कर दी। विधायक ने द्रमुक के जिला स्तरीय पदाधिकारियों पर मूक यातना का आरोप लगाते हुए भगवा पार्टी का दामन थामा है। दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी 17 उम्मीदवारों की सूची में श्रवणन का भी नाम शामिल है। भाजपा की सूची में तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष एल मुरुगन, अभिनेत्री से नेता बनीं खुशबू सुंदर और पूर्व मंत्री नयनार नागेंद्रन का भी नाम शामिल है। सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने विधानसभा की 20 सीटें भाजपा को दी है। इसके अलावा, कन्याकुमारी लोकसभा सीट भी भगवा पार्टी को दी है। विधानसभा चुनाव और लोकसभा सीट पर उपचुनाव छह अप्रैल को होंगे। विधानसभा चुनाव से पहले कू का सेलवम के बाद भाजपा में शामिल होने वाले श्रवणन द्रमुक के दूसरे विधायक हैं।

पेज 1 का शेष

व्हीलचेयर पर...

राज्य सरकार द्वारा भेजी गई रिपोर्टों की समीक्षा के बाद कही। आयोग ने कहा कि बनर्जी को चोट उनके सुरक्षा प्रभारी की चूक के कारण लगी। उन्होंने कहा, डॉक्टरों ने मुझे आज प्रचार के लिए बाहर नहीं जाने की सलाह दी। लेकिन मुझे लगा कि मुझे आज की रैली में शामिल होना चाहिए क्योंकि मेरी चोट के कारण हम पहले ही कुछ दिन गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा, मेरा दर्द लोगों की पीड़ा से अधिक नहीं है, क्योंकि तानाशाही के जरिए लोकतंत्र को रौंदा जा रहा है। बनर्जी कहा कि वह रविवार शाम में दुर्गापुर के लिए रवाना होंगी और सोमवार को दो रैलियों को संबोधित करेंगी। टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने बनर्जी को बंगाल की बेटी बताने वाले पोस्टर और तख्तियां पकड़ी हुई थीं। तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की और विधानसभा चुनाव में बाहरी लोगों को हराने की अपील की। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बनर्जी के पैर की चोट की ओर से इशारा करते हुए नारा लगाया, भंगा पाए खेला होबे। बनर्जी ने रोडशो के लिए पहुंचने से पहले ट्वीट किया, हम बिना डरे लड़ाई जारी रखेंगे। मुझे अब भी बहुत दर्द है, लेकिन मुझे मेरे लोगों का दर्द इससे कहीं ज्यादा महसूस होता है। अपनी पवित्र भूमि की सुरक्षा करने की लड़ाई में, हमने बहुत कुछ सहन किया है तथा और सहन करेंगे लेकिन हम कायरता के आगे कभी नहीं झुकेंगे।

चुनाव आयोग...

में जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी के तौर पर तैनात किया जाए तथा गोयल को किसी गैर-चुनाव ड्यूटी पर लगाया जाए। आयोग ने पूर्वी मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण प्रकाश को भी निलंबित रखने और बंदोबस्त करने में भारी नाकामी के लिए उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। बयान में कहा गया है कि सुनील कुमार यादव को प्रकाश के स्थान पर पूर्वी मेदिनीपुर के एसपी के तौर पर तैनात किया जाएगा। चुनाव आयोग ने अपने विशेष चुनाव पर्यवेक्षकों अजय नायक और विवेक दूबे तथा राज्य सरकार की रिपोर्टों की समीक्षा के बाद ए फैसले लिए है। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि रिपोर्टों की समीक्षा करने के बाद आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी को जो चोटें आई हैं, वे उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे कर्मियों की चूक का परिणाम हैं। बनर्जी बुधवार को नंदीग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान गिर गई थीं और उनके बाएं पैर एवं कमर में चोटें आई थीं। आरोप है कि अज्ञात लोगों ने उन्हें धक्का दिया था।

हाईवोल्टेज जंग...

अलीपुरद्वार से जबकि तृणमूल कांग्रेस छोड़कर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री राजीव बनर्जी को डोम्जुर से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले दिनों भाजपा का दामन थामने वाली बांग्ला सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री पायल सरकार को बेहाला से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा में शामिल हुई अन्य अभिनेत्रियों पर भी पार्टी ने भरोसा जताया है। तनुश्री चक्रवर्ती श्यामपुर से और अंजना बसु को सोनारपुर दक्षिण से टिकट दिया गया है। इससे पहले भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 57 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद पार्टी ने दो अन्य सूची जारी कर तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार भाजपा अब तक123 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। पार्टी ने एक सीट अपने सहयोगी दल एजेएसयू को दी है। पश्चिम बंगाल में 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच आठ चरणों में मतदान होना है।

भाजपा ने...

के उम्मीदवार को पराजित किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री के जे अलफोंस को पार्टी ने कांजिरापल्ली से उम्मीदवार बनाया है। वह वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य भी हैं। फिल्म अभिनेता व राज्यसभा सदस्य सुरेश गोपी पर भी भाजपा ने इस चुनाव में दांव आजमाया है। उन्हें त्रिशूर से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के सुरेन्द्रन को मंजेश्वर और कोन्नी विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। ज्ञात हो कि मेट्रो मैन के नाम से मशहूर श्रीधरन ने पिछले दिनों भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इससे पहले उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी।

दिसंबर तक...

मांग करने के लिए कह रहे हैं। अभी बिहार में धान 700-900 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदा गया। हमारी मांग है कि एमएसपी का कानून बने और इससे नीचे पर खरीद ना हो। टिकैत ने कहा, हम दिल्ली में ही रहेंगे.. पूरे देश में हमारी बैठकें चल रही हैं। हम 14-15 मार्च को मध्य प्रदेश में रहेंगे फिर 17 मार्च को गंगानगर में और 18 तारीख को फिर गाजीपुर बार्डर चले जाएंगे। इसके बाद 19 को ओड़िशा में रहेंगे और 21-22 को कर्नाटक में रहेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानून से छोटे दुकानदार खत्म हो जाएंगे.. केवल दो मॉल रहेंगे। व्यापारी वर्ग खत्म होगा..लघु उद्योग खत्म हो जाएंगे। वालमार्ट जैसी कंपनियों के आने से साप्ताहिक बाजार खत्म हो जाएंगे। टिकैत ने कहा, यदि सरकार किसी पार्टी की होती तो वह बातचीत कर लेती। लेकिन इस सरकार को तो बड़ी कंपनियां चला रही हैं। इन्होंने पूरा देश बेच दिया। बैंकिंग क्षेत्र, एलआईसी, हवाई अड्डे.. देश का सबकुछ बिक गया। अगर जनता पंखे और एसी में सोती रही तो देश बिक जाएगा। ससे पूर्व, टिकैत ने झलवा में टिकैत पार्क में स्थित महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह और अन्य किसान नेता मौजूद थे।

सचिन वाजे...

ने हिरासत मांगने से संबंधित याचिका में इस मामले में वाजे की भूमिका को दर्शाने के लिए गवाहों के बयानों को भी पेश किया है। एजेंसी ने अदालत से कहा कि षड़यंत्र का पर्दाफाश करने और सबूत जुटाने के लिए वाजे को हिरासत में लिया जाना जरूरी है। वाजे के अधिवक्ता सुदीप पासबोला ने कहा कि संदेह के आधार पर गिरफ्तारी की गई और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। पासबोला ने कहा, अदालत ने वाजे को 25 मार्च तक हिरासत में भेज दिया है लेकिन मामले की सुनवाई सोमवार को भी जारी रहेगी। अदालत ने एनआईए से वे सबूत पेश करने के लिए कहा है, जो उसने जुटाए हैं। साथ ही उसने जांच की प्रगति के बारे में भी पूछा।

सीबीआई करेगी...

के अनुसार सेना मुख्यालय को मामला संज्ञान में आने और एक जूनियर अधिकारी के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद, इसमें कई उच्चाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के इसमें शामिल होने की बात भी सामने आई है। यह साबित होने के बाद यह मामला सीबीआई को सौंपा गया। संयोग से यह घटनाक्रम महाराष्ट्र में भर्ती रैकेट का पर्दाफाश होने के कुछ दिन बाद सामने आया है। महाराष्ट्र मामले में दो सेवारत अधिकारियों पर भर्ती परीक्षा पत्र को लीक करने का आरोप है। अधिकारी ने कहा कि सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने अपने कमांडरों को वित्तीय और नैतिक गड़बड़ी के इस मामले में सेना की जीरो टालरेंस की बात कही है।

कोरोना मामले...

आंध्र प्रदेश में 7,182 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

बिहार में...

नई पार्टी का गठन कर लिया था। वह 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नीत राजग का हिस्सा बन गए थे और उस चुनाव के बाद कुशवाहा को नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बनाया था। जुलाई 2017 में जदयू की राजग में वापसी ने समीकरणों को एक बार फिर बदल दिया और रालोसपा इस गठबंधन ने नाता तोड़कर राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हिस्सा बन गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुशवाहा ने काराकाट और उजियारपुर लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गए थे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कुशवाहा ने महागठबंधन से नाता तोड़कर मायावती की बसपा और एआईएमआईएम के साथ नया गठबंधन बनाकर यह चुनाव लड़ा था।

भारतीय टीम तैयारी दुबई रवाना होगी

नई दिल्ली। कोविड-19 की चपेट में आए कप्तान सुनील छेत्री के बिना 27 सदस्ईय भारतीय टीम ओमान और यूएई के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचो से पहले दुबई मे आयोजित होने वाले तैयारी शिविर मे भाग लेने के लिए सोमवार के यहां से रवाना होगी। ओमान के खिलाफ यह मुकाबला 25 जबकि यूएई के खिलाफ 29 मार्च को होगा।

मेदवेदेव फाइनल में युगल विशेषज्ञ होर्बर्ट से भिड़ेंगे

मार्सेली। शीर्ष वरीय दानिल मेदवेदेव अपने करियर के 10वें खिताब के ओपन 13 के फाइनल मे गैरवरीय पियरे-ह्यूजेज होर्बर्ट का सामना करेगे। ग्रैंडस्लैम खिताब के दो बार के विजेता मेदवेदेव सेमीफाइनल मे क्वालीफायर खिलाड़ी मैथ्यू एब्देन के चोटिल होने के कारण आसानी से फाइनल मे पहुंच गए। एब्देन ने जब मैच से हटने का फैसला किया उस समय मेदवेदेव 6-4, 3-0 से आगे चल रहे थे।

लेवानदोवस्की के गोल से म्यूनिख ने ब्रेमेन को हराया

बर्लिन। रॉबर्ट लेवानदोवस्की के गोल की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने वर्डर ब्रेमेन को 3-1 से हराकर बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। लेवानदोवस्की ने बुंदेसलीगा सत्र का अपना 32वां गोल दागा और एक ही सत्र मे 16 अलग-अलग टीमो के खिलाफ गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होने पिछले सत्र मे भी यह उपलब्धि हासिल की थी।

बेनजेमा के दो गोल से रीयाल मैड्रिड जीता

बार्सीलोना। करीम बेनजेमा के दो गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को एल्चे को 2-1 से शिकस्त दी और साथ ही स्पेनिश फुटबॉल लीग के खिताब की दौड़ मे एटलेटिको मैड्रिड पर दबाव बनाए रखा। एल्चे को 61वे मिनट मे डेनी कवलो ने बढ़त दिलाई लेकिन बेनजेमा ने 73वे मिनट मे स्कोर 1-1 कर दिया। बेनजेमा ने इसके बाद इंजरी टाइम मे एक और गोल दागकर रीयाल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की।

मैनचेस्टर खिताब के करीब

लंदन। मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को फुलहम को 3-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। पेप गुआर्डियोला की टीम की ओर से जॉन स्टोन्स, गैब्रिएल जीसस और सर्जियो एगुएरो ने गोल दागे।

बासिलाशविली ने कतर ओपन जीता

दोहा। निकोलोज बासिलाशविली ने कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे हॅबर्टो बतिस्ता आगुत को हराकर चौथा एटीपी खिताब जीता।जॉर्जिया के बासिलाशविली ने खिताबी मुकाबले मे बतिस्ता आगुत को 90 मिनट मे सीधे सेटो मे 7-6, 6-2 से हराया।

कोहली-किशन ने बराबर किया हिसाब

भारत ने दूसरे टी-20 में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

भाषा। अहमदाबाद

कप्तान विराट कोहली (नाबाद 73) और पदार्पण कर रहे ईशान किशन (56) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को 13 गेंद रहते सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर कर ली। इंग्लैंड ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को आठ विकेट से हराया था। कोहली ने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 49 गेंद का सामना किया जिसमें पांच चौके और तीन छक्के जड़े थे। कोहली ने 18वें ओवर में क्रिस जोर्डन की गेंद को छक्के के लिए पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन भी पूरे किए। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी है। किशन ने 32 गेंद में पांच चौके और चार छक्के से 56 रन बनाए। कोहली और किशन ने दूसरे विकेट के लिए 94 रन की भागीदारी निभाई। इस तरह किशन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार पदार्पण किया। भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम पांच ओवर में कसी गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को छह विकेट पर 164 रन ही बनाने दिए थे। भारत ने यह लक्ष्य 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारत की शुरूआत भी इंग्लैंड की तरह हुई और उसने भी पहले ही ओवर में पहला विकेट लोकेश राहुल (शून्य) के रूप में गंवा दिया जो सैम कुरेन की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर जोस बटलर को कैच दे बैठे। लेकिन कोहली और किशन ने मिलकर पावरप्ले में 50 रन पूरे कराए। अगले ही ओवर में दोनों के एक एक छक्के की बदौलत टीम ने 17 रन जोड़े। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन इस

स्कोरबोड

इंग्लैंड पारी : जैसन का भुवनेश्वर बो सुंदर 46, बटलर पगबाधा भुवनेश्वर 00, मालन पगबाधा चहल 24,बेयरस्टॉ का सूर्यकुमार बो सुंदर 20,मोर्गन का पंत बो शारदुल 28, स्टोक्स का पंड्या बो शारदुल 24,कुरेन नाबाद 06, जोर्डन नाबाद 00, **अतिरिक्त :** (बाई: 01 , लेग बाई: 10, वाइड: 05): 16, **कुल योग :** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 164 रन **विकेट पतन :** 1-1, 2-64, 3-93, 4-119, 5-142, 6-160,**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-28-1,सुंदर 4-0-29-2, ठाकुर 4-0-29-2,पंड्या 4-0-33-0,चहल 4-0-34-

भारत पारी : राहुल का बटलर बो सैम कुरेन 00, किशन पगबाधा राशिद 56,कोहली नाबाद 73, पंत का बेयरस्टो बो जोर्डन 26, अय्यर नाबाद 08,**अतिरिक्त :** (लेग बाई: 01, नोबॉल: 01, वाइड: 01) : 03, **योग :** 17.5 ओवर मे तीन विकेट पर 166 रन, **विकेट पतन :** 1-0, 2-94, 3-130 , **गेंदबाजी :** कुरेन 4-1-22-1, आर्चर 4-0-24-0,जोर्डन 2.5-0-38-1, कुरेन 2-0-26-0, स्टोक्स 1-0-17-0, राशिद 4-0-38-1

मोटेरा की पिच को मिली औसत रेटिंग , टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए बहुत अच्छी : आईसीसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दिनारात्रि मैच की पिच को औसत रेटिंग दी है जिससे यह पिच प्रतिबंधित होने से बच गई क्योंकि इस विवादास्पद सतह पर खेल दो दिन में ही समाप्त हो गया था। आईसीसी ने अपने नियम और दिशानिर्देश पेज पर सभी हालिया मैचों की रेटिंग अपडेट की है और तीसरे टेस्ट के लिए मोटेरा की पिच को औसत जबकि अंतिम टेस्ट के लिए इसे अच्छी रेटिंग दी है।

मनिका व सुतिर्था जीते शरत और साथियान हारे

दोहा। भारतीय टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी ने तोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल करने की कोशिश के तहत विश्व एकल क्वालीफायर्स के महिला नॉकआउट चरण-एक के शुरूआती दौर में रविवार को अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। मनिका ने बुल्गारिया की मारिया योवकोवा पर 11-5 11-7 11-4 11-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। मुखर्जी ने लिसा लुंग ने चौथे गेम में टक्कर दी।

गलतियां सुधारकर मजबूत वापसी का ही विकल्प बचा था : पृथ्वी साव

नई दिल्ली। मुंबई के कप्तान पृथ्वी साव का कहना है कि भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद उनके पास अपनी गलतियों को सुधारकर मजबूत वापसी के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मैच के बाद जब उनसे आस्ट्रेलिया दौरे के बाद मजबूत वापसी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मेरे लिए केवल एक विकल्प बचा था कि वापस लौटकर कड़ी मेहनत करूं, आस्ट्रेलिया में जो छोटी छोटी गलतियां हुईं, उन्हें ठीक करके मजबूत वापसी करूं।

स्ट्राइक रेट सुधारने पर काम किया: पूनम राउत

लखनऊ। भारतीय बल्लेबाज पूनम राउत ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट को सुधारने पर काम किया है जिसकी पिछले कुछ वर्षों में काफी आलोचना की जाती रही थी। भारतीय टीम को हालांकि चौथे वनडे में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम से हार का सामना करना पड़ा लेकिन पूनम ने इस मैच में शतकीय पारी खेली।

गेंदबाजों को पहले तैयारी पर काम करना होगा: मिताली

लखनऊ। भारतीय महिला एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को चौथे मैच को सात विकेट से गंवाने के बाद कहा कि उनकी गेंदबाजों को पांच मैचों की इस श्रृंखला से पहले अभ्यास का सही समय नहीं मिला। मिताली ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, अगर हमने 266 रन से अधिक भी बनाया होता तो दक्षिण अफ्रीका ने जैसे बल्लेबाजी की उसके लिए यह काफी नहीं होता। हमारी गेंदबाजी विभाग को श्रृंखला से पहले तैयारियों पर काम करना होगा। हम इस मामले में पिछड़ गए।

पंत ने तीन टेस्ट मैचों का रूख बदल दिया : इयान चैपल

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने शानदार बल्लेबाजी के दम पर तीन टेस्ट मैचों का रूख बदल दिया और ज्यादातर खिलाड़ी अपने पूरे कैरियर में यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाते। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा, पंत ने तीन ऐसी पारियां खेलीं जिससे टेस्ट का रूख ही बदल गया, जिसमें टीम मुश्किल में थी। ज्यादातर खिलाड़ी अपने करियर में यह योगदान नहीं पाते।

चोपड़ा होंगे फेडरेशन कप एथलेटिक्स में आकर्षण का केन्द्र

पटियाला। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सोमवार से यहां शुरू हो रहे 24वें फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग ले रहे 617 एथलीटों में आकर्षण का केन्द्र होंगे। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 38 स्पर्धाएं होंगी। इस साल 23 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक से पहले कई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर अपनी रैंकिंग में सुधार करना करना चाहेंगे। स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले और नीरज इस प्रतियोगिता से अपनी खामियों को दूर कराना चाहेंगे।

भवानी देवी ओलंपिक का टिकट हासिल करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं

चेन्नई। तमिलनाडु की सीए भवानी देवी इस साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल कर इन खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बन गई है।भवानी ने समायोजित आधिकारिक रैंकिंग (एओआर) के आधार पर ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल किया।

पूनम के शतक के बावजूद हारा भारत

लखनऊ । लिजेल ली की अगुआई में शीर्ष चार बल्लेबाजों के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टेस्ट ने पूनम राउत के नाबाद शतक पर पानी फेरते हुए चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां भारत को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-। की विजई बढ़त बना ली। भारत के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने लिजेल (69), मिगनोन डु प्रीज (61), लारा गुडॉल (नाबाद 59) और कप्तान लॉरा वोलवार्ट (53) की पारियों की बदौलत आठ गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 269 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। लिजेल ने लॉरा के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई जबकि डु प्रीज और गुडॉल ने भी तीसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। भारत ने शानदार फॉर्म में चल रही अनुभवी पूनम राउत के तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक और हरमनप्रीत कौर के तूफानी अर्धशतक की बदौलत चार विकेट पर 266 रन बनाए। पिछले दो मैचों में अर्धशतक जड़ने वाली पूनम ने 123 गेंद में 10 चौकों की मदद से नाबाद 104 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत ने भी 35 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए जबकि कप्तान मिताली राज ने 71 गेंद में 45 रन की पारी खेली। पूनम ने मिताली के साथ तीसरे विकेट के लिए 103 रन जबकि हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। मिताली अपनी इस पारी के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बनीं।

दक्षिण अफ्रीका ने 3-1 की बढ़त बनाई

तारे और पृथ्वी ने यूपी का सपना तोड़ा

मुंबई को विजय हजारे ट्रॉफी खिताब दिलाया

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व कप्तान आदित्य तारे के नाबाद शतक और कप्तान पृथ्वी साव के तूफानी अर्धशतक से मुंबई ने रविवार को यहां फाइनल में उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे उत्तर प्रदेश ने सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक के नाबाद 158 रन की मदद से चार विकेट पर 312 रन बनाए जिसके जवाब मुंबई ने तारे (107 गेंद में नाबाद 118 रन, 18 चौके) और पृथ्वी (39 गेंद में 73 रन, 10 चौके, चार छक्के) की पारियों की बदौलत 41.3 ओवर में चार विकेट पर 315 रन बनाकर जीत दर्ज की। यह मुंबई का चौथा विजय हजारे खिताब है जिसे पृथ्वी के लिए याद रखा जाएगा जो 827 रन के साथ टूर्नामेंट के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पृथ्वी ने साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (29) के साथ पहले विकेट के लिए 9.1 ओवर 89 रन जोड़कर मुंबई को तूफानी शुरुआत दिलाई। इस साझेदारी में जायसवाल का योगदान सिर्फ 16 रन का रहा। पृथ्वी को पांच रन के स्कोर पर जीवनदान मिला जब करण शर्मा ने मिड आफ पर उनका कैच टपका दिया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इसके बाद आकिब खान के दूसरे ओवर में तीन चौके मारे और फिर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के ओवर में दो चौके और मिडविकेट के ऊपर से छक्का मारा। पृथ्वी ने छक्के के साथ सिर्फ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन शिवम मावी की गेंद पर बाउंड्री पर कैच देकर पवेलियन लौट गए। जायसवाल भी इसके बाद शिवम शर्मा की गेंद पर मावी को कैच दे बैठे लेकिन 15वें ओवर में दो विकेट पर 127 रन के साथ मुंबई की टीम मजबूत स्थिति में थी। तारे और शम्स मुलानी (36) ने इसके बाद पारी को संवारा और 25 ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 174 रन तक पहुंचाया। तारे और मुलानी ने 88 रन की साझेदारी के दौरान कई आकर्षक शॉट खेले।

LOST & FOUND

I **VIJAY MEHTA** S/O LATE SHRI J C MEHTA have lost our share certificate of **VST INDUSTRIES LIMITED** 249 held Jointly with my Mother Late Mrs. Raj Kumari shares Details as under :

S.No.	FOLIO No.	No. of shares	Certificate No.	Distinctions no.	
1	R001627	50	33145583	13841713	13841762
2	R001627	50	33145584	13841763	13841812
3	R001627	50	33145585	13841813	13841862
4	R001627	3	33145586	13841863	13841865
5	R001627	50	3383859	7805576	7805625
6	R001627	46	3383860	7805626	7805671

Finder Please inform our office address: **MEFCOM CAPITAL MARKETS LIMITED 5TH FLOOR SANCHI BUILDING 77 NEHRU PLACE NEW DELHI 110019. Phone no. 99643312102**

प्रपत्र सं. आईएनसी – 25 ए

सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में परिवर्तित करने हेतु समाचार पत्र मे प्रकाशित होने वाला विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक कार्पोरेट मामले मंत्रालय नई दिल्ली क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी अधिनियम 2013 का धारा 14 एवं कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के विषय में
एवं
मैसर्स एसपीएस स्ट्रक्चर्स लिमिटेड (U45201DL2006PLC191071) जिसका अपना रजिस्टर्ड कार्यालय, 107, गोदावरी अपार्टमेंट, अलकनंदा, नई दिल्ली मे है के विषय में .... आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी, उपरोक्त कथित नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 14 के तहत केन्द्र सरकार को एक आवेदन करना चाहता है एवं दिनाक 9-3-2021 को हुई असाधारण आम बैठक पर पारित विशेष प्रस्ताव के संबधों में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित करने का इच्छुक है जिससे कि ऐसे परिवर्तन को करने हेतु कंपनी को अधिकार प्राप्त हो सके। कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्तर द्वारा प्रभावित हो सकता है वह निम्न निर्दिष्ट पते पर अपने रजिस्टर्ड कार्यालय पर आवेदक कंपनी को एक प्रति सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनो के अदंर क्षेत्रीय निदेशक (बी - 2 विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ काम्पलेक्स, नई दिल्ली - 110003) को अपने विपक्ष का आधार एवं अपने हित का स्वरूप बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज सकता है अथवा कंपनी को दे सकता है अथवा आपत्ति के कारणों को बता सकता है।

एसपीएस स्ट्रक्चर्स लिमिटेड
रजिस्टर्ड कार्यालय : 107, गोदावरी अपार्टमेंट, अलकनंदा, नई दिल्ली – 110019
तिथि : 15-03-2021
स्थान : नई दिल्ली

कृते एवं उसकी तरफ से
एसपीएस स्ट्रक्चर्स लिमिटेड
हस्ता
विपन कुमार, निदेशक
DIN : 02911636

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों की पूंजी बढ़ी

बाजार पूंजीकरण 72,442.88 करोड़

इस सप्ताह आएंगे पांच आईपीओ, 3,764 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद

नई दिल्ली। शेयर बाजारो मे सकारात्मक धारणा के बीच इस सप्ताह पांच कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। इन आईपीओ से कुल मिलाकर 3,764 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि शेयर बाजारो मे अत्यधिक तरलता तथा नए खुदरा निवेशको की संख्या मे उल्लेखनीय बढ़ोतरी से इन कंपनियो को फायदा होगा। क्रापट्समैन ऑटोमेशन और लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ सोमवार को खुलेगा। कल्याण ज्वेलर्स का आईपीओ मंगलवार को आएगा। इसके अलावा सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक और नजारा टेक्नोलॉजीज का आईपीओ बुधवार को खुलेगा। इन कंपनियो के शेयरो को बीएसई और एनएसई मे सूचीबद्ध किया जाएगा।

रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 72,442.88 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में इन्फोसिस रही। सप्ताह के दौरान सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 24,962.94 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,85,564.20 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार मूल्यांकन में 18,458.26 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 11,30,763.01 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 12,123.8 करोड़ रुपए के उछाल से 8,55,086.25 करोड़ रुपए पर और बजाज फाइनेंस की 6,643.53 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,34,716.18 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

एफपीआई ने मार्च में अबतक भारतीय बाजारों से 7,013 करोड़ रुपए निकाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने में अबतक भारतीय बाजारों से 7,013 करोड़ रुपए की निकासी की है। बांड पर प्राप्ति बढ़ने के बीच एफपीआई ने भारतीय बाजारों में मुनाफा काटा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एक से 12 मार्च के दौरान एफपीआई ने शेयरों से 531 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 6,482 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस तरह उनकी शुद्ध निकासी 7,013 करोड़ रुपए रही है। इस रुख के उलट एफपीआई ने फरवरी में भारतीय बाजारों में 23,663 करोड़ रुपए और जनवरी में 14,649 करोड़ रुपए डाले थे।

बैंकों का ऋण कारोबार 6.63 प्रतिशत बढ़ा, जमा में 12.06 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई। बैंकों का ऋण 26 फरवरी, 2021 को समाप्त पखवाड़े में सालाना आधार पर 6.63 प्रतिशत बढ़कर 107.75 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान बैंकों के पास जमा राशि 12.06 प्रतिशत बढ़कर 149.34 लाख करोड़ रुपए रही। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल 28 फरवरी, 2020 को समाप्त पखवाड़े के दौरान बैंकों का ग्राहकों को दिया गया ऋण 101.05 लाख करोड़ रुपए और उनके पास जमा 133.26 लाख करोड़ रुपए रही थी। 12 फरवरी, 2021 को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का ऋण 6.58 प्रतिशत बढ़कर 107.04 लाख करोड़ और जमा 11.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 147.81 लाख करोड पर थी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Deepika Rani, D/o. Jyoti Lal Mahto, R/o. Post-Baidhmara, Thana-Harla, Sector-9, Ranipokhar, Bokaro, Jharkhand-827009, at present S-103/43A, 1st floor, Gali No.4, Vishwas Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name from Deepika Rani to Aaisha Siddique on 11.03.2021 for all purposes.

PD(8956)A

I, Salman Ahmad S/o Abdul Waheed R/o. A-38/1, 4th floor, Abul Fazal Enclave-II, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 declare that my wife's name has been wrongfully mentioned in my Passport No. J3337586 as Kaniz Fatma instead of Kaneej Fatima.

PD(8958)A

CHANGE OF RELIGION

I, Deepika Rani, D/o. Jyoti Lal Mahto, R/o. Post-Baidhmara, Thana-Harla, Sector-9, Ranipokhar, Bokaro, Jharkhand-827009, at present S-103/43A, 1st floor, Gali No.4, Vishwas Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my religion from Hindu to Islam (Muslim) w.e.f. 11.03.2021

PD(8957)A

गेमिंग क्षेत्र में 54.4 करोड़ डॉलर का निवेश आया: रपट

नई दिल्ली। भारत में उपयोगकर्ताओं की जागरूकता और रूझान बढ़ने से कंप्यूटर गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में पिछले साल अगस्त से इस साल जानवरी के बीच 54.4 करोड़ डॉलर का निवेश आया। मापल कैपिटल एडवाइजर्स की एक रपट में अनुमान लगाया गया है कि साल-डेढ़ साल में देश में गेमिंग बाजार दो गुना हो जाएगा। रपट के अनुसार, देश में 40 करोड़ लोग हैं, जो डिजिटल गेम में दिलचस्पी रखते हैं।

ओएनजीसी की हिस्सेदारी बढ़कर 70 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की देश के तेल एवं गैस उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़कर 70 प्रतिशत पर पहुंच गई है। एक दशक पहले यह हिस्सेदारी 53 प्रतिशत थी।

मौद्रिक नीति प्रणाली में किसी बड़े बदलाव से बांड बाजार प्रभावित होगा : राजन

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे महामारी के झटके से बाहर निकल रही है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने चेताया है कि देश के मौद्रिक नीति के ढांचे में किसी तरह के बड़े बदलावों से बांड बाजार प्रभावित हो सकता है। राजन ने रविवार को कहा कि मौजूदा व्यवस्था ने मुद्रास्फीति को काबू में रखने और वृद्धि को प्रोत्साहन देने में मदद की है। राजन ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि सरकार का 2024-25 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को 5,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य आकांक्षी अधिक है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि महामारी से पहले भी इस लक्ष्य को लेकर सावधानी से गणना नहीं की गई। पूर्व गवर्नर ने कहा, मेरा मानना है कि मौद्रिक नीति प्रणाली ने मुद्रास्फीति को नीचे लाने में मदद की है। इसमें रिजर्व बैंक के लिए अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की गुंजाइश भी है। यह सोचना भी मुश्किल है कि यदि यह ढांचा नहीं होता, तो हम कैसे इतना ऊंचा राजकोषीय घाटा झेल पाते। उनसे पूछा गया था कि क्या वह मौद्रिक नीति के तहत मुद्रास्फीति के दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य की समीक्षा के पक्ष में हैं। रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) पर रखने का लक्ष्य दिया गया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर नीतिगत दरें तय करती है।

मौजूदा मध्यम अवधि का मुद्रास्फीति लक्ष्य अगस्त, 2016 में अधिसूचित किया गया था। यह इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। अगले पांच साल के लिए मुद्रास्फीति के लक्ष्य को इसी महीने अधिसूचित किए जाने की उम्मीद है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1792/निविदा/2020-21 दिनांक: 12.03.2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान,देहरादून की ओर से **"जल जीवन मिशन"** कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा ऊधमसिंह नगर में पाईप लाईन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से भारतीय डाक सेवा के स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक से निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनाँक 30/03/2021 के अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक 16/03/2021 से दिनांक 22/03/2021 के सायं 5.00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 अतिरिक्त डाक व्यय देना होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित	धरोहर राशि (रूपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिवस)	ठेकेदार की श्रेणी
1	वि0ख0 गदरपुर के अन्तर्गत मोतियापुरा राजस्व ग्राम (बरबाद नगर, छोटा मोती व मोतियापुरा हैबीटेशन) में पाईप लाईन व जल संयोजन (FHTC) सम्बन्धी कार्य।	1500+270.00 =1770.00	34700.00	90 दिन	"डी"/ उच्चतर श्रेणी
2	वि0ख0 गदरपुर के अन्तर्गत फलेनगंज राजस्व ग्राम (फतेहगंज तोक) में पाईप लाईन व जल संयोजन (FHTC) सम्बन्धी कार्य।	1000+180.00 =1180.00	17700.00	90 दिन	–तदैव–
3	वि0ख0 गदरपुर के अन्तर्गत सरोवर नगर राजस्व ग्राम (Bareilly Habitation) में पाईप लाईन व जल संयोजन (FHTC) सम्बन्धी कार्य।	1500+270.00 =1770.00	28800.00	90 दिन	–तदैव–

शर्तें:–
1. निविदा प्रपत्र विभाग में पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदायें विक्रय की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
3. निविदा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी।

"जल संचय–जीवन संचय"

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

ब्रिटेन में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, प्रीति पटेल ने मांगी रिपोर्ट

भाषा। लंदन

स्कॉटलैंड यार्ड ने रविवार को दक्षिण लंदन में सतर्कता बरतने के अपने कार्य का बचाव किया जहां 33 वर्ष की एक महिला लापता पाई गई और बाद में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है।

सारा एवरर्ड पिछले हफ्ते एक मित्र के घर से लौटने के दौरान लापता हो गई थी। उसकी हत्या से ब्रिटेन भर में लोग सदमे में हैं क्योंकि एक सेवारत मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारी इस सप्ताह उसकी हत्या के आरोप में अदालत में पेश हुआ।सारा की स्मृति में आयोजित एक अनौपचारिक सभा के दौरान पुलिस और लोगों के बीच झड़प हुई और पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उसने वर्तमान कोरोना वायरस लॉकडाउन नियमों के तहत भीड़ को तितर बितर करने के लिए कार्वाई की। मेट्रोपालिटन पुलिस सहायक आयुक्त हेलन बॉल ने कहा, पुलिस को लोगों की सुरक्षा के लिए काम करना चाहिए, यही जम्मिेदारी है। महामारी समाप्त नहीं हुई है और लंदन और अन्य जगहों पर लोगों का जमावड़ा अभी भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, हमने वहां मौजूद लोगों से कई बार अपील की कि वे कानून का पालन करें और वहां से चले जाएं।

अफसोस की बात है कि कुछ लोगों का एक समूह अधिकारियों पर चिल्लाने लगा और उन पर चीजें आदि फेंकी। अधिकारियों के साथ बात करने के बाद, अधिकतर लोग वहां से चले गए। सार्वजनिक आदेश और स्वास्थ्य संरक्षण विनियमों के उल्लंघन के लिए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, शनिवार की शाम को लोगों और पुलिस अधिकारियों के बीच झड़पों के दृश्य सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए गए और इसके परिणामस्वरूप विभिन्न वर्गों की ओर से इस पर आक्रोश जताया गया। लंदन मेयर सादिक खान ने मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त क्रेसिका डिक से स्पष्टीकरण मांगा। ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा, सोशल मीडिया पर आए क्लैपहम संबंधी घटना से संबंधित कुछ फुटेज परेशान करने वाले हैं। मैंने मेट्रोपॉलिटन पुलिस से पूरी रिपोर्ट मांगी है कि क्या हुआ। मंत्री ने कहा, मेरी संवेदना सारा के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे सारा की याद में अपने घर के दरवाजे पर एक मोमबत्ती जलाएं। इस अभियान में शामिल हुए लोगों में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनकी मंगेतर कैरी साइमंड्स शामिल थे जिन्होंने एक मोमबत्ती जलाई और उसे लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट के सामने रखा।जॉनसन ने ट्वीट किया कि वह उसके (सारा के) परिवार और दोस्तों के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ करूंगा कि सड़कें सुरक्षित हों। इससे पहले, मेट्रोपोलिटन पुलिस अधिकारी वेन कुजेंस (48) लंदन में वेस्टमिंस्टर अदालत में पेश हुआ। कुजेंस पर सारा एवरर्ड के अपहरण और हत्या का आरोप लगाया गया है। उसे हिरासत में भेज दिया गया है।

मास्को मे सामूहिक रूप से आयोजित होने वाली बाक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए पूर्वाभ्यास करते लोग

ब्लिंकन एवं ऑस्टिन जापान एवं दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा के लिए होंगे रवाना

एपी। वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन एशिया में अमेरिका के प्रभाव को मजबूत करने के लिए सोमवार को जापान एवं दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगे। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने पिछले महीने से कई माध्यमों से उत्तर कोरिया तक पहुंचने की कोशिश की है, लेकिन उसे अभी तक कोई उत्तर नहीं मिला है और ऐसे में उसके पड़ोसियों, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन के साथ वार्ताएं और भी महत्वपूर्ण हो गई हैं। ब्लिंकन और ऑस्टिन अपने बड़े क्षेत्रीय सहयोगियों जापान एवं दक्षिण कोरिया के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने के मकसद से यात्रा के लिए रवाना होंगे। इसके बाद, ब्लिंकन और बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन अलास्का के एंकरेज में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

ब्लिंकन और ऑस्टिन पत्रकारों, नागरिक समाज के सदस्यों एवं अन्य लोगों से भी डिजिटल माध्यम से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ डिजिटल माध्यम से मुलाकात की थी और क्वाड के सदस्यों से कहा था, हिंद-प्रशांत क्षेत्र का मुक्त और स्वतंत्र रहना आवश्यक है।

क्वाड दरअसल चार देशों- भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का एक समूह है और 2007 में इसकी स्थापना के बाद से इन चार सदस्यों देशों के प्रतिनिधि समय-समय पर मिलते रहे है।

श्रीलंका मे भारतीय राजनयिक ने उत्तरी एवं पूर्वी प्रांतों का दौरा किया

भाषा। कोलंबो

- तमिल नेताओं से भी की वार्ता

श्रीलंका में भारत के शीर्ष राजनयिक ने उत्तरी एवं पूर्वी प्रांतों का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ तमिल नेताओं से बातचीत की और इस बात पर जोर दिया कि एकीकृत श्रीलंका के अंदर सार्थक विकेंद्रीकरण के माध्यम से अल्पसंख्यक तमिल समुदाय की वैध आकांक्षाओं की प्राप्ति, द्वीपीय देश की शांति, समावेशी प्रगति और ताकत में योगदान देगा।इन दो प्रांतों में 11 से 13 मार्च के तीन दिवसीय दौरे के दौरान भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के विकास के लिए भारत के दीर्घकालीन सहयोग और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को यहां एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, बागले ने अपने दौरे के दौरान तमिल पार्टियों के नेताओं के साथ कई बैठकें की और समानता, न्याय, शांति एवं गरिमा के लिए तमिल समुदाय की वैध आकांक्षाओं को लेकर श्रीलंकाई सरकार की प्रतिबद्धताओं को याद दिलाया। इसके मुताबिक, बैठकों के दौरान तमिल नेताओं ने प्रांत में विकास सहयोग के लिए अनुदान सहायता के तहत ढांचागत विकास, अधिक आर्थिक निवेश और अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए भारत से और सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बागले ने उन्हें भारत की ओर से इन क्षेत्रों में सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।

म्यांमा में असैन्य नेता थान ने जुंटा के खिलाफ क्रांति का लिया संकल्प

एपी। मांडले

- असैन्य नेताओं का नेतृत्व कर रहे माह्न विन खाइंग थान व अपदस्थ किए गए और सेना से छिपकर रह रहे सांसदो ने कार्यवाहक उपराष्ट्रपति नामित किया है

म्यांमा में पिछले महीने सैन्य तख्तापलट के बाद से छिपकर रह रहे असैन्य नेताओं का नेतृत्व कर रहे माह्न विन खाइंग थान ने सेना को सत्ता के बाहर करने के लिए क्रांति को समर्थन देना जारी रखने का संकल्प लिया है। इस बीच, सुरक्षा बलों ने तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्वाई की, जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। थान को म्यांमा में अपदस्थ किए गए और सेना से छिपकर रह रहे सांसदों ने कार्यवाहक उपराष्ट्रपति नामित किया है और वह देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू की की पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने एक फरवरी को हुए तख्तापलट के बाद पहली बार शनिवार को जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने एक वेबसाइट और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, यह देश के लिए सबसे अधंकारमय क्षण है और जल्द सुबह होने वाली है। उन्होंने कहा, यह क्रांति संघीय लोकतंत्र स्थापित करने में हमारी कोशिशों को एकजुट करने का मौका है। संघीय लोकतंत्र स्थापित करना विभिन्न जातीय समूहों के भाइयों की इच्छा है जो दशकों से तानाशाही के दमनकारी कृत्यों से त्रस्त हैं। थान ने कहा, हम अन्याय करने वाली सेना के आगे कभी नहीं झुकेंगे, बल्कि अपनी एकजुट ताकत से भविष्य का निर्माण करेंगे। वीडियो के अंत में उन्होंने तीन उंगली से सलामी दी जो सैन्य शासन के प्रतिरोध का प्रतीक बन गया है। इससे पहले, शनिवार को सुरक्षाबलों ने मांडले में प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। म्यांमा के दक्षिण मध्य इलाके में प्याय में भी दो और तवांते में एक प्रदर्शनकारी की मौत हुई है। सातों मृतकों की जानकारी विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट से साझा की गई है। हालांकि, माना जा रहा है कि मृतकों की संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कुछ शवों को सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि कई लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

त्विक न्यूज

डेनवर में भीषण बर्फीले तूफान के कारण 2,000 उड़ानें रद्द

डेनवर। अमेरिका के कोलोराडो राज्य की राजधानी डेनवर मे भीषण बर्फीले तूफान के कारण दो हजार से अधिक उड़ानो को रद्द किया गया है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने शीत तूफान की चेतावनी जारी की और कहा कि शनिवार दोपहर से शनिवार रात तक डेनवर मे 18 से 24 इंच बर्फबारी होने और शिलाखंड गिरने की आशंका है। इसके अलावा फ्रंट रेज तलहटी के कुछ इलाको मे 30 इंच तक बर्फबारी होने की आशंका है। कोलोराडो परिवहन विभाग ने भी सड़को के बंद होने की आशंका जताते हुए लोगो से बहुत जरूरी होने पर ही यात्रा करने को कहा है। डेनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता एमिली विलियम्स ने बताया कि शनिवार सुबह हवाई अड्डे पर भीड़-भाड़ रही, लेकिन दिन मे करीब 750 उड़ाने रद्द की गईं और रविवार के लिए भी करीब 1,300 उड़ाने रद्द की गई है।

ड्यूक यूनिवर्सिटी ने सभी स्नातक विद्यार्थियों को पृथक-वास में भेजा

डरहम (अमेरिका)। ड्यूक विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रम मे पंजीकृत सभी विद्यार्थियो को पृथक-वास मे जाने का आदेश जारी किया है, जो शनिवार से प्रभावी हो गया। ए विद्यार्थी रोजगार पाने संबंधी एक कार्यक्रम मे शामिल हुए थे , जिसके बाद विश्वविद्यालय मे संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे थे। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि स्नातक पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियो को कम से कम 21 मार्च तक पृथक-वास मे रहना होगा और इस आदेश का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्वाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि गत एक हफ्ते मे संस्थान के 180 से अधिक विद्यार्थियो के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है जबकि 200 अन्य विद्यार्थी इनके संपर्क मे आए है जिन्हे पृथक-वास मे रहने का आदेश दिया गया है।

म्यांमा में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में गोली लगने से चार लोगों की मौत

यंगून। म्यांमा मे सेना के तख्तापलट करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगो पर सुरक्षा बलो की कार्वाई मे गोली लगने से रविवार को चार प्रदर्शनकारियो की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार म्यांमा के सबसे बड़े शहर यंगून मे दो लोगो की मौत हुई है। इनमे से एक व्यक्ति के सिर मे, जबकि दूसरे व्यक्ति को पेट मे गोली लगी थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार त्पावंत शहर मे पुलिस ने प्रदर्शनकारियो की भीड़ पर गोलिया चलाईं, जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मंडाले मे सिर मे गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई। गौरतलब है कि सेना द्वारा एक फरवरी को आंग सान सू ची की सरकार का तख्तापलट करने के बाद से देश मे लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे है। प्रदर्शनकारी हिरासत मे लिए गए नेताओ को रिहा करने की मांग कर रहे है।

यमन में आग : प्रवासियों ने अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की

काहिरा। यमन की राजधानी सना मे रहने वाले प्रवासी समुदाय ने पिछले सप्ताह यहां लगी आग के मामले की अंतरराष्ट्रीय जांच कराए जाने की मांग की है। प्रवासियो के एक हिरासत केंद्र मे लगी इस आग मे कम से कम 44 लोगो की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए।सना मे आयोजित संवाददाता सम्मेलन मे इथियोपियाई समुदाय के नेता ओटमन गिल्टे ने हादसे के लिए हुती विद्रोहियो की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जिसका सना पर नियंत्रण है। उन्होने इसके साथ ही यमन मे सहायता के लिए मौजूद संयुक्त राष्ट्र को भी जिम्मेदार ठहराया। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेट (आईओएम) संगठन के मुताबिक, गत रविवार को जब आग लगी तो हिरासत केंद्र मे करीब 900 प्रवासी थे, जिनमे से अधिकतर इथियोपिया के निवासी थे। इनमे से करीब 350 प्रवासी एक गोदाम मे बंद थे। आईओएम के महानिदेशक ने कहा, हिरासत केंद्र मे क्षमता से तिगुने लोग थे, जो अमानवीय और असुरक्षित है।

कोसोवो ने इजराइल में अपना दूतावास खोला

प्रिस्टीना। कोसोवो के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने इजराइल के विवादास्पद शहर यरुशलम मे अपना दूतावास खोला है। मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि इजराइल के साथ एक फरवरी को रणनीतिक समझौते के बाद यह कदम उठाया गया है। बयान के मुताबिक, विदेश मंत्रालय इजराइल के यरुशलम मे औपचारिक तौर पर कोसोवो दूतावास खोलने की घोषणा करता है। फलस्तीन दावा करता है कि इजराइल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध मे पूर्वी यरुशलम पर कब्जा किया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकतर देश इसे विवादास्पद शहर मानते है और अधिकतर देशो के दूतावास तेल अवीव शहर मे स्थित है।

काठमाडू के दक्षिणी सिरहा जिले में बम विस्फोट के बाद घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर पर ले जाते कर्मचारी

नेपाल में बम धमाके में आठ लोग घायल

काठमांडू (भाषा)। दक्षिण-पूर्वी नेपाल के लाहान जिले के सिराहा में रविवार को खचाखच भरे सरकारी कार्यालय में प्रेशर कुकर बम फटने से कम से कम आठ लोग घायल हो गए। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। द काठमांडू पोस्ट समाचार पत्र ने सहायक मुख्य जिला अधिकारी कृष्ण कुमार निरौला के हवाले से कहा कि बम भूमि राजस्व कार्यालय के प्रथम तल पर फटा। समाचार पत्र के अनुसार, धमाके में कम से कम आठ कर्मचारी घायल हो गए, जिसमें पांच पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। डीएसपी तपन दहल ने कहा, गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का लाहान के सप्तऋषि अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि अन्य घायलों के लाहान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माय रिपब्लिका समाचार पत्र के अनुसार जय कृष्ण गोइत की अगुवाई वाले सशस्त्र संगठन जनतांत्रिक तराई मुक्ति मोर्चा (क्रांतिकारी) ने धमाके की जिम्मेदारी ली है।

हिंदू समुदाय ने मंदिर को क्षतिग्रस्त करने वाली भीड़ को माफ किया

भाषा। पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रहने वाले हिंदू समुदाय ने सूबे में स्थित करीब एक सदी पुराने मंदिर में तोड़-फोड़ करने एवं उसमें आग लगाने की आरोपी भीड़ को माफ करने का फैसला किया है। इस विवाद को सुलझाने के लिए शनिवार को स्थानीय धार्मिक नेताओं और हिंदू समुदाय के लोगों ने बैठक की। अनौपाचारिक रूप से जिरगा कही जाने वाली बैठक में आरोपी ने हमले तथा वर्ष 1997 में भी इसी तरह की घटना को अंजाम देने के लिए माफी मांगी। मुस्लिम धर्म के नेताओं ने आश्वासन दिया कि वे हिंदुओं और उनके अधिकारों की देश के संविधान के अनुसार रक्षा करेंगे। बैठक में हुए समझौते की प्रति उच्चतम न्यायालय में जमा की जाएगी ताकि आरोपियों को रिहा किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 30 दिसंबर को स्थानीय मौलवियों एवं कट्टरपंथी पार्टी जमीयत-उलेमा-ए-इस्लाम के सदस्यों के नेतृत्व में भीड़ ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले स्थित टेरी गांव में बने मंदिर और उससे लगी समाधि में तोड़फोड़ की थी व उसे आग के हवाले कर दिया था। स्थानीय उलेमा के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पाकिस्तान हिंदू कांउसिल के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि इस घटना ने दुनिया भर के हिंदुओं की भावना को आहत किया है। तहरीक ए इंसाफ पार्टी के टिकट से विधायक कुमार ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान की अध्यक्षता में जिरगा की कार्यवाही हुई। गौरतलब है कि इस मामले में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारत ने भी इस घटना पर गहरी चिंता जताई थी।

कजाखस्तान सुरक्षा एजेंसी का विमान दुर्घटनाग्रस्त चार लोगो की मौत

मास्को। कजाखस्तान की सरकारी सुरक्षा एजेंसी के एक विमान के शनिवार को दुर्घनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चालक दल के चार सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य सदस्य घायल हो गए। कजाखस्तान के आपात मंत्रालय ने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि दो इंजन वाला एन-26 टर्बोप्रॉप कजाखस्तान के सबसे बड़े शहर अल्माटी में हवाईअड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान ने देश की राजधानी नूर सुल्तान से उड़ान भरी थी और इसमें चालक दल के छह सदस्य सवार थे। कजाखस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने बताया कि यह विमान उसका था। उसने कहा कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। एन-26 को 1960 के दशक में डिजाइन किया गया था और सैन्य एवं असैन्य इस्तेमाल के लिए इस श्रृंखला के कई विमान बनाए गए थे, जिनका इस्तेमाल पूर्व सोवियत देशों समेत दुनियाभर के कई देश करते हैं।

मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर प्रतिबद्ध हैं: क्वाड नेता

भाषा। वाशिंगटन,

चार देशों की सदस्यता वाले क्वाड समूह के नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए इस बात पर पुन: जोर दिया कि वे यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह क्षेत्र सभी के लिए सुगम हो और नौवहन की स्वतंत्रता एवं विवादों के शांतिपूर्ण समाधान जैसे मूल सिद्धांतों एवं अंतराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार इसका संचालन हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने शुक्रवार को हुए चतुष्पक्षीय गठबंधन (क्वाड) के पहले शिखर सम्मेलन के बाद द वॉशिंगटन पोस्ट में छपे एक लेख में इस बात पर जोर दिया कि सभी देश किसी बलप्रयोग के बिना राजनीतिक चयन करने में सक्षम होने चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की सरकारों ने पिछले कुछ साल में निकटता से काम किया है और शुक्रवार को क्वाड के इतिहास में पहली बार उन्होंने उच्चतम स्तर पर अर्थपूर्ण सहयोग को आगे ले जाने के लिए नेताओं की बैठक की। नेताओं ने कहा, हमने खुले एवं मुक्त क्षेत्र की अपनी कोशिशों को तेज करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के कारण पैदा हुईं चुनौतियों से निपटने की खातिर सहयोग करने और भविष्य के नवोन्मेषों को संचालित करने वाले मानक तय करने के लिए गठजोड़ करने पर सहमति जताई। क्वाड नेताओं ने शुक्रवार को हुए सम्मेलन में मुक्त, खुले एवं समावेशी क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई, जिसमें बल प्रयोग से कोई प्रतिबंध न लगाया गया हो। चीन दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर के कई हिस्सों पर अपना दावा करता है। पूर्वी चीन सागर में दावे को लेकर चीन और जापान के बीच विवाद है। नेताओं ने लेख में कहा कि क्वाड नामक सहयोग का जन्म संकट में हुआ है। यह 2007 में राजनयिक वार्ता बना और 2017 में इसका पुनर्जन्म हुआ। उन्होंने लिखा, दिसंबर 2004 में इंडोनेशिया के तट के पास महाद्वीपीय जलसीमा दो मीटर खिसक गई, जिसके कारण आधुनिक इतिहास में सबसे बड़ा तूफान आया और हिंद महासागर में अप्रत्याशित मानवीय संकट पैदा हो गया। लाखों लोग विस्थापित हुए और सैंकड़ों लोग मारे गए, हिंद प्रशांत क्षेत्र को मदद की तत्काल आवश्यकता थी। हम चारों देशों ने मिलकर मदद की। नेताओं ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका ऐसे लोकतांत्रिक देशों का समूह हैं, जो जरूरत पड़ने पर आपदा में राहत और त्वरित मानवीय सहायता मुहैया कराने के लिए व्यावहारिक सहयोग के जरिए परिणाम देने को लेकर समर्पित हैं।उन्होंने कहा, अब हिंद-प्रशांत में अवसर और एक दूसरे से संपर्क के नए दौर में हम जरूरतमंद क्षेत्र के समर्थन में फिर से एकजुट हुए हैं। नेताओं ने कहा कि वे मुक्त, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझे दृष्टिकोण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि हिंद-प्रशांत सभी के लिए सुगम हो, इसका संचालन नौवहन की स्वतंत्रता एवं विवादों के शांतिपूर्ण समाधान जैसे मूल सिद्धांतों एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर हो तथा सभी देश बिना किसी बलप्रयोग के अपने राजनीतिक चयन करने में सक्षम हों। नेताओं ने कहा, यह स्पष्ट है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत विश्व भर में जलवायु परिवर्तन एक रणनीतिक प्राथमिकता और तत्काल सामने खड़ी चुनौती है, इसलिए हम पेरिस समझौते को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सभी देशों की कोशिशों को तेज करने के लिए एक-दूसरे के साथ और अन्य देशों के साथ मिलकर काम करेंगे।

उन्होंने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ाई को लेकर प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि यह हाल के इतिहास में स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्थिरता को सबसे बड़ा खतरा है और क्वाड देशों को इससे निपटने के लिए मिलकर काम करना होगा।नेताओं ने कहा, हम भारत में सुरक्षित, सुगम और प्रभावशाली टीकों का उत्पादन तेज करने और बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर चरण पर मिलकर काम करेंगे कि 2022 तक पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टीकाकरण हो जाए। क्वाड ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक पहल को अंतिम रूप दिया, जिसके तहत भारत में बड़ा निवेश किया जाएगा, ताकि उसकी कोविड-19 टीके बनाने की क्षमता बढ़ सके और वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में निर्यात के लिए 2022 तक एक अरब टीके बना ले। इसे चीन की टीके संबंधी कूटनीति का जवाब देने के लिए अहम कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

बोर्ड परीक्षा में कैसे हों कामयाब

भारत गोयल का कहना है कि आगामी बोर्ड परीक्षाएं छात्रों व शिक्षकों दोनों के लिए एक जुझारू लक्ष्य हो सकता है। क्योंकि इसके पीछे का कारण- साल भर की ऑनलाइन पढ़ाई और छात्र-शिक्षक संवाद न होना है

10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं हर छात्र के जीवन और भविष्य का महत्वपूर्ण शुरूआती पड़ाव हैं। परीक्षा के परिणाम उन्हें अपने चुने हुए पेशेवर सपने के करीब पहुंचने में मदद करेंगे।

कोविड-19 महामारी परिदृश्य ने डिजिटल या ऑनलाइन शिक्षा को आदर्श बनाया व भारतीय शैक्षिक प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन लाया। इस दौरान, 2021 की बोर्ड परीक्षाएं, छात्रों व भारतीय शिक्षा प्रणाली के के भविष्य के परीक्षण का आधार होंगी।

छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए बोर्ड परीक्षाओं के महत्वपूर्ण होने के कारक निम्न हैं। ये परीक्षाएं शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए लिटमस परीक्षा है। इसमें उनकी साल भर की डिजिटल शिक्षा की प्रभावशीलता को परखा जाएगा।

कोई प्रयोगात्मक या प्रमुख परीक्षा या मूल्यांकन आदि की व्यवस्था नहीं थी, क्योंकि न्यूनतम या कोई प्रत्यक्ष स्कूल नहीं था। ऐसी कठिन स्थितियों के बीच अंततोगत्वा पहली बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। टीकाकरण प्रक्रिया युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है, लेकिन इसने सम्मिलित लोगों की सामान्य सुरक्षा के मामले में कुछ लोगों को घबराहट की स्थिति में डाल दिया है। कई लोग परिणामों की निष्पक्षता को लेकर भी चिंतित हैं, क्योंकि ये परीक्षाएं प्रदत्त ऑनलाइन शिक्षा के आधार पर आयोजित की जाएंगी।

औसत और औसत से नीचे की स्थिति वाले छात्र एक बड़ी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

एकाग्रचित्त व अनुशासित छात्रों ने महामारी के दौरान अपनी समय सारिणी और पढ़ाई को अच्छी तरह से प्रबंधित किया। लेकिन साल भर ऑनलाइन पढ़ाई

> छात्र वास्तव में पूर्व परीक्षाओं में दूसरों द्वारा अर्जित अंकों की तुलना में अधिक अंक प्राप्त करने की बड़ी चुनौती का सामना करेंगे। अधिक अंक प्राप्त करना छात्रों और उनके माता-पिता की आकांक्षा होती है।

करने की क्षमता में कमी- औसत व औसत से नीचे के छात्रों - के समग्र परिणाम में गिरावट में योगदान कर सकती है। हालांकि टॉपर छात्रों का प्रतिशत पहले जैसा रह सकता है।

महामारी स्कूल वर्ष के दौरान आयोजित लगभग अनुपस्थित प्रयोगात्मक परीक्षाओं के कारण, छात्रों में प्रयोगात्मक परीक्षा से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। 2021 की परीक्षाओं में एक बड़ी जिम्मेदारी इन परीक्षाओं का आयोजन करना होगा, जो समग्र अंकों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

छात्र वास्तव में पूर्व परीक्षाओं में दूसरों द्वारा अर्जित अंकों की तुलना में अधिक अंक प्राप्त करने की बड़ी चुनौती का सामना करेंगे। अधिक अंक प्राप्त करना छात्रों और उनके माता-पिता की आकांक्षा होती है। और ये आकांक्षाएँ व अपेक्षाएँ उन छात्रों की मानसिकता के लिए हानिकारक हो सकती हैं जो शायद एक पहले की तरह अधिक अंक प्राप्त नहीं कर पाएं।

30 प्रतिशत की कटौती और पाठ्यक्रम की कमी महामारी का एक प्रमुख कारक बनी है। इसने पिछले मॉडल या सैंपल टेस्ट पेपर्स को पूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर बेकार बना दिया है। शिक्षकों को अब इस नए सिलेबस के आधार पर सैंपल या मॉक टेस्ट पेपर बनाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों को छात्रों के साथ कम पाठ्यक्रम व परिणाम संभावित प्रश्नपत्रों के बारे में विस्तार से बात करनी होगी। उन्हें बेहतर तैयारी के लिए छात्रों को इन नए प्रश्न-पत्रों को व्यापक ढंग समझने की आवश्यकता है।

छात्रों के लिए परीक्षा केंद्रों पर जल्दी पहुंचना एक और चुनौती हो सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये छात्र घर से ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेते हैं और स्कूल के लिए जल्दी जागने की आदत छोड़ चुके हैं।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का मसला एक महत्वपूर्ण पहलू और चुनौती बनेंगे। उपस्थिति को सख्त एहतियाती कोड के अधीन होना होगा। हर केंद्र में कम छात्र होने चाहिए। जिससे उन्हें संभालने वाले केंद्रों व शिक्षकों की संख्या बढ़ जाएगी। यह सब कुछ शारीरिक -दूरी के प्रावधानों को प्राथमिकता देगा। सुरक्षा उद्देश्यों हेतु इन परीक्षाओं के लिए परीक्षा- केंद्र पूर्णतया आरक्षित होंगे।

ये संकेतक वास्तव में एक अनुमान प्रदान करते हैं कि 2021 की कक्षा 10वी और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए इतनी निर्णायक क्यों हैं। यह भारत के शैक्षिक भविष्य का अग्रदूत है।

-लेखक भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक व निदेशक हैं।

स्कॉलरशिप

टूंफेन्ट इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एजूकेशन(टाइम) प्राइवेट लिमिटेड मार्च 2021 को गेट क्वेस्ट स्कालरशिप परीक्षा आयोजित कर रहा है।

यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो गेट 2022 की तैयारी करना चाहते हैं। परीक्षा दो चरणों में ली जाएगी- सुबह 10 बजे तथा सायं 6 बजे। यह परीक्षा (खास तौर पर गेट 22 छात्रों के लिए) ऑनलाइन मोड में उपलब्ध होगी, जिसे परीक्षार्थी कहीं से भी देने में सक्षम हो सकेंगे।

परीक्षण में क्वांटिटेटिव एबिलिटी, डेटा इंटरप्रिटेशन और वर्बल एबिलिटी, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम पर बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। पूरी परीक्षा में लगभग एक घंटा लगने की उम्मीद है। प्रदर्शन के आधार पर, इस परीक्षा को लिखने वाले छात्र ऑनलाइन गेट 2022 पाठ्यक्रम पर 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र बन जाएंगे।

आवेदन कैसे करें : https://www.time4education.com/local/articlecms/page.php?id=4584 पर पंजीकरण कराएं ।

आवेदन की अंतिम तिथि : 50 प्रतिशत की सुनिश्चित छूट पर आनलाइन गेट 22 कोर्स के लिए 8 मार्च से 14 मार्च 2021 में पंजीकरण कराएं जबकि विशेष फीस केवल 14750 रूपए है।

प्लक्शा ने स्नातक छात्रों के लिए **भारती छात्रवृत्ति** की घोषणा की है। वित्तीय प्रतिबद्धता से परे जाने के उद्देश्य से भारती फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई, इस छात्रवृत्ति को विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के मेधावी छात्रों के लिए प्लक्शा में पूर्णकालिक स्नातक अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। छात्रवृत्ति का उद्देश्य महिलाओं को प्रौद्योगिकी में बढ़ावा देना है।

एक कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता प्राप्त उम्मीदवारों को वार्षिक आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

केसी महिंद्रा एजुकेशन ट्रस्ट मेधावी स्नातकों से विदेशों में पीजी अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। सफल आवेदक अधिकतम 4 लाख रुपये तक की ब्याज मुक्त ऋण छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। केसी महिंद्रा फैलो के रूप में पहचाने जाने वाले तीन विद्वानों को प्रति स्कॉलर 8 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

केसी महिंद्रा फैलो के रूप में पहचाने जाने वाले तीन विद्वानों को प्रति स्कॉलर 8 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी की डिग्री या समकक्ष योग्यता रखने वाला भारतीय नागरिक होना चाहिए। एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय या संस्थान में प्रवेश पा लिया हो या आवेदन कर रखा हो। कोर्स का कार्यक्रम अगस्त 2021 और फरवरी 2022 के बीच शुरू होना चाहिए। चयनित छात्रों को अंतिम साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जो जुलाई 2021 में आयोजित किया जाएगा।

आवेदन कैसे करें : वेबसाइट पर फार्म भरें : www.kcmet.org.

आवेदन की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2021।

भागीदारी के माध्यम गढ़ने का सही समय

विपुल अग्रवाल का कहना है कि यह मंच उन लोगों के लिए है जो पसंद से परे किसी योग्यता को सीखना चाहते हैं, जैसे कि कोई व्यक्ति किसी पाठयेत्तर गतिविधि को करेगा

यूनलो के बारे में बताएं ?

2020 में लॉकडाउन के दौरान इसे लॉन्च किया गया, यह एक सेलिब्रिटी सगाई मंच है जो प्रशंसकों या ब्रांडों को उनकी पसंद की हस्तियों तक पहुंचने में सक्षम बनाता है और संभवत: उनसे बातचीत करता है। इसमें सेलेब्रिटी शाउटआउट, ब्रांड एंडोर्समेंट्स, यूनलो क्लास और लाइव शो जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हैं। इन उत्पादों के साथ खेल, बॉलीवुड व संगीत जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 2000 से अधिक हस्तियां हैं। उपयोगकर्ता अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के लिए एक व्यक्तिगत वीडियो संदेश बुक कर सकते हैं। जबकि छोटे और मध्यम आकार के ब्रांड न्यूनतम मूल्य पर मशहूर हस्तियों का समर्थन पा सकते हैं।

यह विचार कैसे उभर कर आया ?

मेरा पिछला स्टार्ट-अप क्रिकविन था जो क्रिकेट प्रशंसकों को फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों से जोड़ता था। मैं समग्रता में इस उद्योग का बहुत शौकीन हूं और इन मंचों के पीछे का समूचा उद्देश्य जिज्ञासाओं का समाधान करना और सोशल मीडिया को अधिक लोकतांत्रिक बनाना है। मैं इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना चाहता था और प्रशंसकों को उनके पसंदीदा सिलेब्रिटीज के करीब लाना चाहता था। हम सचमुच सगाई के माध्यमों को गढ़कर प्रशंसकों और मशहूर हस्तियों के बीच की खाई को पाटने हेतु कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

इस मंच का उद्देश्य क्या है ?

इस मंच को बनाने का मकसद लोगों को यह बताना है कि वे जहां हैं वहां बने रहने हेतु अपने काम में कितनी मेहनत करते हैं। हम चाहते हैं कि प्रशंसक और दर्शक उनकी कड़ी मेहनत को जानें और उन्हें महत्व दें। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करना कि उपयोगकर्ता अप्रत्यक्ष संपर्कों के कारण भारी कीमतों का भुगतान करने के बजाय उचित मूल्य के बारे में जानते हैं।

विपुल अग्रवाल
को-फाउंडर, अनलू

यह मंच कैसे काम करता है ?

यह मंच सेवा मॉडल अनुसार भुगतान पर काम करता है। सेलिब्रिटी के प्रत्येक ऊंचे स्वर में बोले गए वीडियो संदेश के लिए एक सुनिश्चित राशि है जो प्रत्येक सेलिब्रिटी को दी जाती है और यूनलू कक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 499 रुपये की मामूली कीमत पर प्रत्येक सेलिब्रिटी का सबक खरीदना होगा।

इस मंच की आवश्यकता क्यों है ?

सोशल मीडिया एक प्रशंसक को मशहूर हस्तियों के साथ संवाद करने हेतु पूर्णतया सक्षम नहीं बनाता है और अधिकांश बार उनकी टिप्पणियों और संदेशों की अनदेखी हो जाती है। यह मुख्य रूप से प्रत्येक पोस्ट पर भारी संख्या में बातचीत के कारण होता है, किसी के लिए भी, इस पर नजर रखना काफी कठिन है।

आपने एक शिक्षक के रूप में शुरुआत की थी, फिर यह उद्यम क्यों ?

मैंने बतौर शिक्षक, अपनी शिक्षा को बनाए रखने व अपनी शिक्षा के लिए पर्याप्त धन कमाने के लिए अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। यद्यपि यह मेरे संघर्ष का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन शिक्षण मेरा जुनून या लक्ष्य कभी नहीं था, मैं हमेशा एक उद्यमी बनना चाहता था। लेकिन जीवन में मेरे पिछले जोखिमों ने मुझे विभिन्न प्रकार के लोगों से निपटने और टीम निर्माण कौशल में योगदान देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों का प्रबंधन करने के लिए आश्वस्त किया। इसके अलावा, इसने उद्यमी कौशल को बढ़ाने में मेरी मदद की।

क्या यह सिर्फ छात्रों के लिए है ?

इसकी विभिन्न सेवा सीधी है जो अंतिम यूजरों की विभिन्न श्रेणियों तक पहुंचती है। यह उन लोगों के लिए भी है जो इन हस्तियों की यात्रा और कहानियों को जानने व प्रेरणा की तलाश में रुचि रखते हैं। अंत में, यह मंच उन लोगों के लिए भी है जो सिर्फ अपनी पसंद से परे एक अतिरिक्त गतिविधि के रूप में इन योग्यताओं को सीखना चाहते हैं। बहुत सारी आश्चर्यजनक कहानियाँ होंगी जो आपको इन उनलू कक्षाओं से ही पता चल सकती हैं। अंत में, हर कोई जो सीखने की इच्छा रखता है और अंतत: अपने जीवन में कुछ बड़ा करना चाहता है, वह हमारे लक्षित दर्शकों का हिस्सा है।

माइंड इट

ज्ञान बांटने में वर्चुअल आयोजन की दक्षता देती रहेगी प्रगति को बढ़ावा

व्यवहारगत परिवर्तन, जिसे हमने 2020 में देखा है, लगता है, पिछले दशक के दौरान देखे गये बदलाव को पार कर गया है। पिछला वर्ष जो एक टेढ़ेमेढ़े घुमावदार रास्ते की सवारी थी और हमें 'नए सामान्य' से परिचित कराता था, वह इवेंट इंडस्ट्री के लिए किसी भी रूप में कमतर नहीं था। जिन कंपनियों ने संभावित आयोजनों में लाखों का निवेश किया है, उन्हें उन आयोजनों को स्थगित करने, रद्द करने आभासी या हाइब्रिड आयोजन को चुनने का महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ा।

हालांकि पूर्व-महामारी की दुनिया में आभासी घटनाओं का अपना स्थान रहा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि महामारी ने आभासी व हाइब्रिड घटनाओं की ओर बदलाव को गति प्रदान की है। आंकड़े कहते हैं कि एक विशेष मंच ने 52,000 से अधिक ऐसे आयोजनों व उप-आयोजनों की मेजबानी की, जो महामारी को प्रभावित करते हैं और बाजार के 71 फीसदी लोगों को उम्मीद है कि वर्चुअल आयोजन 2020 के बाद भी जारी रह सकते हैं। इस प्रकार, महामारी के बाद के युग में अधिक आभासी या हाइब्रिड आयोजनों पर विचार किया जाएगा। सुविधा, समय और धन खर्च पर निवेश की वापसी होगी। हालांकि, झुकाव हाइब्रिड आयोजनों की ओर होगा, जो यात्रा की आवश्यकता को समाप्त करते हुए ऑन-ग्राउंड आयोजन के आकर्षण और सूदूर भागीदारी के लाभ को साथ लेकर आएगा।

नीचे उल्लिखित कुछ अनुमान इस बात पर हैं कि आभासी घटनाओं का भविष्य कैसा दिखता है:

आयोजनों के परिणामों को अधिकतम हासिल करने के लिए वर्चुअल मंच की ओर अग्रसर होना: वर्चुअल आयोजन स्थायी मान्यता प्रदान करते हैं और दुनिया भर के दर्शकों के एक व्यापक दायरे को आकर्षित कर सकते हैं, जो अपने उत्पादों और सेवाओं का बाजार तलाशने वाले संगठनों और व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए एक स्थायी सकारात्मक अवसर बना रहेगा। महामारी ने लोगों को अपनी यात्रा योजनाएं रद्द करने व ऑनलाइन सत्र या आयोजनों के लिए साइन अप करने का मौका दिया है, जिससे कि वे अपने घर या कार्यालय से लाइव आयोजन देख सकें, समान विचार वाले लोगों व उद्योग के उस्तादों के साथ भागीदारी कर सकें व उनसे जुड़ सकें।

बैंठकें व संवाद केंद्रित आयोजन पहले से अधिक प्रभावशाली होंगे: प्रत्येक कार्यक्रम आयोजक अपने दर्शकों या प्रतिभागियों को जोड़े रखने के लिए यादगार, संवादात्मक और दिलचस्प बैठकें व आयोजन करने पर ध्यान केंद्रित करता है। हालांकि, जब आभासी घटनाओं की बात आती है तो कुछ संवाद आधारित सत्र और आपात चर्चाएं आपके प्रायोजक के हित को संतुष्ट करते हुए दर्शक-भागीदारी को बढ़ाने में मदद करेंगी। इसके पीछे मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभागी आयोजन को सक्रिय रूप से सुन सकें और संवाद कर सकें।

कंपनियां अब अपने तरकश में तीन तीर रख रही हैं-वैयक्तिक आयोजन, वर्चुअल आयोजन और या बैठकें। हालांकि, जो कंपनियां लागत के प्रति सजग और आपात-संवेदनशील हैं, वे दुनिया भर के भागीदारी के साथ पूर्णतया आभासी आयोजन करना जारी रखेंगी।

ज्ञान को बांटने में वर्चुअल आयोजन की दक्षता प्रगति को बढ़ावा देती रहेगी : वर्चुअल आयोजन दुनिया भर के अनेक इच्छुक प्रतिभागियों को समान विचारधारा वाले लोगों के समूह के साथ सार्थक मंच साझा करने की दृष्टि से एक साथ आने का एक कम लागत वाला माध्यम प्रदान करते हैं।

सहभागिता के अनेक स्तर: ग्राहकों की उम्मीदों को बदलने के लिए परिचालन के पुनर्निर्माण और डिजिटल प्रयासों को दुबारा शुरू करने वाली कंपनियों के साथ, महामारी के बाद की दुनिया में सम्मेलनों में तीन स्तर की भागीदारी होगी - विशेष व्यक्ति, रीयल टाइम वर्चुअल, और ऑन-डिमांड वर्चुअल सहायता। जो बातचीत और अंतदृष्टि की एक अग्रगामी सोच प्रदान करने में कंपनियां की सहायता करती है।

विविधता को अपनाना : 2020 में विविधता एक प्रमुख विषय था और 2021 में इस पर काफी ध्यान दिया जाएगा। दुनिया भर के प्रतिभागियों व दर्शकों के साथ, उनकी विशिष्टता को अपनाने का सबसे अच्छा तरीका है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करना। वर्चुअल आयोजन प्रत्यक्ष बाधाओं को दूर करते हैं और कहीं से भी लोगों को उन आयोजनों में भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं जो उनकी रुचि के हैं और जो विचारों को निर्मित करने, जोड़ने व उन्हें साझा करने के लिए सही मंच प्राप्त करते हैं। वर्चुअल मंचों को नयी सहजता के अंग के रूप में अपनाने के अलावा, विक्रेताओं और उद्यमियों ने उन्हें आयोजनों के हिस्से के रूप में अपनाया है।

ललित मंगल
- लेखक, ललित मंगल, एयरमीट के सीईओ-सह-संस्थापक हैं।